Weather Report
अधिकतम तापमान: 32.0c
न्यूनतम तापमान: 21.0c
हवा गति: 11 कि./घं.
जयपुर सूर्योदय समय
सुबह: 6.06

दैनिक
# संजीवनी टुडे
sanjeevnitoday.com
समय के साथ बढ़ता अखबार

वर्ष: 10 अंक: 351 जयपुर, शुक्रवार, 24 मई 2024 पृष्ठ:8 मूल्य: ` 1.50




### हरियाणा में बोले पीएम मोदी-कांग्रेस राम को हटाना चाहती है: कहा

# आरक्षण छीन मुसलमानों को देगी, बंसीलाल से मेरी बहुत नजदीकी थी

■ संजीवनी टुडे

महेंद्रगढ़। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को हरियाणा के महेंद्रगढ़ पहुंचे। यहां उन्होंने चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर खुलकर हमला बोला। घ्ख्र मोदी ने कहा- कांग्रेस पूरे देश से राम के नाम को हटाना चाहती है। दलित, पिछड़ों और ओबीसी का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को देना चाहती है, लेकिन जब तक मोदी है तब तक ऐसा नहीं होने दूंगा। इसके साथ ही पीएम ने भिवानी-महेंद्रगढ़ सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी बंसीलाल का नाम लेकर उनके समर्थकों को भी साधने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि हमने चौधरी बंसीलाल के साथ मिलकर सरकार चलाई। वो हरियाणा के विकास के लिए कटिबद्ध थे। बंसीलाल से मेरी बहुत निकटता थी। उनके पास अनुभव की इतनी बातें हुआ करती थी कि कभी-कभी रात 1-1 बजे तक बातें करते थे। वो मुझे बहुत प्यार करते थे। सब महापुरुषों से प्रेरणा लेकर ये मेरी गारंटी है कि हरियाणा का विकास नहीं रूकने देंगे। रैली में मुख्यमंत्री नायब सैनी, केंद्रीय राज्यमंत्री व गुरुग्राम से बीजेपी कैंडिडेट राव इंद्रजीत सिंह, बीजेपी कैंडिडेट चौधरी धर्मबीर सिंह, कुलदीप बिश्नोई, कृषि मंत्री जेपी दलाल, पूर्व सांसद सुधा यादव के अलावा अन्य सीनियर नेता मौजूद रहे। पीएम मोदी की हरियाणा में यह तीसरी रैली थी।



### मोदी बोले- मैं भी हरियाणा वाला हूं

उन्होंने कहा कि पुराने सारे रिकॉर्ड तोड़कर ज्यादा से ज्यादा मतदान कराना है। मेरा एक पर्सनल काम है। मैं भी तो हरियाणा वाला हूं। पहले तो मैं यहां गांव-गांव जाता था। हर इलाके में गया हूं। हजारों परिवारों में गया हूं। अब समय नहीं की जा पाऊं। एक मदद चाहिए आपकी। एक काम करना। यहां से जाने के बाद ज्यादा ज्यादा परिवारों में जाना और हर परिवार के लोगों को कहना मोदी जी आए थे और मोदी ने आपको राम-राम कहा है। मेरा राम-राम पहुंचा तो मेरी तसल्ली हो जाएगी। इससे पहले वह अंबाला और सोनीपत में रैली कर पार्टी कैंडिडेट्स के लिए वोट देने की अपील कर चुके हैं। हमारी सरकार 14 फसलों को एमएसपी पर खरीद रही है। यहां बाजरे की खेती है, जो बाजरा पैदा करता है, यहां जब भी आया तो बाजरे की खिचड़ी भी बहुत खाई। मजा जब है जब आधी खिचड़ी और आधा घी हो। आपके बाजरे अन्न के प्रचार की जिम्मेदारी खुद मोदी ने ले रखी है। जितना मोटा अनाज है, उसका नाम दे दिया श्री अन्न।

### बंसीलाल से मेरी बहुत निकटता थी: पीएम

उन्होंने कहा कि हमने चौधरी बंसीलाल के साथ मिलकर सरकार चलाई। वो हरियाणा के विकास के लिए कटिबद्ध थे। बंसीलाल से मेरी बहुत निकटता थी। उनके पास अनुभव की इतनी बातें हुआ करती थी।बंसीलाल से मेरी बहुत निकटता थी। कभी-कभी रात 1-1 बजे तक बातें करते थे। वो मुझे बहुत प्यार करते थे। सब महापुरूषों से प्रेरणा लेकर ये मेरी गारंटी है कि हरियाणा का विकास नहीं रूकने देंगे। इसलिए 25 मई को भिवानी-महेंद्रगढ़ से चौधरी धर्मबीर सिंह और गुरुग्राम से राव इंद्रजीत सिंह मेरे इन दोनों साथियों को भारी बहुमत से विजय बनाएं और आप जो कमल के निशान पर वोट देंगे ना वो सीधे मोदी के खाते में जाएगा। पीएम ने कहा कि दुनिया की सब ताकतों को जी-20 में बाजरा खिलाया और उन्हें कहा कि ये सुपर फूड है। वाइट हाउस में उस दिन काफी लोगों को खाने पर बुलाया था और उन्होंने सबको बाजरा खिलाया। इससे क्या मोदी का प्रचार हुआ क्या। इससे प्रचार हुआ हरियाणा का और हरियाणा के किसानों और हरियाणा के बाजरे का हुआ। उन्होंने कहा कि आपके हर सपने पूरे होंगे। क्योंकि आपका सपना ये मोदी का संकल्प है। साथियों कांग्रेस के विश्वासघात का भुक्तभोगी तो हरियाणा का किसान भी रहा है। यहां उन्होंने किसानों के लिए सिंचाई के पानी तक का इंतजाम नहीं किया। हम नहरों को जोड़कर यहां तक पानी पहुंचा रहे हैं।

### ठाणे की केमिकल फैक्ट्री में बॉयलर फटा, 8 की मौत

# 60 घायल; धमाके 3 किमी दूर तक सुनाई दिए; सरकार 5 लाख मुआवजा देगी

■ संजीवनी टुडे

मुंबई। महाराष्ट्र के ठाणे जिले के डोंबिवली में गुरुवार दोपहर 1.40 बजे एक केमिकल फैक्ट्री में बॉयलर फटने से आग लग गई। हादसे में 8 की मौत हो गई और 60 से ज्यादा लोग घायल हो गए। मरने वालों में 6 पुरुष और 2 महिलाएं शामिल हैं। लेकिन उनके शव इतने जल गए कि उन्हें पहचाना नहीं जा सका। यह फैक्ट्री महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम यानी फ़ेज -2 के कैंपस में स्थित है। स्थानीय लोगों ने बताया कि छोटे-छोटे लगातार तीन धमाके हुए। ये इतने तेज थे कि लगभग 3 किमी तक सुनाई दिए। आसपास की इमारतों के शीशों में दरारें आ गईं। वहीं, विस्फोट की वजह से आसपास के कई घर क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे की वजह अभी साफ नहीं हो पाई है। राज्य के इंडस्ट्रीज मिनिस्टर उदय सामंत के मुताबिक, यह फैक्ट्री बंद थी। मरने वालों में ज्यादातर लोग पास की फैक्ट्री के हैं। हादसे के वक्त वे उसमें काम कर रहे थे। राज्य उद्योग और श्रम विभाग ने एक बयान जारी कर कहा कि कारखाने में बॉयलर इंडियन बॉयलर एक्ट 1950 के तहत रजिस्टर्ड नहीं था। उधर, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि केमिकल फैक्ट्री के आसपास की फैक्ट्रियों में कुछ और लोगों के फंसे होने की आशंका है। हमारी प्राथमिकता उन लोगों




को बचाना है। महाराष्ट्र सरकार ने हादसे में जान गंवाने वालों के लिए 5 लाख के मुआवजे की घोषणा की है। वहीं, घायलों के इलाज की जिम्मेदारी ली है। सोशल मीडिया पर लोगों ने तस्वीर शेयर करके बताया कि उनके घरों की खिड़कियों के शीशे टूट गए। कंपनी के पास स्थित घर को नुकसान पहुंचा। कांच की खिड़कियां टूट गईं। फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियों ने मिलकर आग पर काबू पाया। हादसे में 60 लोग घायल हुए, सभी का अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है। डोंबिवली आग की घटना पर महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने ट्वीट किया। उन्होंने कहा कि डोंबिवली की केमिकल कंपनी में बॉयलर विस्फोट की घटना दुखद है। मामले में 8 लोगों को निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने आगे कहा कि घायलों के इलाज की व्यवस्था की गई। कई एम्बुलेंस तैयार रखी गईं।

### एससी में बूथ वाइज वोटिंग डेटा की याचिका पर सुनवाई

# ईसी कह चुकी- इससे वोटर्स भ्रमित होंगे, फॉर्म 17सी केवल पोलिंग एजेंट के लिए

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की वेकेशन बेंच शुक्रवार (24 मई) को इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया वेबसाइट पर फॉर्म 17सी डेटा अपलोड करने और बूथ वाइज वोटिंग डेटा अपलोड करने की मांग वाली इक्ट की याचिका पर सुनवाई करेगी। एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने मांग की है कि मतदान के 48 घंटे के भीतर चुनाव आयोग वोटिंग प्रतिशत का डेटा बूथ वाइज अपनी वेबसाइट पर अपलोड करे। 22 मई को हुई सुनवाई में आयोग ने एनजीओ की मांग का विरोध किया था। ट्टए में दाखिल एफिडेविट में कहा था कि फॉर्म 17सी (हर मतदान केंद्र पर डाले गए वोटों का रिकॉर्ड) के आधार पर वोटिंग डेटा का खुलासा करने से मतदाताओं के बीच भ्रम पैदा होगा, क्योंकि इसमें बैलेट पेपर की गिनती भी शामिल होगी। ऐसा कोई कानून नहीं है, जिसके आधार पर सभी मतदान केंद्रों का फाइनल वोटिंग डेटा जारी करने के लिए कहा जा सके। फॉर्म 17सी केवल पोलिंग एजेंट को दे सकते हैं। इसे किसी अन्य व्यक्ति या संस्था को देने की अनुमति नहीं है।' फॉर्म 17सी वह प्रमाण पत्र है, जिसे पीठासीन अधिकारी सभी प्रत्याशियों को प्रमाणित करके देता है। आयोग ने कहा था कि कई बार जीत-हार का अंतर



नजदीकी होता है। आम वोटर फॉर्म 17सी के अनुसार बूथ पर पड़े कुल वोटों और बैलेट पेपर को आसानी से नहीं समझ सकते। ऐसे में इसका इस्तेमाल गलत तरीके से चुनावी प्रक्रिया पर कलंक लगाने के लिए किया जा सकता है, जिससे मौजूदा चुनाव में अव्यवस्था फैल सकती है।' सुप्रीम कोर्ट ने 17 मई को एनजीओ की याचिका पर सुनवाई करते हुए चुनाव आयोग से एक हफ्ते में जवाब मांगा था। बुधवार (22 मई) को आयोग ने कहा, 'चुनाव प्रक्रिया को लेकर भ्रामक दावों और निराधार आरोपों से संदेह पैदा करने का अभियान चल रहा है। इसे समझना होगा। सच सामने आने तक नुकसान हो चुका होगा। इक्ट कानूनी अधिकार का दावा कर रहा है लेकिन ऐसा कानून है ही नहीं।' लोकसभा चुनाव में तीसरे चरण में 7 मई को वोटिंग है। एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की रिपोर्ट के मुताबिक, इस फ़ेज के 244 उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### चुनाव आयोग पर वोटिंग पर्सेंट देर से जारी करने का आरोप

दरअसल, एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका लगाई है। इसमें वोटिंग के 48 घंटे के भीतर सभी बूथ का फाइनल डेटा आयोग के वेबसाइट पर जारी करने की मांग की गई है। एनजीओ ने चुनाव आयोग पर लोकसभा चुनाव के पहले दो चरणों में वोटिंग पर्सेंट जारी करने में देरी का आरोप लगाया। याचिका में कहा गया कि पहले तो डेटा जारी करने में देरी हुई। इसके बाद शुरुआती डेटा के मुकाबले फाइनल डेटा में वोटिंग पर्सेंट काफी बढ़ गया। याचिका के मुताबिक, चुनाव आयोग ने 19 अप्रैल को पहले चरण के मतदान के 11 दिन बाद और 26 अप्रैल को दूसरे चरण के मतदान के चार दिन बाद 30 अप्रैल को फाइनल वोटिंग पर्सेंट जारी किया था। इसमें वोटिंग के दिन जारी शुरुआती आंकड़े के मुकाबले वोटिंग पर्सेंट लगभग 5-6 प्रतिशत ज्यादा था। इनमें से 5 पर मर्डर तो 24 पर हत्या की कोशिश का केस दर्ज है।

### राजस्थान में 48.8 डिग्री सेल्सियस टेम्परेचर, 8 की मौत

# अहमदाबाद-गांधीनगर में 2 दिन रेड अलर्ट, केरल में भारी बारिश से 4 की मौत

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। उत्तर भारत भीषण गर्मी की चपेट में है। गुरुवार (22 मई) को देश में सबसे गर्म शहर राजस्थान का बाड़मेर रहा। यहां अधिकतम तापमान 48.8ल सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। प्रदेश में हीट वेव से 8 लोगों की मौत हो गई। जैसलमेर से सटी भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर टेम्परेचर 53 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। बीएसएफ ने इसका वीडियो भी शेयर किया। राजस्थान में आने वाले दिनों में तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। अहमदाबाद और गांधीनगर में आज और कल (23-24 मई) के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक, रात 10 बजे भी टेम्परेचर 40 डिग्री रहेगा। वहीं, केरल में भारी बारिश के चलते 4 लोगों की मौत हो गई। मौसम विभाग ने 9 जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट (24 घंटे में 11 से 20 सेमी बारिश) जारी किया है। मौसम विभाग ने राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में चार दिन के लिए हीट वेव का रेड अलर्ट जारी किया। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, दिल्ली और महाराष्ट्र में भी लू का अलर्ट है। बुधवार को कश्मीर में भी सीजन की पहली हीटवेव चली थी।



### गोवा में बिजली गिरने से 6 फ्लाइट्स डायवर्ट

गोवा में बुधवार को बिजली गिरने के कारण मनोहर इंटरनेशनल एयरपोर्ट की रनवे की लाइट खराब हो गई। इससे 6 फ्लाइट्स को डायवर्ट करना पड़ा। एयरपोर्ट के प्रवक्ता ने कहा- बुधवार शाम करीब 5 बजे बिजली गिरी थी। रनवे की लाइट्स 8 बजे तक ठीक कर ली गईं। ऐसी प्राकृतिक आपदा हमारे कंट्रोल में नहीं रहतीं। पैसेंजर्स को हुई असुविधा के लिए हमें खेद है। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश छोड़कर हीटवेव के अलर्ट वाले राज्यों के 50 से ज्यादा शहरों में लगातार आठवें दिन तापमान 43 डिग्री से ज्यादा दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने कहा है कि राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश में आने वाले 5 दिनों तक तापमान 44 डिग्री के पार ही बना रहेगा। वहीं, पंजाब, दिल्ली, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, ओडिशा, तेलंगाना में तापमान 40 से 44 डिग्री के बीच रहेगा। उधर, दक्षिण भारत के राज्यों में गर्मी से राहत देखने को मिल रही है। यहां बारिश का दौर चल रहा है। केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु में आज भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। वहीं, नॉर्थ-ईस्ट के राज्यों में भी आज बारिश का अलर्ट है। उत्तर प्रदेश और राजस्थान में रात में तेज गर्मी का अनुमान है। दिल्ली और पंजाब में हीटवेव चलेगी।

### हरियाणा में वोटिंग के दिन गर्मी का रेड अलर्ट

# ऐप से मतदान केंद्रों पर भीड़ का पता चलेगा, ठंडे पानी की व्यवस्था होगी, पंखे-कूलर लगेंगे

■ संजीवनी टुडे

चंडीगढ़। हरियाणा में भीषण गर्मी ने वोटरों के सामने बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। पिछले 5 दिनों से प्रदेश में पारा 44 से 48 डिग्री के बीच बना हुआ है। मौसम विभाग ने मतदान वाले दिन 25 मई को भी लू का रेड अलर्ट जारी किया है। यानी शनिवार को अधिकतम तापमान 44 से 47 डिग्री के बीच रहने का अनुमान है। सबसे चिंताजनक बात यह भी है कि वोटिंग वाले दिन ही 'नौतपा' शुरू हो रहा है। इस दौरान आसमान से बरसती आग के साथ 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गर्म हवाएं भी चलेंगी। ऐसे में मतदाताओं को गर्मी की अग्निपरीक्षा से गुजर कर हरियाणा में रिकॉर्ड मतदान का लक्ष्य पूरा करना होगा। हरियाणा में 2019 के चुनाव में 70 फीसदी से ज्यादा मतदान हुआ था। इस बार मतदान का लक्ष्य 75 फीसदी रखा गया है। हालांकि मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय ने गर्मी से निपटने के लिए कई दिशा-निर्देश जारी किए हैं। हरियाणा के सभी पोलिंग बूथ पर शेड लगाने के साथ ठंडे पानी की व्यवस्था, ग्ट्ट घोल, पैरामेडिकल स्टाफ और एंबुलेंस की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। आयोग की ओर से गर्मी के बचाव के लिए एक एडवाइजरी भी जारी की गई है, जिसमें कहा गया है कि गर्मी को देखते हुए सुबह और शाम को वोटरों की ज्यादा भीड़ रहेगी, इसको लेकर पूरी व्यवस्था की जाए। वोटरों से यह भी कहा गया है कि वोट डालने वाले घर से ही पर्याप्त पानी पीकर निकलें। बच्चे व पालतू पशुओं को पार्किंग में खड़ी गाड़ी में न छोड़ने जैसे हिदायत भी दी गई है। हरियाणा में वोटिंग के दौरान लोगों को हीट वेव से बचाने के लिए टेंट, पंखे, पीने का पानी के अलावा 'क्यू मैनेजमेंट ऐप' भी एक्टिव किया गया है। इस ऐप के जरिए बूथ केंद्रों पर तैनात बूथ लेवल ऑफिसर (उख्र) जानकारी देगा कि मतदान के लिए केंद्र पर कितने लोग लाइन में लगे हैं, ताकि एक समय में बहुत अधिक भीड़ मतदान केंद्र पर न हो और मतदाता को अपना वोट डालने के लिए लंबा इंतजार न करना पड़े।

### सेक्स स्कैंडल में फंसे प्रज्वल को देवगौड़ा की चेतावनी

# भारत लौटो और जांच का सामना करो, परिवार की नहीं सुनोगे तो हम तुम्हें छोड़ देंगे

■ संजीवनी टुडे

बेंगलुरु। पूर्व पीएम और जेडीएस प्रमुख एचडी देवगौड़ा ने गुरुवार 23 मई को अपने पोते और सेक्स स्कैंडल में आरोपी प्रज्वल रेवन्ना को चेतावनी दी कि वे भारत लौट आएं और जांच का सामना करें। उन्होंने यह दावा भी किया कि इस मामले की जांच में उनके और उनके परिवार की तरफ से कोई दखलंदाजी नहीं की जाएगी। देवगौड़ा ने ये भी कहा कि अगर उनके पोते को दोषी पाया जाता है तो उसे सख्त से सख्त सजा दी जाए। इस मौके पर मैं सिर्फ एक चीज कर सकता हूं कि प्रज्वल को सख्त चेतावनी देकर वापस आने के लिए और पुलिस को सरेंडर करने के लिए कहूं। उसे खुद को कानूनी प्रक्रिया के हवाले कर देना चाहिए। देवगौड़ा ने कहा कि मैं प्रज्वल से रिक्वेस्ट नहीं, बल्कि उसे चेतावनी दे रहा हूं। अगर वह इस चेतावनी को नहीं मानता तो उसे मेरा और पूरे परिवार का गुस्सा झेलना पड़ेगा। उसके खिलाफ लगे आरोपों को तो कानून देखेगा, लेकिन अगर वह परिवार की बात नहीं सुनेगा तो हम उसे अकेला छोड़ देंगे। अगर मेरे लिए उसके मन में थोड़ी भी इज्जत बाकी है तो उसे तुरंत लौट आना चाहिए। मैं यह भी साफ कर देना चाहता हूं कि इस मामले में पुलिस की जांच में मेरे या मेरे परिवार की तरफ से कोई दखलंदाजी नहीं की जाएगी।

### 'मेरे और मेरे परिवार के खिलाफ खराब बातें बोलने वालों से बहस नहीं करना चाहता'

देवगौड़ा ने कहा कि प्रज्वल ने मुझे और मेरे परिवार, मेरे साथियों, दोस्तों और पार्टी कार्यकर्ताओं को जो तकलीफ और शॉक दिया, उससे बाहर आने में काफी समय लगा। मैं पहले भी कह चुका हूं कि अगर वह दोषी पाया जाता है तो उसे सख्त से सख्त सजा देनी चाहिए। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा, मुझे पता है कि इस मामले को लेकर पिछले कुछ दिनों में लोगों ने उनके और उनके परिवार के खिलाफ कई



खराब बातें बोलीं। इन लोगों को मैं रोकना नहीं चाहता। न उनकी बुराई करना चाहता हूं और न ये कहना चाहता हूं कि उन्हें सभी तथ्य सामने आने का इंतजार करना चाहिए था। मैं लोगों को यह यकीन भी नहीं दिला सकता कि मुझे प्रज्वल की गतिविधियों के बारे में पता नहीं था और मेरे मन में उसका बचाव करने की इच्छा नहीं है। मुझे उसकी फॉरेन ट्रिप के बारे में भी नहीं पता था। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दूसरी बार लेटर लिखा है। एख्र सिद्धारमैया ने महिलाओं से यौन शोषण के आरोपी हासन सांसद प्रज्वल रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट तुरंत रद्द करने की मांग की है। सिद्धारमैया ने कहा कि मामला गंभीर होने के बावजूद पिछले लेटर पर कार्रवाई न करना निराश करने वाला है। इसे लेकर मेरे मन में कोई भावना नहीं है। मैं सिर्फ उन लोगों को न्याय दिलाने के बारे में सोच रहा हूं, जिन्हें प्रज्वल के कारनामों की वजह से तकलीफ हुई।

### पुणे पोर्श केस: आरोपी के दादा का दावा

# कार फैमिली ड्राइवर चला रहा था, पुलिस ने विशाल अग्रवाल का फोन जब्त किया

■ संजीवनी टुडे

पुणे। पुणे पोर्श केस के आरोपी नाबालिग के दादा सुरेंद्र अग्रवाल ने दावा किया है कि घटना के वक्त कार उनका फैमिली ड्राइवर चला रहा था। नाबालिग के दोस्तों ने भी ड्राइवर की बात कही है। पुलिस की पूछताछ में ड्राइवर ने भी अपने पहले बयान में गाड़ी चलाने की बात स्वीकार की है। वहीं, पुलिस की गिरफ्त में मौजूद आरोपी के पिता विशाल अग्रवाल ने भी पुलिस को कहा था कि गाड़ी उसका बेटा नहीं बल्कि हमारा फैमिली ड्राइवर चला रहा था। वहीं, पुलिस ने विशाल का फोन जब्त किया है। विशाल की कॉल डिटेल और अन्य जानकारी निकालने की कोशिश कर रही है। दूसरी तरफ पुणे के क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय आरोपी नाबालिग को 25 साल की उम्र के पहले लाइसेंस जारी नहीं करेगा। वहीं, आरटीओ ने पोर्श कार टेंपरेरी रजिस्ट्रेशन 12 महीने के लिए रद्द कर दिया है। जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड ने 75 हजार रुपए के बॉन्ड और सड़क सुरक्षा पर 300 शब्दों का निबंध लिखने की सजा सुनाते हुए नाबालिग आरोपी को जमानत दे दी थी। देशभर में इस फैसले का विरोध हुआ। पुणे में लोगों ने हड़ताल की तो महाराष्ट्र सरकार ने बोर्ड से फैसले पर फिर विचार करने को कहा। बुधवार (22 मई) को बोर्ड ने आरोपी को पूछताछ के लिए फिर बुलाया। यहां पुलिस ने बताया कि अपराध क्रूर तरीके से किया गया। आरोपी 17 साल 8 महीने का है। वह महंगी कार चलाता है। शराब पीता है और उसका व्यवहार बालिग जैसा है। इसलिए इसे भी संज्ञान में लिया जाए। इसके बाद बोर्ड ने जमानत का फैसला रद्द कर आरोपी को 5 जून तक के लिए किशोर सुधार गृह भेज दिया। येरवड़ा थाना पुलिस पर आरोप लगाए गए थे कि घटना के बाद आरोपी को थाने में पिज्जा-बर्गर खाने को दिया गया था। पुलिस अब इसकी भी जांच करेगी। असिस्टेंट पुलिस कमिश्नर अश्विनी राख येरवड़ा पुलिस स्टेशन के अधिकारियों और कर्मचारियों से पूछताछ करेंगे।

### मिजोरम में घुसे मणिपुर से भगाए गए 5 हजार म्यांमारी

# चिन-कुकी लोगों का 7-8 गांवों में अवैध कब्जा, रिश्तेदारों के घर जाकर छिपे

■ संजीवनी टुडे

आईजोल। मणिपुर से निकाले जा रहे म्यांमार के चिन-कुकी लोग मिजोरम में अवैध रूप से घुस रहे हैं। बीते एक हफ्ते में ऐसे करीब 5 हजार घुसपैठिए जंगल के रास्ते मिजोरम में आ चुके हैं। इन्होंने चम्फाई जिले के खुआगंफाह और वाइखाव्लांग जैसे सीमाई गांवों में अपने ठिकाने बनाए हैं। चम्फाई के उपायुक्त जेम्स ललिन्छाना ने दैनिक भास्कर को बताया कि ये म्यांमारी 17 मई से घुसपैठ कर रहे हैं। चम्फाई में इनकी संख्या 16 हजार से ज्यादा हो चुकी है। 7 से 8 गांवों में इनके अवैध कब्जे हैं। ज्यादातर घुसपैठियों ने भारत-म्यांमार इंटरनेशनल बॉर्डर के पास खुआंगफा और वैखावत्लांग इलाके में अपने रिश्तेदारों के यहां शरण ली है। उन्होंने आगे कहा कि ये लोग खुद को म्यांमार में चल रहे सैन्य संघर्ष के पीड़ित बताते हैं, लेकिन इनमें ज्यादातर वे हैं, जिन्हें मणिपुर सरकार ने हाल ही में बाहर निकाला है। अधिकारियों का मानना है कि उनके देश (म्यांमार) में उनकी जान को खतरा था। इसलिए ये लोग यहां आए हैं। हम उनकी गतिविधि से अवगत हैं।

### बॉर्डर पर सख्ती, असम राइफल्स की अतिरिक्त तैनाती



बता दें कि मिजोरम से सटा म्यांमार बॉर्डर खुला हुआ है। मिजोरम के छह जिले, चम्फाई, सियाहा, लॉन्टलाई, हनाहथियाल, सेरछिप और सैतुअल म्यांमार के साथ बॉर्डर शेयर करते हैं। यहां 11 जिलों में बीते 3 साल में 35 हजार से ज्यादा म्यांमारी अवैध रूप से रह रहे हैं। आईजोल स्थित सचिवालय सूत्रों ने बताया कि घुसपैठियों में करीब 1300 बांग्लादेशी भी हैं, जिन्होंने लांग्तलाई जिले में शरण ली है। म्यांमार के घुसपैठियों की हरकतों के चलते बॉर्डर पर असम राइफल्स की अतिरिक्त तैनाती की गई है। उनके मोबाइल व्हीकल चेकपोस्ट भी बढ़ा दिए हैं। दोनों देशों को बांटने वाली तियाऊ नदी पर भी अतिरिक्त बल तैनात है, लेकिन म्यांमारियों ने जंगल के रास्ते घुसपैठ करनी शुरू की है। मणिपुर हिंसा के वक्त सैकड़ों चिन-कुकी मिजोरम आ गए थे। बॉर्डर खुले होने के कारण मिजोरम-म्यांमार के परिवारों में रिश्तेदारी है। इसलिए वे बेरोकटोक आ जाते हैं। फरवरी में ऐसे ही करीब 1100 चिन-कुकी लोगों को सुरक्षा बलों ने हेलिकॉप्टर से म्यांमार वापस भेजा था।

## खबरें फटाफट

### राजगढ़ रेलवे स्टेशन पर उपखंड अधिकारी ने किया प्याऊ का उद्घाटन



■ संजीवनी टुडे

राजगढ़। उपखण्ड अधिकारी सुश्री सीमा खेतान और डीएसपी सुश्री मनीषा मीणा के कर कमलों से गुरूवार को राष्ट्रीय जन सेवा टीम के द्वारा राजगढ़ रेलवे स्टेशन पर जल सेवा प्याऊ का उद्घाटन किया गया। नेमी नीमला ने बताया कि राजगढ़ उपखंड अधिकारी सुश्री सीमा खेतान ने बताया की गर्मी मे ट्रेन में आने जाने वालों को बहुत परेशानी होती है उन्होंने ये भी बताया की राष्ट्रीय जन सेवा टीम बहुत नेक कार्य कर जैसे की पक्षियों के पानी के परिंदे ,वाटर कूलर ,मटका प्याऊ व गायों के लिए पानी की व्यवस्था व ओर भी जन सेवा के बहुत कार्य कर रही । टीम के साथी रामसिंह बड़ला, हांसराज कंदोली,सुरेंद्र सेकेट्री, राजेंद्र, भजन, विक्रम सैनी,सुरेश कुण्डरोली, हजारी लाल अनावड़ा,धर्मसिंह इंदपुरा,आदि लोग मौजूद थे।

### शत प्रतिशत रहा शिव शिक्षा सदन उच्च माध्यमिक विद्यालय रानोली का परीक्षा परिणाम



■ संजीवनी टुडे

टोंक। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में स्थानीय विद्यालय शिव शिक्षा सदन में विज्ञान संकाय में संगीता सैनी ने 88% ममता गुर्जर ने 84.40% प्राप्त किए तथा कला वर्ग में ललित यादव ने 85.40% निशा यादव ने 80.40% अंक प्राप्त किए प्रबंध निदेशक कुलदीप यादव, निदेशिका महोदया गीता यादव, प्रधानाचार्य मांगीलाल गुर्जर ने सभी विद्यार्थियों को तिलक लगाकर मेडल पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान गणेश यादव, किशन चौधरी, लोकेश कुमार जांगिड़ सहित कहीं शिक्षक व अभिभावक मौजूद थे।

### कृषि अधिकारियों ने लिए बीज एवं कीटनाशी रसायन के नमूने



■ संजीवनी टुडे

राजगढ़ (अलवर)। कृषि विभाग द्वारा 30 जून तक चलाए जा रहे गुण नियंत्राण अभियान के तहत खरीफ सीजन में किसानों को गुणवत्ता युक्त बीज, खाद एवं कीटनाशी रसायनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए राजगढ़ के आदान विक्रेताओं की दुकानों का निरीक्षण कर बीज एवं उर्वरक के नमूने लिए। सहायक निदेशक कृषि विस्तार राजगढ विश्राम मीणा ने बताया कि आदान विक्रेताओं को किसानों को उचित दर पर गुणवत्ता युक्त बीज, खाद एवं कीटनाशी रसायनों को उपलब्ध करवाने एवं विक्रय किए गए आदान का कृषक को प्रमाणित बिल देने हेतु पाबंद किया। उन्होंने बताया कि अनियमितता करने वाले आदान विक्रेताओं के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इस दौरान सहायक निदेशक कृषि विस्तार राजगढ गोकरण मीणा एवं कृषि अधिकारी (पौध संरक्षण) बृजेंद्र कुमार गोयल मौजूद रहे।

### गहरे कुएं से गाय के बछड़े को सुरक्षित निकाला



■ संजीवनी टुडे

राजगढ़(अलवर)। नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 21 बंकट की कोठी में गुरुवार को एक गाय का बछड़ा कुएं में गिर गया। मोहल्ले वासियों द्वारा दी गई सूचना के आधार पर नगर पालिका प्रशासन की ओर से 2 घंटे की भारी मशक्कत के बाद सोनू कोली के द्वारा कुएं में उतरकर बछड़े को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। नगर पालिका अध्यक्ष सतीश दुहारिया ने बताया कि वार्ड नंबर 21 से मोहल्ले वासियों के द्वारा सूचना दी गई की कुएं में गाय का बछड़ा गिर गया है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए तुरंत सोनू कोली, नगर पालिका स्वास्थ्य निरीक्षक ऋतिक और उसकी टीम को भेज कर 2 घंटे की मशक्कत के बाद बछड़े को सकुशल बाहर निकाल लिया गया।

# पेयजल आपूर्ति को ठीक करवाए जाने की मांग को लेकर महिलाओं ने लगाया जाम

■ संजीवनी टुडे



खोह दरीबा(राजगढ़)। टहला तहसील के ग्राम पंचायत खोह दरीबा मे नलों मे दो दिन से पीने का पानी नहीं आने तथा अव्यवस्थित जल आपूर्ति के चलते आधे ग्रामवासियों को पानी नहीं मिलने से महिलाओं ने सुबह करीब साढ़े छः बजे टहला-दौसा सड़क मार्ग पर एकत्रित होकर पानी की मांग करती रही जिससे टहला,राजगढ़,तथा गोलाकाबास, दौसा, जयपुर आंधी,जाने वाली रोडवेज बसों के साथ अन्य निजी चौपहिया व दुपहिया वाहनों का जमावड़ा हो गया। सड़क पर जाम लगने कि सूचना पर टहला तहसीलदार दुष्यंत शर्मा टहला पुलिस सहित पंहुचे ओर महिलाओं को पानी की समस्या समाधान करने का आश्वासन दिया ओर ग्रामीण महिलाओं की समस्या पर राजगढ़ पीएचडी के सहायक अभियंता नवीन कुमार को मौक़ेपर बुलाकर समस्या सुनी। ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि घर के बड़े बूढ़े पुरुष को तो दोनों वक़्त खाना चाहिए परन्तु पानी के बिना खाना, कपडे धोने एवं पीने का काम कैसे हो जिसमे हम महिलाओं को दूर दराज जंहा किसी के घर पानी उपलब्ध होता है वंहा से पानी लाकर व्यवस्था करनी पडती है महिलाओं के इस दुख को प्रशासन व अधिकारी सब जानते है फिर भी आँख मुंदे रहते है। ग्रामीण दीपक गुप्ता,अजर खाँ,नवरत्न कोली,पवन मिश्रा,रामेश्वर,नानग राम आदि ने बताया कि आधे गांव मे पानी की लम्बे समय से आपूर्ति नहीं हो रही पुरानी व जल जीवन मिशन मे से किसी भी योजना का लाभ नहीं मिल रहा ओर राइजनिंग लाइन मे कई अवैध कनेक्शन लगे हुए है ओर पंप कर्मी भी पानी का संचालन व्यवस्थित नहीं करता इन समस्याओं को कई बार सम्बंधित अधिकारीयों को अवगत करवाया जा चूका है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। ग्रामीणों की समस्या सुनकर तहसीलदार दुष्यंत शर्मा ने आगामी चार दिन मे पूरे गांव मे सभी को पेयजल उपलब्ध करवाने, व्यवस्थित जल आपूर्ति होने तथा अवैध कनेक्शन की जांच करके हटवाने को कहा तब जाकर महिलाओं ने जाम हटा लिया उसके बाद जाम मे फँसे वाहन अपने गंतव्य को रवाना हुए।

### तहसीलदार दुष्यंत शर्मा का कहना

खोह दरीबा मे पानी की मांग को लेकर सड़क मार्ग महिलाओं ने जाम लगा दिया था सूचना मिलते ही मोके पर जाकर सुनवाई की गई जिस पर ग्रामीणों ने पेयजल आपूर्ति नहीं होने अवैध कनेक्शन सहित अनियमित जलाआपूर्ति की समस्या बताई जिनका समाधान आगामी चार दिवस मे किया जाकर सभी को पेयजल उपलब्ध करवा दिया जावेगा शेष वंचित लोगो के टैकर लगाकर पेयजल की माकूल व्यवस्था करवा दी जावेगी इस पर महिलाओं ने जाम हटा लिया ओर यातायत व्यवस्थित संचालित करवा दिया गया। इस दौरान जलदाय विभाग, टहला पुलिस के अधिकारी कर्मचारियों के साथ ग्रामीण हुक्म सेठ,अब्दुल सलाम,राहुल शर्मा, इंद्रजीत सिंह,लक्ष्मण कोली, मोहन कोली सहित कई अन्य ग्रामीण महिला पुरुष थे।

''खोह दरीबा मे पानी की मांग को लेकर सड़क मार्ग महिलाओं ने जाम लगा दिया था सूचना मिलते ही मोके पर जाकर सुनवाई की गई जिस पर ग्रामीणों ने पेयजल आपूर्ति नहीं होने अवैध कनेक्शन सहित अनियमित जलाआपूर्ति की समस्या बताई जिनका समाधान आगामी चार दिवस मे किया जाकर सभी को पेयजल उपलब्ध करवा दिया जावेगा शेष वंचित लोगो के टैकर लगाकर पेयजल की माकूल व्यवस्था करवा दी जावेगी इस पर महिलाओं ने जाम हटा लिया ओर यातायत व्यवस्थित संचालित करवा दिया गया।

दुष्यंत शर्मा, तहसीलदार

## नाथ जोगी समाज ने मनाया अपने आराध्य गुरु गोरखनाथ का प्रकटोत्सव



■ संजीवनी टुडे

राजगढ़(अलवर) राजकुमार गुप्ता। वैशाख पूर्णिमा के दिन गुरु गोरखनाथ का प्रकट उत्सव पूरे देश में नाथ संप्रदाय के अनुयायियों द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राजगढ़ तहसील के ढिगावड़ा गांव में भी हवन पूजा कर आराधना की गई। समाजसेवी नरेश योगी ने बताया कि गोरखनाथ भगवान शिव के अवतार थे। गोरखनाथ जी नाथ संप्रदाय के प्रथम गुरु एवं आराध्य है। गुरु गोरखनाथ ने नाथ संप्रदाय की योग विधाओं का एकत्रीकरण किया। अत इसके संस्थापक गुरु माने जाते हैं नाथ संप्रदाय में योगी और योगी एक ही सिक्के के दो पहलू हैं वर्तमान में इस संप्रदाय का गौरवशाली इतिहास रहा है परंतु कालांतर में उपेक्षा के कारण अति पिछड़ा हो गया है। समाज के अनुयायियों ने सरकार से समाज के उत्थान हेतु ध्यान देने की मांग की है जिसमें समाधि भूमि का आवंटन तथा आरक्षण में भागीदारी जैसे मुद्दे शामिल है।

## बुद्ध पूर्णिमा पर निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित, बुद्ध को जीवन मे उतारने पर हुई चर्चा

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। मानव विकास मंच के तत्वाधान में गुरूवार को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन एयरपोर्ट के सामने मारुति नगर मे किया गया। इस अवसर पर मानव विकास मंच के अध्यक्ष तुलसीराम मीना ने बताया कि शिविर मे लगभग 200 लोगों ने स्वास्थय संबंधी सेवाओं का लाभ लिया जहां उन्होने नेत्र व अन्य बिमारियों संबंधी परामर्श प्राप्त किया तथा निःशुल्क दवाईया भी प्राप्त की। शिविर का उद्घाटन सेवानिवृत्त जज धन्नाराम काला ने किया। इस दौरान मानव विकास मंच के संस्थापक सीताराम बैरवा ने बताया कि शिविर मे वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ राम निवास यादव,नेत्र रोग विशेषज्ञ कुलदीप चौधरी, महिला रोग विशेषज्ञ दीपिका यादव व जनरल फिजीशियन सचिन यादव ने अपनी सेवाए प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान डॉ रामनिवास यादव ने तथागत बौद्ध के बारे मे बताया व बुद्ध के विचारो को आत्मसात करने व उनके पदचिन्हों पर चलने का आह्वान किया। इस दौरान राष्ट्रीय मीणा महासभा के महासचिव गजसिंह मीणा, मानव विकास मंच के पदाधिकारी रमेश बैरवा, चिरंजी लाल,प्रभु दयाल, बाबुलाल, रामफूल , हरिनारायण , मौइनुद्दीन आदी गणमान्य लोग मौजूद रहे।



## सरसा माता के 75 वे पाटोत्सव को मनाया धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ

■ संजीवनी टुडे

### महिला श्रद्धालुओं ने बैंड बाजे के साथ निकाली मंगल कलश यात्रा

राजगढ़ (अलवर)। कस्बे के टहला सडक मार्ग पर स्थित सरसा माता मंदिर में 75 वे पाटोत्सव पर कलश यात्रा निकाली गई श्री सरसा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट भानगढ़ के अध्यक्ष पुरुषोत्तम गुप्ता (बूसर) ने जानकारी देते हुए बताया कि सरसा देवी खंडेलवाल समाज के बढ़ाया,बूसर,माली व बावरिया गौत्र की कुलदेवी है मंदिर मे भारतवर्ष से इन गौत्रों के लोग मंदिर मे देवी के दर्शन करने आते रहते है मंदिर की पूजा अर्चना, निर्माण, साफ सफाई आदि की देखरेख श्री सरसा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट भानगढ़ के अधीन है मंदिर मे अन्य समाज के लोग भी सवामनी,गौठ आदि करने आते है जिन्हे न्यूनतम भेट राशि पर पेयजल,रसोई के बर्तन, पानी की उपलब्ध सुविधा मुहैया करवाई जाती है। बूसर ने बताया कि सुबह 8 बजे महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश रखकर नाचते गाते बैंड बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली इसके बाद देवी को लड्डू भोग लगाया गया माताजी की सामूहिक आरती का आयोजन किया गया तथा इससे पूर्व माता की प्रतिमा को फूल बंगला झांकी व मंदिर को फूलों से सजाया गया तथा उसके पश्चात नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण एवं नए आजीवन ट्रस्टीज रमेश चंद गुप्ता सहित ,पूर्व आजीवन सदस्यों तथा दानदाताओं का सम्मान समारोह आयोजित करके साफा व माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं श्री खण्डेलवाल वैश्य तीर्थस्थान ट्रस्ट,खण्डेला-धाम,जिला-सीकर के पूर्व अध्यक्ष रमेश चन्द खण्डेलवाल (बूसर-लवाण वाले) फरीदाबाद, स्वागताध्यक्ष एडवोकेट महेश चंद गुप्ता (बांसखोह वाले) जयपुर का भी सम्मान किया गया। अंत मे माताजी के भोग लगाकर पंगत मे सामूहिक प्रसादी पाई कार्यक्रम मे ट्रस्ट के उपाध्यक्ष गिरधारीलाल बूसर,महामंत्री ओम प्रकाश खण्डेलवाल,कोषाध्यक्ष रामप्रकाश बड़ाया, संयुक्त-मंत्री राखी खण्डेलवाल,आलोक बढ़ाया,कोटा से हरिओम खंडेलवाल सहित जयपुर,दिल्ली,हरियाणा,सीकरी भरतपुर, दौसा आदि स्थानों से सैकड़ों महिला पुरुष श्रद्धालु उपस्थित थे।



## विवेकानंद युनिवर्सिटी में सजी बॉलीवुड की महफिल, जान्हवी कपूर के संग थिरके छात्र



■ संजीवनी टुडे

जयपुर। विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी में शुक्रवार को एक विशेष बॉलीवुड महफिल सजी, जहाँ बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने अपनी आने वाली फिल्म 'माहि' के प्रमोशन के लिए शिरकत की। यह कार्यक्रम विवेकानंद सभागार में आयोजित किया गया, जिसमें वीजीयू के छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत जान्हवी कपूर के शानदार स्वागत से हुई। वीजीयू की स्टूडेंट्स कौंसिल ने गुलदस्ता और शॉल पहनाकर जान्हवी का गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद जान्हवी ने स्टूडेंट्स के साथ बातचीत की, जहां उन्होंने अपने फिल्मी करियर, आगामी प्रोजेक्ट्स और 'माहि' फिल्म के बारे में दिलचस्प जानकारियाँ साझा कीं। इस मौके पर जान्हवी कपूर ने छात्रों के साथ डांस भी किया। छात्रों के साथ जान्हवी ने हिट बॉलीवुड गानों पर जमकर ठुमके लगाए, जिससे माहौल में और भी रंगत आ गई।

जान्हवी और व ने कुछ मज़ेदार गेम्स भी खेले, जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया और अपने पसंदीदा सितारों के साथ बिताए इन पलों को खास बनाया। कार्यक्रम के दौरान विवेकानंद सभागार में लगभग 2000 से अधिक छात्र मौजूद रहे, जिन्होंने अपने चहेते सितारों को करीब से देखने और उनसे मिलने का मौका पाया। जान्हवी की मौजूदगी ने इस कार्यक्रम को यादगार बना दिया। शाम को वीजीयू के छात्रों को जान्हवी कपूर की आने वाली फिल्म 'माहि' की विशेष स्क्रीनिंग का भी आनंद लेने का मौका मिला।

## गरीब परिवार की बेटी की शादी में सहारा बना सर्व समाज

■ संजीवनी टुडे

बांदीकुई । बांदीकुई के पास गादरवाड़ा रामपुरा में एक गरीब परिवार में गुजारा कर रहे हरि रैगर अपनी बेटी की शादी करने में असमर्थ था। परिवार की दयनीय स्थिति को देखते हुए समस्त ग्रामवासियों तथा सर्व समाज नवयुवक हेल्प टीम ने सोशल मीडिया के माध्यम से बहिन की शादी हेतु कन्यादान महादान के रूप में एक सहायता मिशन चलाया जिसमें सर्व समाज के बंधुओ ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। जिसका समापन आज 23 मई 2024 को उपस्थित सदस्यों के समक्ष किया गया। नरसी रेलवे जगसोली और सुखदेवा गुरुजी ने बताया कि इस कन्यादान मिशन में 71251 रुपए के साथ सामान के रूप में एक कट्टा चीनी, तेल का एक पीपा, पातल रामकिशन बाबूजी, एक कट्टा चीनी व 501रू जयसिंह मीना रामपुरा, 5100रू सरपंच साहब गादरवाड़ा, 11 बर्तन महेंद्र कसाना बांदीकुई, 2100 रू राजूलाल मोर्या जयपुर, प्रेस, सिलाई मशीन, घड़ी आदि दिए गए। बरातियों के लिए विदाई की व्यवस्था अंकित गुप्ता ने की। टीम के सदस्यों ने बहिन को साड़ी व ड्रेस भी दी गई।रामदयाल गुर्जर सरपंच गादरवाडा, सुरेश गुरुजी चैनपुरा, सुखदेवा मास्टर करनावर, सीताराम आसन, विष्णु शर्मा चांदेरा,मुंशी टी स्टाल, हेमू सैनी राजवास, अंकित गुप्ता गुढ़ा कटला, महेंद्र कसाना बांदीकुई, हीरालाल गुर्जर, शिवदयाल सिहर्रा रामपुरा,अनूप कुमार रामपुरा,जगदीश रैगर, राम खिलाड़ी, हनुमान सहाय,रामकिशन रैगर, लल्लू,भागचंद निकटपुरी, महेश चंद रामपुरा आदि ग्रामवासी तथा सर्व समाज नवयूवक हेल्प टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

## सामाजिक अनुभूति 2024 का आयोजन किया गया

■ संजीवनी टुडे

बीकानंर। प्रांत सहमंत्री मोहित जाजडा ने बताया कि बीकानेर के सभी विश्विद्यालय व विभिन्न महाविद्यालयों के पीएचडी व पीजी विद्यार्थियों ने भाग लिया , दिनांक 19.05.2024 विद्यार्थी खाजूवाला पहुँचे जहाँ खाजूवाला निवासियों ने उनका स्वागत व अभिनंदन किया , एवम् ग्रामवसियों के साथ उन्होंने सीमा दर्शन किया व सीमावर्ती गाँवों के घरों में जाकर विद्यार्थियों ने उनकी समस्याएं व उनके अनुभवों के बारे में जानकारी ली, इस दौरान डॉ.विमला जी डुकवाल राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भारत स्काउट एवं गाइड का प्रवास रहा।दिनांक 20.05.2024 को विद्यार्थियों ने बज्जू के नज़दीक सीमावर्ती गाँव भूरासर,बरसलपुर,छिला कश्मीर व अन्य गाँवों का भ्रमण किया साथ में उन्होंने पाक विस्थापित परिवारों के बारे में व उनके इतिहास के बारे में बताया एवम् नज़दीकी बॉर्डर व खेतों का दर्शन किया शाम को विद्यार्थियों में बरसलपुर फोर्ट का भ्रमण किया व इसी दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ , बीकानेर विभाग के विभाग प्रचारक विनायक जी ,खाजूवाला ज़िला प्रचारक योगेश जी ,अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जोधपुर के प्रांत संगठन मंत्री पूरण जी शाहपुरा , प्रांत मंत्री श्याम शेखावत व बीकानेर विभाग के विभाग संगठन मंत्री पूनम जी का प्रवास रहा , अगले दिन दिनांक 21.05.2024 को सांचू पोस्ट का दर्शन किया और आते हुए गोडू गाँव के ग्रामवसियों ने सभी विद्यार्थियों का स्वागत किया , विद्यार्थियों ने 3 दिनों में खाजूवाला व बज्जू के क़रीब 15 सीमावर्ती गाँवों का भ्रमण किया व अपने अनुभव कथन में बताया कि शहरों में रहने वाले व्यक्ति इतनी गर्मी में काफ़ी असहज महसूस होते है लेकिन 50 डिग्री तापमान में भी उट्टक्के जवान दिन और रात हमारी सुरक्षा के लिए तैनात रहते है। चौकी पर हथियार बंद जवान धूल मिट्टी से सने कपड़ों में दूरबीन से सीमा पर टकटकी लगाए हुए देखा तो सैनिकों की विषम परिस्थितियों की वास्तविक अनुभूति विद्यार्थियों को हुई। जवानों के साथ संवाद करके उनकी समस्याओं के बारे में जाना सीमा पर अग्रिम चौकिया में तैनात महिला जवानों के साथ भी अनुभव साझा किये। सीमा के नज़दीकी गाँवों में रहने वाले ग्रामवासी भी उट्टक्का सहयोग करते है , सीमावृति क्षेत्रों में काफ़ी असुविधा के होते हुवे भी वहाँ के लोग उन परिस्तितिथियों में रहकर भी काफ़ी सकारात्मक जीवन व्यतीत करते है और गाँवों में आज भी महमानों के लिये प्यार और सत्कार देखने की मिला। पाक विस्थापित परिवारों से जब विस्थापन की विभत्स विडंबना को जाना तो छात्रों के चेहरे गमगीन हो गए किस तरह से विस्थापन के समय उन्हें तंबू में रहना पड़ा तथा बाद में इस सुनसान और बंजर इलाके में भूमि आवंटन होने के बाद विषम परिस्थितियों से लड़ते हुए उन्होंने इस क्षेत्र को विकसित किया, जहां बैठने के लिए कोई छायादार पेड़ भी उपलब्ध नहीं थे और झोपड़ी बनाने के लिए लकड़ी भी नहीं मिल पाती थी।पानी इतनी दूर से लाना पड़ता जिसकी कीमत घी से भी ज्यादा होती थी।आज भी घरों में जल संरक्षण का विशेष ध्यान रखा जाता है जिससे विद्यार्थियों को जल संरक्षण के वास्तविक महत्व का पता चला। महिलाओं को प्रसव के लिए उचित व्यवस्थाएं गांव में उपलब्ध नहीं होने के कारण आज भी टूटी सड़क से सफर तय करके बहुत दूर स्थित अस्पतालों में जाना पड़ता है तथा विद्यालय में पदों की रिक्तता जैसी समस्याओ को जानने का अवसर मिला। सीमावर्ती गांव के नागरिक सुरक्षा बलों के साथ पूरा तालमेल बनाकर रखते हैं तथा किसी अवांछित गतिविधि की सूचना तुरंत बीएसएफ को देना उचित मानते हैं। विद्यार्थियों ने क्षेत्र का अवलोकन करने के बाद पाया कि इस क्षेत्र में खान व खनिज उद्योग संबंधी विनिर्माण इकाइयां लगाकर इस क्षेत्र की समस्याओं को कम किया जा सकता है।



# निर्जला एकादशी सेवा महोत्सव 18 जून 2024 के बैनर का विमोचन हुवा

■ संजीवनी टुडे

बीकानेर। निर्जला एकादशी सेवा महोत्सव के अंतर्गत मनाई जायेगी नगर सेठ लक्ष्मीनाथ जी मंदिर में आम व सेइयो के भोग का दिव्य व विशेष अनुष्ठान सहित शहर/ज़िले के 108 मंदिरों में भी विशेष अनुष्ठान होगा साथ ही अभिमंत्रित तस्वीरो का वितरण होगा गो शाला व रैन बसेरा में विशेष सेवा शिविर होगा। भारतीय संस्कृति एवम् सनातन सार्वभोम महासभा , श्री दिव्य शिव शक्ति पीठ ,श्री विप्र महासभा , ब्राह्मण अंतरराष्ट्रीय संगठन की ओर से निर्जला एकादशी पर सेवा महोत्सव का अनुष्ठान 18 जून 2024 को मनाया जायेगा इसके बैनर का विमोचन एक साथ दो स्थानों पर भारतीय संस्कृति व सनातन जाग्रति महा अभियान में समर्पित व साधक पंडित योगेन्द्र कुमार दाधीच की मंगल उपस्थिति में लालेश्वर महादेव मंदिर शिवबाड़ी शिव मठ बीकानेर के प्रांगण में महंत स्वामी श्री विमर्शानंद गिरी जी महाराज के करकमलों से हुवा धनीनाथ गिरी मठ पंच मंदिर बीकानेर के प्रांगण में हरिद्वार के संत प्रयागदास जी महाराज के करकमलों से हुवा इस अवसर पर भवानी पुजारी नलिन सारवल रामचन्द्र मोहनलाल सोनी सरस्वती सोनी सोनू शंकुतला देवी सम्पत दायमा आदि उपस्थित रहे पंडित योगेन्द्र कुमार दाधीच ने बताया कि सेवा महोत्सव के अंतर्गत मुख्य अनुष्ठान नगर सेठ लक्ष्मीनाथ जी मंदिर बीकानेर में 18 जून 2024 को प्रातः 6.00 बजे माखन भोग के साथ अनुष्ठान शुरू होगा जिसमें सेवा शिविर गो सेवा रैन बसेरा में फलाहार सेवा प्रातः 10.30 बजे से नगर सेठ श्री लक्ष्मीनाथ जी मंदिर में आम व सेइयो के भोग के दिव्य व विशेष अनुष्ठान होंगे साथ ही शहर/ज़िले के 108 मंदिरों में क्षेत्र के सनातन धर्मावलम्बियों की भागीदारी के अनुसार आम व सेइयो के भोग के विशेष अनुष्ठान होंगे मुख्य अनुष्ठान नगर सेठ लक्ष्मीनाथ जी मंदिर में प्रातः 10.30 बजे से शुरू होगा जिसमें नगर सेठ का पूजन हो करके विशेष रूप से सजाई गई थालियो में आम सेइयो का भोग अर्पित कर भोग का प्रसाद सभी सनातन धर्मावलम्बियों को वितरित होगा पूजन अनुष्ठान में समर्पित व 11 वा चातुर्मास पूजन अनुष्ठान व 41 वा सावन मास पूजन अनुष्ठान के साधक पंडित योगेंद्र कुमार दाधीच (अधिष्ठाता श्री दिव्य शिव शक्ति पीठ , अधिष्ठाता व एराष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय संस्कृति एवम् सनातन सार्वभोम महासभा , राष्ट्रीय संयोजक श्री विप्र महासभा , राष्ट्रीय महामंत्री ब्राह्मण अंतरराष्ट्रीय संगठन ) की अगुवाई में यह अनुष्ठान भारतीय व सनातन जाग्रति महा अभियान के वर्ष पर्यंत जारी अनुष्ठान के अंतर्गत चार में आने वाले विशेष पर्वो पर दिव्य व विशेष अनुष्ठान आहूत किए जाने की शृंखला के अन्तर्गत विविध अनुष्ठान के अन्तर्गत हो रहा है इस हेतु पंडित दाधीच ने आयोजन समिति का गठन किया है शंकर लाल जोशी जुगल किशोर पुरोहित गणेश लाल व्यास राकेश आसोपा लीलाधर आसोपा कैलाश ओझा गिरिराज रतन तिवाड़ी प्रेम नारायण व्यास मनोज पुरोहित अतुल शुक्ला रजत दाधीच प्रवीण दाधीच ओमप्रकाश तिवाड़ी गोपीकिशन स्वामी आदि की आयोजन समिति बनाई गई है

आयोजन प्रभारी शंकर लाल जोशी ने बताया कि विशेष सनातन पर्वों के अनुष्ठान हेतु जारी कलेण्डर के अन्तर्गत निर्जला एकादशी 2024 के अवसर पर भोग व सेवा के अनुष्ठान होंगे , सवा लाख मन्त्रों से अभिमंत्रित तस्वीरो का वितरण भी होगा इसी दिन शहर/ज़िले के 108 मंदिरों में विशेष अनुष्ठान होंगे तथा अभिमंत्रित तस्वीरो का वितरण होगा क्षेत्र के सनातन धर्मावलम्बियों द्वारा अपने नज़दीक स्थित मंदिरों में अनुष्ठान होंगे इग्यारवे चातुर्मास पूजन अनुष्ठान व 41वे श्रावण मास पूजन अनुष्ठान में दिव्य व विशेष अनुष्ठानो में सवा सवा लाख मन्त्रों से अभिमंत्रित की गई विभिन्न देवी देवताओं यथा शिव दरबार , गणेश जी, राधा-कृष्ण, राम दरबार , हनुमान जी , लक्ष्मी माताजी , भगवान श्री विष्णु के दसअवतार , दुर्गा माता जी , दधीमती माताजी , भगवान श्री दधीचि जी की दिव्य व विशेष प्रतिमाओं के बड़े स्वरूप को विशेष व आकर्षक फ्रेमिग में सजाया गया है इन बड़े रूप की विशेष व दिव्य प्रतिमाओं का सभी सनातन धर्मावलम्बी प्रतिदिन पूजन एवम् दर्शन हेतु प्राप्त कर सकते है 23 जून 2023 को चातुर्मास के साथ वर्ष पर्यंत के शुरू हुवे अनुष्ठान की प्रतिदिन की निरंतरता के दिव्य एवं भव्य अनुष्ठान ने बीकानेर के सनातन धर्म में नया इतिहास लिखा है जो हर बीकानेर वासी हेतु गर्व की बात हुई है जिले / शहर के 108 मंदिरों में पूजन अनुष्ठानो के साथ गणेश जी शिव दरबार राधा कृष्ण राम दरबार हनुमान जी दुर्गा माता दधीमती माता जी विष्णु के दस अवतार लक्ष्मी माता जी की गीता माताजी सरस्वती माताजी आदि देवी देवताओं की सवा सवा लाख मन्त्रों से 11000 व 21000 व 51000 प्रतिमाओं को अभिमंत्रित करवा करके निःशुल्क वितरण किया गया प्रतिदिन दिव्य अनुष्ठान होना अनुपम ईश्वरीय कृपा रही है यह अनुष्ठान सनातन जागृति एवम् सनातन पर्वों को पारंपरिक रूप से सभी सनातन धर्मावलम्बियों की सामूहिक उपस्थिति व सहभागिता के पावन से उद्देश्य से पूजन अनुष्ठान में समर्पित पंडित श्री योगेन्द्र कुमार दाधीच द्वारा पिछले 41 वर्षों से लगातार किया जा रहा है।



## खबरें फटाफट

### पुलिस थाना आँधी टीम की कार्यवाही



संजीवनी टुडे

जमवारामगढ़। आंधी थाना पुलिस ने अवैध खनन के विरुद्ध कार्यवाही करते हुये 01 ट्रेक्टर मय ट्रोली 04 टन अवैध बजरी के भरे हुये को जब्त किया गया ?। आंधी थाना प्रभारी जयप्रकाश के नेतृत्व में घटित टीम द्वारा गुरुवार को सुबह बाणगंगा नदी लालवास से अवैध रुप से बजरी खनन कर बजरी परिवहन करते हुये आरोपी जगदीश प्रसाद मीणा पुत्र भगवान सहाय निवासी सिंहपुरी थाना आंधी के कब्जे से परिवहन वाहन ट्रेक्टर ट्रोली मय 4 टन अवैध बजरी को जप्त किया जाकर अभियोग संख्या 101/2024 धारा 379 आईपीसी व 4/21 एमएमआरडी एक्ट में पंजीबद्ध किया गया।

### गुरु गोरखनाथ का प्राकाट्य दिवस मनाया



संजीवनी टुडे

जमवारामगढ़। जमवारामगढ़ उपखंड क्षेत्र के थोलाई गाँव स्थित जोगी आसन में गुरूवार को मनाया गया गुरु गोरखनाथ का प्राकाट्य दिवस। आंधी तहसील अध्यक्ष कैलाश नाथ खरड, बलदेव नाथ जमवारामगढ़, प्रिंसिपल शंकर लाल योगी, मुकेश योगी घोरेट, रोहिताश्व योगी लालावास, नाथू योगी पावटा, रामेश्वर योगी बूज, रतनलाल योगी इंदरगढ़ एवं पीर जी शंकर नाथ आदि समाज बंधुओ ने गुरु गोरखनाथ के प्राकाट्य दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। गुरु गोरखनाथ की आरती,पूजा,प्रसाद वितरण के बाद सभी के लिए सुख शांति की कामना की गई। इस अवसर पर शंकर लाल योगी प्रिंसिपल ने गुरु गोरखनाथ जी की शिक्षाओं इतिहास एवं गुरु गोरखनाथ की समाज को देन के बारे में चर्चा की गई। औरत नकारात्मक कार्यों में गोरखधंधा शब्द काम न लेने हेतु संबंधित प्रिंट मीडिया का विरोध दर्ज करने एवं सरकार को ज्ञापन देने हेतु निर्णय किया गया।

### उर्वरक बनाने में धोखाधड़ी के मामले में दो साल से फरार दो हजार रुपये का ईनामी बदमाश गिरफतार



संजीवनी टुडे

चित्तौड़गढ। गंगरार थाने के उर्वरक बनाने में धोखाधड़ी के मामले में दो साल से फरार चल रहे दो हजार रुपये के ईनामी बदमाश को राशमी थाना पुलिस ने गिरफतार किया हैं। जिला पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर जोशी ने बताया कि जिले के थानों पर पेण्डिग अनुसंधान अधीन प्रकरणो मे वांछित आरोपियों की धरपकड़ के क्रम में एएसपी परबत सिह के निर्देशन व डीएसपी गंगरार रविन्द्र प्रताप सिह के नेतृत्व में थानाधिकारी राशमी श्यामराज सिह पु.नि. द्वारा गठित पुलिस टीम, हैड कानि. गोपाल लाल, कानि. रामजीत सिंह, महिपाल सिह, रामचन्द्र व राकेश द्वारा उर्वरक बनाने में धोखाधड़ी के मामले में दो साल से फरार चल रहे दो हजार रुपये के ईनामी बदमाश सदर निम्बाहेडा थाने के बाड़ी निवासी सुरजमल पुत्र केशुराम गर्ग को डिटेन कर मामले में गिरफतार किया गया है। उक्त ईनामी बदमाश को पकडने में कानि रामजीत सिह व महिपाल सिह की अहम भुमिका रही।

### आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम के तहत खेरवाड़ा में विकास कार्यों पर हुई चर्चा

संजीवनी टुडे

उदयपुर। नीति आयोग द्वारा आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम के तहत जिले से खेरवाड़ा ब्लॉक का चयन किया गया है। ब्लॉक खेरवाड़ा के सर्वांगीण विकास के लिए आयोजित इस कार्यक्रम के अंतर्गत 40 इंडीकेटर्स से संबंधित सभी विभागों के जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक जिला कलक्टर अरविंद पोसवाल की अध्यक्षता जिला परिषद सभागार में आयोजित हुई। कलक्टर ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समन्वित प्रयास करते हुए कार्य करने की बात कही। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को इस दिशा में प्रभावी मॉनिटरिंग के साथ कार्यों को गति प्रदान करने के निर्देश दिए। मुख्य आयोजन अधिकारी पुनीत शर्मा ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य ब्लॉक में जारी विकास योजनाओं की समीक्षा करना और भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श करना है। बैठक में कुल 40 संकेतकों में से 12 संकेतक संतृप्त, 7 संकेतक में 50 से 90 प्रतिशत प्रगति, 9 संकेतकों में 10 से 50 प्रतिशत प्रगति एवं शेष में 10 प्रतिशत से कम प्रगति रही है, जिसमें सुधार हेतु ब्लॉक विकास रणनीति पर कार्य करने के निर्देश दिए।

# पेयजल संबंधी समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के लिये कार्मिकों के नम्बरों पर कर सकते है संपर्क: अधीक्षण अभियंता

संजीवनी टुडे

### अभियंताओं सहित अन्य कार्मिकों के नम्बर जारी

करौली। पीएचईडी के अधीक्षण अभियंता परशुराम वर्मा ने बताया कि गर्मी के मौसम को मध्येनजर रखते हुए जिला स्तर पर दैनिक जलापूर्ती, पेयजल संबंधी समस्याओं के समाधान, पेयजल गुणवत्ता बनाए रखने तथा पेयजल परिवहन की रिपोर्ट एवं आम जन से प्राप्त शिकायतों आदि के निस्तारण हेतु लिए जिला स्तर पर विभाग द्वारा कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसका दूरभाष नं0 07464-250219 है।नियंत्रण कक्ष प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक संचालित रहेंगे। अधीक्षण अभियन्ता ने बताया कि आमजन पेयजल संबंधी समस्याओं के लिये पीएचईडी के कार्मिकों के मोबाईल नम्बरों पर भी संपर्क कर सकते है। इसके लिये अधिकारियों व कार्मिकों के नम्बर जारी किये है। अधीक्षण अभियंता करौली 9414461921, जगदीश प्रसाद मीना, सहायक अभियन्ता खण्ड करौली जो कन्ट्रोल रूम प्रभारी हैं मोबाईल नं0 8279107969, उमेश सारस्वत स्टोरमुंशी 7014480210, अतीक अहमद सहायक प्रशासनिक अधिकारी 9549565501, गोरधन गुप्ता स्टोरमुंशी, रेस्ट रिलीवर 9461150714, ओमप्रकाश जाटव कनिष्ठ सहायक रेस्ट रिलीवर 9352030609 पर संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा प्रहलाद मीना, अधिशाषी अभियन्ता जन स्वा0 अभि0 विभाग खण्ड करौली 9414272156, अवलेश मीना, सहायक अभियन्ता जन स्वा0 अभि0 विभाग नगर उपखण्ड करौली 7891254774, सज्जन सिंह छाबडी, सहायक अभियन्ता जन स्वा0 अभि0 विभाग ग्रामीण उपखण्ड करौली 7014888759, विजय कुमार मीना, सहायक अभियन्ता जन स्वा0 अभि0 विभाग उपखण्ड सपोटरा 8209843433 के मोबाईल नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।



उन्होने बताया कि हेमेन्द्र प्रजापत, कनिष्ठ अभियन्ता ग्रामीण अनुभाग करौली 9929981381, श्रीमति बबली देवी, कनिष्ठ अभियन्ता अनुभाग कैलोदेवी, मण्डरॉयल 8005603863, लखन सिंह मीना, कनिष्ठ अभियन्ता अनुभाग सपोटरा प्रथम 8094771977, श्रीमति वीकेश मीना, कनिष्ठ अभियन्ता अनुभाग सपोटरा द्वितीय 8740878984, किरोडी लाल मीना, अधिशाषी अभियन्ता जन स्वा0 अभि0 विभाग खण्ड हिण्डौन सिटी 9414272156, श्याम लाल जाटव, सहायक अभियन्ता एवं तक0 सहा0 जन स्वा0 अभि0 विभाग खण्ड हिण्डौन 9571103610, चेतराम मीना, सहायक अभियन्ता जन स्वा0 अभि0 विभाग उपखण्ड हिण्डौन 9414893153, सुश्री शिवानी शर्मा, कनिष्ठ अभियन्ता शहर हिण्डौन 8239069321, प्रवेन्द्र चौधरी, कनिष्ठ अभियन्ता अनुभाग श्रीमहावीरजी एवं ग्रामीण 8503826372 पर संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा पंप संचालकों सत्यप्रकाश बजनिया का पुरा 8890553191, रामदेव गुर्जर प्रहलाद कुण्ड 8239291829, पप्पू शर्मा, शहरी जल योजना हिण्डौन सिटी 9413183031, तेजसिंह गुर्जर शहरी जल योजना हिण्डौन सिटी 9783911448 पर संपर्क किया जा सकता है। इसी प्रकार करौली ब्लॉक के पंप संचालक पुरूषोत्तम माली गणेश गेट 8078628870, मोहन लाल गुप्ता गणेश गेट 9024351578, पुरूषोत्तम शाक्यवार गणेश गेट 8290218974, विष्णु चन्द शर्मा पीएचईडी कैम्पस 9828229242 पर संपर्क भी किया जा सकता है।

### मतगणना दलों का प्रशिक्षण आयोजित,

करौली। उपजिला निर्वाचन अधिकारी राजवीर सिंह चौधरी ने बताया कि 4 जून को होने वाली मतगणना के लिये मतगणना कार्मिकों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रहकर मतगणना करवाना सुनिश्चित करें। उपजिला निर्वाचन अधिकारी गुरूवार को लोकसभा चुनाव में मतगणना दलों का प्रशिक्षण को सूचना केन्द्र के टाउन हॉल मे संबोधित करते हुए बोल रहे थे। दक्ष प्रशिक्षक महेश बाबू गुप्ता ने प्रशिक्षणार्थियों को मतगणना संबंधी प्रक्रियाओं का विस्तृत प्रशिक्षण दिया।उन्होने मतगणना दल कर्मियों को मतगणना में होने वाले राउंड, मतगणना समय, मतगणना दौरान बैठने की व्यवस्था, पोस्टल बैलेट, ईवीएम से मतगणना, मतपत्रों की गणना, के साथ साथ अन्य मतगणना के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों से विस्तार अवगत कराया। इस दौरान उन्हें बताया गया कि मतगणना स्थल पर एंट्री आईडी कार्ड के साथ होगी एवं एंट्री मे मोबाइल की अनुमति नही होगी। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी उदयभानु चारण सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## झाड़ोल में पंचकल्याण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर निकाली शोभायात्रा

संजीवनी टुडे



सराडा।सराडा क्षेत्र के झाड़ोल में श्री मल्लीनाथ जिन बिंब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव की 22 वी वर्षगांठ और भगवान मल्लीनाथ की स्वर्ण प्रतिमा प्रतिष्ठा की पांचवी वर्षगांठ के अवसर पर दिगंबर जैन समाज झाडोल की ओर से भगवान मल्लिनाथ की स्वर्ण प्रतिमा को रजत रथ में विराजमान कर शोभायात्रा निकाली गई।श्रीजी की प्रतिमा को रथ में लेकर बैठने का सौभाग्य भगवती लाल पिलादरा मुंबई ने प्राप्त किया।बैंड बाजो की भक्तिमय धुनों के साथ निकली शोभायात्रा विभिन्न मार्गो से होते हुए पुनः मंदिर पहुंची शोभायात्रा में भक्ति गीतों पर युवा वर्ग खूब थिरके। प्रवक्ता अनिल स्वर्णकार ने बताया कि प्रातः दिगम्बर जैन मंदिर में भगवान का अभिषेक शांतिधारा दलीचंद नेमीचंद दोशी परिवार द्वारा की गई।मंत्रोच्चार के साथ मंदिर शिखर पर नवीन ध्वजा केशुलाल,सुरेश कुमार,नीलेश कुमार,यश,आर्यन मालवी परिवार झाड़ोल अहमदाबाद ने फहराई। इस अवसर पर समाज की बैठक आयोजित हुई।जिसमे आगामी दीपावली पर्व पर झाड़ोल से सैकड़ो तीर्थ यात्रियों का समूह द्वारा झारखंड स्थित जैन तीर्थ सम्मेद शिखर की यात्रा करने का सामूहिक निर्णय पारित किया गया।साथ ही मल्लिनाथ नवयुवक मंडल के चुनाव आगामी 9 जून को त्रिमूर्ति बोरीवली मुंबई में कराने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर समाज अध्यक्ष केशूलाल मालवी, सेठ मोतीलाल सडावत, पन्नालाल धुरावत, रमेश सड़ावत, गहरीलाल देवड़ा, सुरेश जिमावत भवरलाल ककावत, मल्लीनाथ युवा मंच अध्यक्ष मनीष सड़ावत,संजय चिबोडिया, विजय शाह पूजालाल चिबोडिया,राहुल जैन सहित सैकड़ों समाजजन मौजूद थे।

## पेयजल आपूर्ति करवाने के लिये जलदाय विभाग के अधिकारी सक्रिय रहकर कार्य करे: जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू

संजीवनी टुडे

सलूंबर।गर्मी के मौसम को देखते हुए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल की विकट समस्या उत्पन्न हो रही है। जिससे समुचित व्यवस्था और सुचारू पानी सप्लाई करने को लेकर जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने कहा कि जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समय पर पेयजल आपूर्ति करवाने के लिये जलदाय विभाग के अधिकारी सक्रिय रहकर कार्य करे तथा स्वीकृत पेयजल योजनाओं का तत्परता से क्रियान्वयन करवाना सुनिश्चित करे। जिला कलक्टर ने अधीशाषी अभियन्ता सलूंबर को निर्देश दिये कि समय पर पेयजल आसपूर्ति के लिये पुख्ता व्यवस्था करे तथा लापरवाही बरतने वालो के खिलाफ कार्रवाही करे। उन्होंने कहा कि दूरदराज की ढाणी, जहां पानी की विकट समस्या है वहां पर पेयजल आपूर्ति करने के निर्देश दिए।बैठक में उन्होंने समस्त अधीशाषी अधिकारियों,कनिष्ठ अभियन्ताओं से पेयजल आपूर्ति का



फीडबैक लिया गया, साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया कि संवेदनशीलता, पारदर्शिता के साथ पेयजल की समस्याओं का समाधान उपलब्ध संसाधनों के साथ किया जाये।जिला कलेक्टर ने पीएचईडी अधीक्षण अभियन्ता को पानी सप्लाई को लेकर समुचित व्यवस्था करने और मॉनिटरिंग करने की हिदायत दी। जिला कलक्टर ने कहा कि जिले आमजन को समय पर पेयजल उपलब्ध करवाने, पेयजल संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिये रजिस्ट्रर संधारित करे।उन्होने जलदाय विभाग के अधिकारियों से कहा कि स्वीकृत पेयजल योजनाओं को गति प्रदान करे तथा तैयार योजनाओं पर विद्युत कनेक्शन करवाकर लोगों को पेयजल सुविधा उपलब्ध करावे।इस आवसर पर जलदाय विभाग के अधिक्षण अभियन्ता के विवेक चन्द्र कछार,अधिशाषी अभियन्ता,सहायक अभियन्ता,समस्त विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।


## करंट से बेटे की मौत के बाद सदमे में पिता ने भी तोड़ा दम, एक साथ हुआ दोनों का अंतिम संस्कार

संजीवनी टुडे



डूंगरपुर। कुदरत का कहर कुछ ऐसा कि एक परिवार में पिता -पुत्र दोनों का अंतिम संस्कार एक साथ करना पड़ा। डूंगरपुर जिले के चीखली उपंखड क्षेत्र के साकोदरा गांव में मंगलवार को एक परिवार के पिता व पुत्र दोनों की मौत हो गई। साकोदरा निवासी डूंगरसिंह पुत्र जगमालसिंह चौहान दोनों की मृत्यु हो गई। मंगलवार सुबह करीब आठ बजे डूंगरसिंह अपने ही घर में पानी की मोटर शुरू करने जा रहा था। तब ही अचानक करंट की चपेट में आ गया। घटना के बाद भतीजा प्रिंसराज, भाई राजवीरसिंह व पत्नी रसाल कुंवर उसे चीखली सीएचसी ले गए। जहां से सागवाड़ा रेफर किया। इस दौरान रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। मृतक डूंगरसिंह की चार वर्ष पहले शादी हुई थी। उसका तीन वर्ष का एक बेटा भी है। पुत्र डूंगरसिंह की मौत के करीब साढ़े नौ घंटे बाद पिता जगमालसिंह की मौत हो गई। दरअसल, पिता जगमालसिंह पिछले कुछ दिनों से हिम्मतनगर के अस्पताल में पैर के ऑपरेशन को लेकर भर्ती थे। घटना की बिना जानकारी दिए हिम्मतनगर अस्पताल उनकी बेटी भंवर कुंवर साकोदरा गांव में करीब साढ़े तीन बजे लेकर पहुंची। यहां जगमालसिंह खांट पर बैठे थे। कुछ देर बाद पुत्र डूंगरसिंह का शव पीएम के बाद घर पर पहुंचा। जिसे देख पिता ने पूछा और जब बेटे के बारे में जानकारी मिली तो वे सदमा नहीं झेल पाए एवं साढ़े पांच बजे उनकी भी मौत हो गई। इसके बाद गांव में शोक की लहर छा गई। दोनों का अंतिम संस्कार शाम को किया गया।

### चांदनी रात में आज मचान पर बैठकर होगी है वन्यजीव गणना



संजीवनी टुडे

जयपुर।राजस्थान में वन विभाग पीपल पूर्णिमा यानि गुरुवार को सभी वन्य जीवों की गणना कराएगा। वन्यजीवों की गणना 24 घंटे तक की जाती है, जो गुरुवार सुबह 8 बजे से शुरू होकर शुक्रवार सुबह 8 बजे तक चलेगी। रेंजर पृथ्वीराज मीना ने बताया कि बस्सी रेंज में बस्सी एवं जमवारामगढ़ उपखण्ड का इलाका आता है। इस रेंज में पानी वाले 13 प्वाइंट हैं, तीन वनकर्मियों को गुरुवार सुबह 8 से शुक्रवार सुबह 8 बजे तक गणना के लिए लगाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष वन विभाग ने वन्य जीवों की गणना नहीं कराई थी। रेंजर ने बताया कि गत वर्ष गणना के दिनों में बरसात होने से जगह-जगह पानी भरने से वन्यजीवों की गणना नहीं हो पाई थी। वहीं, बांसखोह में पूर्णिमा के अवसर पर गुरुवार को नईनाथ धाम के वनीय इलाके में वन विभाग की ओर से वन्य जीवों की गणना की जाएगी। वाटर पॉइंट पर दिन के साथ ही पूर्णिमा की धवल चांदनी में पानी पीने आने वाले वन्य जीवों की गणना की जाएगी। नाका प्रभारी ने बताया कि वन्य जीवों की गणना के लिए वॉलिंटियर्स की भी मदद ली जाएगी। इच्छुक वॉलिंटियर्स एवं वन्य जीव प्रेमी गणना कार्य में शामिल हो सकते हैं। गणना के लिए पेड़ों पर बैठने की व्यवस्था की जाती है। जिससे ऊपर से वन्य जीवों पर ध्यान रखा जाता है। इसे ही मचान बोला जाता है। एक पॉइंट पर दो कर्मचारी नियुक्त किए गए हैं। वन विभाग हमेशा ही पीपल पूर्णिमा की रात को वन्यजीवों की गणना करवाता है। वन अधिकारियों का कहना है कि पूर्णिमा की रात को चांदनी रात होती है। रात को वन्य जीव पानी पीने के लिए प्वाइंटों पर आते हैं। पानी वाले स्थानों पर सभी प्रकार के वन्यजीव पानी आते हैं।

## नाबालिग बेटी का पेट फूलता देख घरवाले ले गए हॉस्पिटल, जांच कराई तो खिसक गई पैरों तले जमीन

संजीवनी टुडे



जोधपुर। राजस्थान के जोधपुर जिले में भाई और बहन के रिश?तों को कलंकित कर देने वाला मामला सामने आया है। जिसे जानकर आप सोचने पर मजबूर हो जाएंगे कि आखिर हमारा समाज कौनसी दिशा में जा रहा है? जिले के एक गांव में रिश्ते के भाई ने अपनी नाबालिग बहन से बलात्कार किया। नाबालिग के चार-पांच माह की गर्भवती होने पर घरवालों को पता लगा तो पैरों तले जमीन खिसक गई। इसके बाद पिता अपनी बेटी को बुधवार को थाने पहुंचा और केस दर्ज करवाया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) भोपालसिंह लखावत ने बताया कि मानसिक तौर पर अविकसित नाबालिग से बलात्कार का मामला दर्ज किया गया है। आरोप है कि चार-पांच महीने पहले पड़ोस में रहने वाले रिश्ते में दूर के भाई ने पीड़िता के साथ बलात्कार किया था। पीड़िता ने विरोध भी किया था, लेकिन आरोपी ने उसके मुंह में कपड़ा डालकर आवाज बंद कर दी थी। डरी सहमी पीड़िता ने परिजनों को इस हैवानियत के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। अब पीड़िता चार-पांच महीने की गर्भवती हुई तो बेटी का पेट फूलता देखकर परिजन को कुछ आशंका हुई। इसके बाद परिजन उसे अस्पताल लेकर गए। जहां उन्होंने पीड़िता की जांच करवाई तो उसके गर्भवती होने का पता लगा। ये पता लगने पर घरवाले चौंक गए।

### पता चला तो नाबालिग ने बयां की आपबीती

घरवालों ने बेटी से इस बारे में पूछा तो उसने आपबीती बयां की। पीड़िता ने घरवालों को बताया कि रिश्ते के भाई ने उसके साथ रेप किया था। इसके बाद पिता अपनी बेटी को लेकर थाने पहुंचा और आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करवाया। पुलिस ने बलात्कार व पोक्सो की धाराओं में एफआइआ दर्ज कर पीड़िता के बयान लिए हैं और मेडिकल करवाया है।

## पूर्व विधायक रणधीर सिंह भिंडर ने लिखा मुख्यमंत्री, जल संसाधन मंत्री, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री को पत्र रखी मांग

संजीवनी टुडे

### रिवर बेसिन प्रोजेक्ट में जयसमन्द का पानी कानोड़ व भींडर क्षेत्र को भी मिले

भींडर । वल्लभनगर के पूर्व विधायक रणधीर सिंह भिंडर ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल को पत्र लिखा है पत्र में बताया गया कि राजस्थान रिवर्स बेसिन आथोरिटी प्राधिकरण माही बेसिन के व्यर्थ 75.38 टीएमसी पानी को 10 ज़िलों में डायवर्जन करने का प्रोजेक्ट तैयार कर रहा है।पानी को समुद्र में जाने से रोक कर चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, डूंगरपुर, भीलवाड़ा, उदयपुर, राजसमन्द, सिरोही, जालोर, पाली व बाड़मेर की तरफ़ डाइवर्जन किया जायेगा।दूसरी तरफ़ जाखम बांध का पूर्ण भराव स्तर ई.एल. 359 मीटर तथा जयसमन्द झील का पूर्ण भराव स्तर ई.एल. 295 मीटर है। जो जाखम से जयसमन्द प्रवाह हेतु लगभग 64.00 मीटर का तल अंतराल उपलब्ध है।जाखम सिंचित क्षेत्र को माही जल



स्थानांतरित करने से स्थानांतरित क्षेत्र के समानुपातिक अधिशेष उपलब्धता होगी।सम्पूर्ण क्षेत्र स्थानांतरित करने पर 4.00 टीएमसी जल उपलब्ध होगा।जलाभाव की स्थिति एवं राज्य में जल उपलब्धता की विषम परिस्थितियों के मद्देनज़र माही बांध की तर्ज़ पर जाखम बांध की भंडारण क्षमता को 20 से 25 प्रतिशत बढ़ाया जाना चाहिए। जिससे यह अधिक जल जयसमन्द झील में सामान्य प्रवाह से जलापवर्तन हो सके।रिवर बेसिन प्रोजेक्ट में जयसमन्द से पानी बड़गाँव बांध ले ज़ाया जायेगा। जयसमन्द से बड़गाँव के बीच हमारी विधानसभा का कुछ क्षेत्र तो आयेगा परन्तु एक बड़ा भाग जो कि कानोड़ व भीण्डर तहसील का है जो वंचित रह जायेगा। इस क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या ही पेयजल है वर्तमान में भी पेयजल परिवहन हेतु कई टैंकर लगाये गये है। समस्या की गंभीरता को देखते हुए पूर्ववर्ती भाजपा सरकार ने कसौटिया बाँध बनाने की सहमति प्रकट करते हुए डीपीआर बनाने के लिए बजट आवंटित किया था। परन्तु इस प्रोजेक्ट में हमारी इन तहसीलों को वंचित कर दिया गया है। पूर्व विधायक रणधीर सिंह भिंडर ने मांग की है कि इस प्रोजेक्ट में कानोड़ व भीण्डर तहसील के गाँवों को भी पेयजल उपलब्ध हो सके ऐसा बदलाव करावें। पूर्व विधायक भिंडर ने भरोसा जताया है कि मुख्यमंत्री व संबंधित मंत्री पेयजल की समस्या को समझते हुए राहत प्रदान करायेंगे।

# सोलर प्लांटों को जमीन लीज पर देने के लिए बिछाई फर्जीवाड़ा की बिसात

संजीवनी टुडे

बीकानेर। सोलर प्लांटों की जमीन को लीज पर देने के लिए भूमि आवंटन फर्जीवाड़ा की पूरी बिसात बिछाई गई। उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार और पटवारी तक की पूरी चेन इसमें शामिल रही। भूमाफिया ने प्रलोभन के जाल में फंसाकर छत्तरगढ़ व पूगल उपखण्ड क्षेत्र में भूमि आवंटन फर्जीवाड़ा का खेल चलाया। राजस्थान पत्रिका ने पड़ताल कर इस गोरखधंधे का भंडाफोड़ किया। धीरे-धीरे यह खुल कर सामने आ रहा है कि कैसे रैकेट चलाने वालों ने सरकारी तंत्र को पंगू बनाकर सरकारी भू सम्पदा को लूटने की पूरी प्रक्रिया को अंजाम दिया। कड़ियां किस तरह से जुड़ी हैं, इसका अंदाजा सहज लगाया जा सकता है। दरअसल, खुलासा यह भी हुआ है कि छत्तरगढ़ में भूमि आवंटन फर्जीवाड़ा को अंजाम देने वाले कुछ कार्मिक ही पूगल उपखण्ड क्षेत्र में भी तैनात हुए। उन्होंने छत्तरगढ़ फर्जीवाड़ा की तर्ज पर ही यहां भी सारा खेल रचा। जिला प्रशासन की जांच में अभी तक छत्तरगढ़ में कार्यरत रहे 19 और पूगल में रहे 16 कार्मिकों की लिप्तता उजागर हो चुकी है। इन 35 कार्मिकों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के साथ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। छत्तरगढ़ में जमीन के इंतकाल निरस्त कर वापस अराजीराज घोषित कर दिया गया है। जबकि पूगल में अभी जमीन वापस लेने



की कार्रवाई होनी शेष है। कुछ जमीन सोलर कम्पनियों को आगे लीज पर दी गई है। इसके भी इंतकाल निरस्त कर वापस अराजीराज घोषित की जाएगी।

### दो पटवार मंडल का खुलासा, शेष की चल रही जांच

पूगल उपखण्ड में पटवार मंडल बांदरवाला और करनीसर भाटियान में जमीनों के फर्जीवाड़ा खोले गए हैं। इनमें करमीसर भाटियान में सोलर प्लांट लगाने वाली कम्पनी को जमीनें देने के लिए भूमाफिया ने सरकारी कार्मिकों को अपने साथ मिलाया। सूत्र बताते हैं कि 15 हजार रुपए प्रति बीघा सालाना लीज पर कम्पनियां भूमि ले रही हैं। जबकि यह भूमाफिया तीन से पांच हजार रुपए प्रति बीघा पूरे खेल में खर्च करता था। अभी करीब 5500 बीघा करमीसर भाटियान और इतनी ही जमीन अन्य पटवार हलके में फर्जीवाड़ा होने का पता चला है। उपखण्ड पूगल के पटवार हलका भानीपुरा, अमरपुरा, बराला में भी ऐसे मामले हैं। इनके क्षेत्र में दर्ज इंतकाल व नामांतरण के कागजों की जांच चल रही है।पांच साल के सभी आवंटनों की जांच करेगी कमेटीजिला प्रशासन की ओर से गठित जांच कमेटी अब पूगल उपखण्ड में बीते पांच साल के दौरान किए गए सभी आवंटनों और नामांतरण की जांच करेगी। जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ेगी, करीब 20 हजार बीघा से ज्यादा भूमि के फर्जीवाड़ा का खुलासा होने का अनुमान लगाया जा रहा है। कमेटी ने सभी तहसीलों से पांच साल के दौरान भूमि के दर्ज इंतकाल की सूची मांग ली है।

### स्मॉल, मीडिया और विशेष आवंटन में सेंध

राज्य सरकार की ओर से अराजीराज रकबा में से स्मॉल पैच, मीडिया पैच और विशेष आवंटन खोले गए है। साथ ही पुराने 1971, 1984 और इसके बाद के विशेष और सामान्य आवंटन के लम्बित मामलों को निपटाने का अधिकार उपखण्ड अधिकारी को दे रखा है। आवंटन के लिए उपखण्ड स्तर पर कमेटी बना रखी है। इसमें एसडीएम, तहसीलदार, विधायक, सरपंच और राज्य सरकार के प्रतिनिधि शामिल हैं। इसकी बैठक में ही आवंटन का निर्णय किया जाता है। राजनीतिक दबाव में कमेटियों के निर्णय प्रभावित होते रहे हैं।

### एजेंसी से कराएंगे जांच, दोषियों पर होगी कार्रवाई

प्रशासन ने छत्तरगढ़ और पूगल क्षेत्र में अराजीराज और वनभूमि का फर्जीवाड़ा पकड़ा है। इसकी गहनता से जांच अभी जारी है। अन्य तहसीलों में भी ऐसे मामले हो सकते हैं। राज्य या केन्द्र सरकार की बड़ी एजेंसी से इस मामले की जांच करवाई जाएगी। गड़बड़ी में लिप्त और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई कराएंगे। जिससे भविष्य में कोई ऐसा नहीं करे।

### अर्जुनराम मेघवाल, केन्द्रीय मंत्री चुनाव के बाद मिलेंगे सीएम से

लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। साथ ही प्रशासन भी अभी पूरा मामला खंगाल रहा है। चुनाव के बाद मुख्यमंत्री से मुलाकात कर इस मामले में गहनता से जांच कराई जाएगी।

ऽ जालम सिंह भाटी, जिलाध्यक्ष देहात भाजपा

भूमि आवंटन फर्जीवाड़ा का अब तक खुलासा

उपखण्ड अब तक लिप्तता उजागर कुल भूमि

छत्तरगढ़ 19 कार्मिक (तहसीलदार व पटवारी) 6125 बीघा अराजीराज

छत्तरगढ़ कार्मिक सूचीबद्ध करने शेष 1290 बीघा वनभूमि पूगल 16 कार्मिक (एसडीएम, तहसीलदार, पटवारी) 5500 बीघा अराजीराज

सम्पादक की कलम से....

## सम्पादकीय

# पर्यावरण संरक्षण के लिये सार्थक प्रयत्न



पर्यावरण के प्रति लोगों को संवेदनशील बनाने, उसकी रक्षा करने एवं उसे बचाने के उद्देश्य से हर वर्ष 5 जून 2019 को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। पिछले कुछ समय से दुनिया में पर्यावरण के विनाश को लेकर काफी चर्चा हो रही है। मानव की गतिविधियों के कारण पृथ्वी एवं प्रकृति के वायुमंडल पर जो विषैले असर पड़ रहे हैं, उनसे राजनेता, वैज्ञानिक, धर्मगुरु और सामाजिक कार्यकर्ता भी चिंतित हैं। इस वर्ष अहिंसा विश्व भारती देश के प्रमुख धर्मगुरुओं को एक मंच पर लाकर पर्यावरण संरक्षण का एक महाअनुष्ठान मुम्बई में इसी दिन आयोजित कर रहा है, जिसमें विश्व के प्रख्यात धर्मगुरु जग्गी वासुदेव, स्वामी रामदेव, अहिंसा विश्व भारती के संस्थापक आचार्य डॉ. लोकेशमुनि, ब्रह्मकुमारी बी.के. शिवानी सहित अनेक देश-विदेश के विशिष्ट व्यक्तित्व पर्यावरण संरक्षण के महाकुंभ में एक नयी रोशनी को अवतरित करेंगे। धर्मगुरुओं की प्रेरणा से इस विश्वास और संकल्प को सचेतन किया जायेगा कि पर्यावरण पर मंडरा रहे खतरों के लिये न केवल सावधान किया जायेगा, बल्कि अब तक जो नहीं हुआ, उसे क्रियानवित करने एवं जागरूकता का माहौल निर्मित करने का सार्थक प्रयत्न किया जायेगा। क्योंकि इसके पीछे तीव्र प्रयत्न, नियोजित कार्यक्रम और गहरी लगन है। पर्यावरण विशेषज्ञों की मानें तो वातावरण में फैल रहे प्रदूषण के कारण समूची मानव जाति पर एक बड़ा संकट मंडरा रहा है। अगर इसपर समय रहते रोक न लगाई गई तो इसके और भी हानिकारक प्रभाव होंगे और सम्पूर्ण मानव जाति का अस्तित्व संकट में आ जायेगा। एक आम इंसान को भी इसका अहसास होने लगा कि मनुष्य ने प्रकृति को हर दृष्टिकोण से नुकसान पहुंचाया है। जंगलों की अंधाधुंध कटाई हो रही है, वाहनों से रोजाना हजारों-लाखों टन धुआं निकल रहा है जो हवा को प्रदूषित कर रहा है। कारखाने नदियों में जहरीला कचरा बहा रहे हैं तो कुछ बड़े राष्ट्र समुद्र में परमाणु परीक्षण करके उसे विषाक्त बना रहे हैं। मनुष्य के स्वार्थ का ही दुष्परिणाम है कि प्रकृति का संतुलन बिगड़ने लगा है।

आज विश्व के सामने ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्याएं चुनौती के रूप में खड़ी है। औद्योगिक गैसों के लगातार बढ़ते उत्सर्जन और वन आवरण में तेजी से हो रही कमी के कारण ओजोन गैस की परत का क्षरण हो रहा है। इस अस्वाभाविक बदलाव का प्रभाव वैश्विक स्तर पर हो रहे जलवायु परिवर्तनों के रूप में दिखलाई पड़ता है। सार्वभौमिक तापमान में लगातार होती इस वृद्धि के कारण विश्व के ग्लेशियर पिघलने लगे हैं। ग्लेशियरों के तेजी से पिघलने का प्रभाव महासागर में जलस्तर में ऐसी ही बढ़ोतरी होती रही तो महासागरों का बढ़ता हुआ क्षेत्रफल और जलस्तर एक दिन तटवर्ती स्थल भागों और द्वीपों को जलमग्न कर देगा। इसका नतीजा समुद्र के किनारे बसे शहरों को भुगतना पड़ रहा है। इनसे वहां रहने वाले हजारों-लाखों लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। चूंकि प्रकृति मनुष्य की हर जरूरत को पूरा करती है, इसलिए यह जिम्मेदारी हरेक व्यक्ति की है कि वह प्रकृति की रक्षा के लिए अपनी ओर से भी कुछ प्रयास करे।

पेड़-पौधें मनुष्य को स्वच्छ वायु और ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, साथ ही जलवायु सुधार, जल संरक्षण, मिट्टी के संरक्षण और वन्य जीवन की सुरक्षा करते हैं। इसलिए पेड़-पौधों की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के लिए पर्यावरण संरक्षण पर जोर देने की आवश्यकता है। यह पर्यावरण हमें क्या नहीं देती? वर्तमान समय में पर्यावरण के समक्ष चुनौती बढ़ती जनसंख्या की है। धरती की कुल आबादी आज आठ अरब के निकट पहुंच चुकी हैं। बढ़ती आबादी पर्यावरण पर उपलब्ध संसाधनों पर अधिक दबाव डालती है, जिससे वसुंधरा की प्राकृतिक क्षमता प्रभावित होती है। बढ़ती जनसंख्या की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पर्यावरण के शोषण की सीमा आज चरम पर पहुंच रही है। जलवायु परिवर्तन के खतरे को कम से कम करना सबसे बड़ी चुनौती है। आज हमारा पर्यावरण अपना प्राकृतिक रूप खोता जा रहा है। विश्व में बढ़ती जनसंख्या, औद्योगिकीकरण एवं शहरीरकरण में तेजी से वृद्धि के साथ-साथ पर्यावरण प्रदूषण की समस्या भी विकराल होती जा रही है।

प्रदूषित पर्यावरण ने अनाज और फलों को भी प्रभावित किया हैं। एक तरफ तो अनियंत्रित प्रकृति ने पैदावार पर असर डाल रही है तो दूसरी ओर फलों एवं अनाजों को बेस्वाद एवं अस्वास्थ्यकर कर रही है। आज आवश्यक हो गया है कि व्यक्ति ही नहीं समुदायों, राष्ट्रों और संपूर्ण विश्व, पर्यावरण के प्रति अपनी नीतियों और उनके क्रियान्वयन में एक संवेदनशीलता लाएं। विश्व के विभिन्न भागों में पर्यावरण के प्रति सजगता धीरे-धीरे बढ़ती हुई दिखाई देने लगी है और लोग पर्यावरण के दुष्परिणामों से होने वाली समस्याओं को समझने लगे हैं। लेकिन इस जनभावना को देखते हुए सरकारें इसी पर्यावरण के स्वास्थ्य की कीमत पर भौतिक एवं आर्थिक विकास को जारी रखती है या अपनी प्राथमिकताओं पर पुनर्विचार करती है, यह एक गंभीर एवं चिन्तनीय विषय है। आधुनिक समाज में एक स्वस्थ संतुलित जीवन को एक नागरिक अधिकार के रूप में देखा जाने लगा है।

## आज का राशिफल

यह राशिफल जन्म राशि पर आधारित है। व्यक्ति के जन्म के समय चंद्रमा जिस राशि पर थे, वही उसकी जन्म राशि होती है। यदि राशि की जानकारी आपको नहीं है तो अपने नामाक्षर से राशिफल देखें।



**मेष (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ) :** आज भाग्य से कोई नया प्रस्ताव मिल सकता है। सरकारी काम आसानी से बन जाएंगे। अधिकारी सहयोग करेंगे। किसी चैरिटी आदि में धन खर्च करेंगे। मित्रों के साथ पार्टी में जा सकते हैं।

**वृषभ (ई,उ,ए,ओ,वा,वी,वू,वे,वो) :** सुख-सुविधाओं पर खर्च होगा। व्यक्तिगत मामलों में गलतफहमी को जन्म देने वाली कोई बात हो सकती है। परिवार के साथ पार्टी में जा सकते हैं। कोई नया प्रस्ताव यदि आज मिलता है।

**मिथुन (क,की,कू,घ,ङ, छ, के,को, ह) :** कार्यों को मन लगाकर पूरा करेंगे। आपकी बढ़ते प्रभाव से कुछ लोगों को परेशानी हो सकती है। आज की गई मेहनत का पूरा फल नहीं मिलेगा। व्यक्तिगत मामलों को सावधानी से हल करें।

**कर्क (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो) :** किसी योजना का क्रियान्वयन हो जाएगा। अधूरे काम भी किसी न किसी सहयोग से आज पूरे हो जाएंगे। धैर्यपूर्वक निर्णय लेने पड़ेंगे। भाग-दौड़ बनी रहेगी, परंतु यात्रा करना आज ठीक नहीं रहेगा।

**सिंह (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे) :** परिवार के बड़े सदस्यों की आज्ञा मान कर चलेंगे तो फायदे में रहेंगे। लाभ के एक से अधिक अवसर सामने होंगे। चाहा गया सहयोग नहीं मिलने से काम खुद ही पूरे करने पड़ेंगे। बड़े भाई से लाभ होगा।

**कन्या (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो) :** आज घर और बाहर दोनों जगह आपके काम की सराहना होगी। काम के घंटे बढ़ जाएंगे अतः पिछले छूटे कामों को पहले पूरा कर लें। अधिकारी वर्ग प्रसन्न रहेगा। विद्यार्थी वर्ग लाभ में रहेगा।

**तुला (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते) :** आज काम बनने में थोड़ी असुविधा हो सकती है। विरोधियों से सावधान रहना होगा। प्रोपर्टी के खरीदने या बेचने से संबंधी बात हो सकती है। पुराने मित्रों से मुलाकात होने की संभावना है।

**वृश्चिक (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू) :** व्यावसायिक कार्यों का विस्तार करने के लिए अतिरिक्त परिश्रम करना पड़ेगा। सहयोग मिल जाने से थोड़ी आसानी हो जाएगी। व्यक्तिगत संबंधों में सौहार्द्र की भावना बढ़ने से मन प्रसन्न होगा।

**धनु (ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे) :** आज का दिन महत्वपूर्ण काम करने के लिए नहीं है। निजी समस्याओं को अपने ऊपर हावी न होने दें। परिवार के साथ समय बिताना आवश्यक है, चाहें तो कहीं आउटिंग के लिए जा सकते हैं।

**मकर (भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी) :** आज स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा, परंतु काम फिर भी आसानी से बन जाएंगे। लाभ की कोई नई योजना बनाकर उस पर अमल करेंगे। मित्र विशेष सहयोगी बनकर सामने आएंगे।

**कुंभ (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा) :** आज घर की बुजुर्ग स्त्री की सलाह काम आएगी, महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय उसको नजरअंदाज ना करें। यात्रा करना हित में नहीं रहेगा, बहुत जरूरी हो तो पहले मंदिर जाएं फिर यात्रा करें।

**मीन (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची) :** आज योग्यता दिखाने का उचित अवसर मिलेगा। लाभ देने वाली छोटी यात्रा की संभावना है। बडी प्रतिस्पर्धा में भी विजयी होंगे। वाहन धीमी गति में चलाएं, अन्य कामों में भी जल्दबाजी ना करें।

# 'सेवा परमो धर्म' या अपराध!



2015 में अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में कच्चे तेल का दाम मामूली सा कम होने का श्रेय भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लेने के इच्छुक थे, तभी उन्होंने स्वयं को 'नसीब वाला' प्रधानमंत्री बताया था। अपना सीना 56 इंच का बताकर भी वे स्वयं को एक बलशाली प्रधानमंत्री साबित करना चाहते थे। हालांकि प्रधानमंत्री पद पर बैठने वाले के लिए उपरोक्त दोनों ही विशेषण की कोई आवश्यकता नहीं है। न ही अहंकार व आत्ममुग्धता से पूर्ण इस स्तर की शब्दावली का प्रयोग पूर्व के किसी प्रधानमंत्री द्वारा किया गया। परन्तु जब यही ख़ुश नसीब और 56 इंच का सीना रखने वाला प्रधानमंत्री कैमरे के सामने ग़मगीन, आंसू बहाता हुआ, रुंधे गले से बोलता और दुखी जनता के समक्ष बेबस सा नज़र आने लगे फिर तो उसकी ख़ुशनसीबी व सीने की चौड़ाई दोनों पर ही सवाल उठना लाज़िमी है। आज जिस प्रकार सरकार कोरोना महामारी तथा इसके दुष्परिणामों का सामना कर रहे देशवासियों के सामने लाचार नज़र आ रही है उससे स्पष्ट है कि सरकार अपनी कथनी को करनी में नहीं बदल सकी। बजाए इसके सरकार को इस समय दुनिया के अनेक देशों की आलोचना का सामना भी सिर्फ़ इसलिए करना पड़ रहा है क्योंकि यह सरकार वर्तमान संकटकाल में अस्पताल, ऑक्सीजन प्लांट, वैक्सीन, दवा, बेड आदि से ज़्यादा महत्व सेंट्रल विस्टा योजना तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उनकी सरकार की छवि निर्माण करने पर दे रही है।

परन्तु सूचना प्रौद्योगिकी के वर्तमान आधुनिक दौर में देश की वास्तविकता किसी से छुपी नहीं है। भले ही प्रधानमंत्री ने अपने अब तक के पूरे शासनकाल में एक बार भी प्रेस कॉन्फ़्रेंस न बुलाकर पत्रकारों के तीखे सवालों से बचने की कोशिश क्यों न की हो परन्तु गोदी मीडिया के अलावा देश व दुनिया के निष्पक्ष मीडिया ने आक्सीजन के लिए मची हाहाकार से लेकर अस्पतालों में मरीज़ों तथा शमशान घाट में शवों की लंबी क़तारों व देश की विभिन्न नदियों में बहने वाली हज़ारों लाशों के चित्र विश्व के सामने ला दिए हैं। यही दृश्य देखकर ही दुनिया के अनेक देशों ने अविलंब ही भारत की तरफ़ मदद के हाथ बढ़ाए। सरकार की नाकामियों की पोल खोलने का इससे बड़ा सुबूत और हो भी क्या सकता है कि जो भारतवर्ष दूसरे देशों की सहायता के लिए आगे खड़ा रहता था वहीं भारत अपनी ज़रुरत की ऑक्सीजन व स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए दुनिया को बेबस दिखाई दिया।

सरकार ने गत वर्ष 25 मार्च से 14 अप्रैल के मध्य 21 दिन का लॉक डाउन घोषित कर महाभारत की तरह कोरोना पर क़ाबू पाने का संकल्प जताया था और पूरे देश के रेल, बसों व विमानों सहित यातायात के सभी साधन अचानक ठप्प कर दिए थे, उद्योग व्यापार सब बंद हो चुका था उस समय सरकार के ग़लत फ़ैसलों के परिणाम स्वरूप उपजी बेबसी व लाचारी के चलते सड़कों पर आ चुके व अपने घर गांव का हज़ारों किलोमीटर का मार्ग पैदल तय करते करोड़ों कामगारों को दो वक़्त की रोटी देने का कोई साधन या तरीक़ा सरकार के पास नहीं था। जिस तरह आज शमशान से लेकर नदियों के किनारे तक हज़ारों शवों की अकल्पनीय व वर्णित न कर पाने वाली दुर्दशा देखकर मानव ह्रदय रखने वाला प्रत्येक व्यक्ति ग़मगीन है उसी तरह लाखों लोगों को सैकड़ों पर हज़ारों किलोमीटर सपरिवार पैदल चलता देख, व रस्ते में उनके साथ आने वाले संकट व उनकी लाचारी व मजबूरी को देख उस समय भी प्रत्येक भारत वासी आंसू बहा रहा था।

### विचार बिन्दु

**यहां तक कि अभिनेता सोनू सूद की असीम सेवा के चलते कुछ संकुचित मानसिकता रखने वाले लोगों को उनकी बढ़ती लोकप्रियता भी खटकने लगी है। इससे तो साफ़ ज़ाहिर होता है कि सरकार स्वयं भी कुछ नहीं कर पा रही और दूसरों को भी इस भयवश नहीं करने दे रही कि कहीं उसकी नाकामी व दूसरों की कारगुज़ारियों का राजनैतिक नुक़सान सत्ता को न उठाना पड़ जाए ? आख़िर जब हमारे देश का सूत्र वाक्य ही 'सेवा परमो धर्म' अर्थात सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है तो सरकार दूसरों को सेवा क्यों नहीं करने देती?**



तनवीर जाफ़री

और तब भी और आज भी भारत का वही मानव ह्रदय रखने वाला वर्ग स्वेच्छा से अपना कर्तव्य समझते हुए प्रभावित व पीड़ित व्यक्ति के साथ खड़ा दिखाई दे रहा है। भूखों को खाना खिलने वाला, मरीज़ों को ऑक्सीजन उपलब्ध करने वाला, यहां तक कि कई शहरों में ऑक्सीजन का लंगर लगाने वाला यह वर्ग धर्म जाति के बंधनों से ऊपर उठकर मानव सेवा के लिए गत वर्ष भी समर्पित था और आज भी समर्पित है। दिल्ली, चंडीगढ़ व पंजाब में तो सिख समाज के लोगों ने कई निःशुल्क कोविड हॉस्पिटल भी खोल दिए हैं जहां प्रत्येक दवाइयां व सुविधाएं मुफ़्त हैं। ज़ाहिर है सुचारु स्वास्थ्य सुविधाएं जनता को मुहैय्या कराना सरकार का दायित्व है। और जब वह इसमें असफल है तभी निजी स्तर पर समाजसेवियों व समाजसेवी संगठनों व अनेक धार्मिक संस्थाओं को आगे आना पड़ रहा है। यदि सरकार सक्षम होती तो इन संस्थाओं को आगे आने की ज़रुरत ही क्या थी ?गोया मानवता की भलाई में लगा यह वर्ग सरकार का सहयोग ही कर रहा है। ऐसे में मानवता, न्याय व नैतिकता तो यही कहती है कि सरकार ऐसे लोगों की सहायता करे, उन्हें संरक्षण दे। और अगर हीन भावना से ग्रस्त सरकार यह नहीं भी कर सकती तो कम से कम इन्हें हतोत्साहित तो न करे, इनके जनहितकारी कामों में अवरोध तो न खड़ा करे, इन्हें कटघरे में तो न खड़ा करे।

परन्तु सत्ता का जनसेवा को हतोत्साहित करने का दुर्भावनापूर्ण कृत्य गत वर्ष भी देखा गया था और इस बार भी देखा जा रहा है। मरीज़ों को आक्सीजन की घोर क़िल्लत के मध्य उनकी सेवा में जी जान से जुटे युवक कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी तथा आम आदमी पार्टी के नेता दिलीप पांडेय से पिछले दिनों दिल्ली पुलिस ने पूछताछ की। कई भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं सहित न्यूज़ीलैंड व फ़िलीपींस के दूतावासों में कोविड ग्रस्त लोगों को भी इन्हीं समाजसेवियों ने ही ऑक्सीजन उपलब्ध कराई। यहां तक कि दिल्ली के कांग्रेस नेता मुकेश शर्मा ने केंद्रीय इस्पात राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते तक को ऑक्सीजन उपलब्ध कराई । लेकिन दिल्ली पुलिस को इन्हीं समाज सेवकों पर संदेह है कि कहीं 'सेवा' के नाम पर ये लोग ऑक्सीजन व दवाओं की कालाबाज़ारी करने में तो संलिप्त नहीं। कई जगह इसी सेवा मिशन में लगी एम्बुलेंस व ऑटो रिक्शा को भी पुलिस हिरासत में लिए जाने व कुछ पर मुक़द्दमा दर्ज किये जाने के भी समाचार हैं । यही स्थिति गत वर्ष उस समय भी देखी गयी थी जब उत्तर प्रदेश में पैदल जा रहे लाखों श्रमिकों की दुर्गति देख प्रियंका गाँधी ने उन्हें ले जाने के लिए सैकड़ों बसों का प्रबंध किया था। उस समय भी उत्तर प्रदेश सरकार उन सभी बसों को निःशुल्क डीज़ल मुहैय्या कराना तो दूर उल्टे उन बसों के काग़ज़ात का निरीक्षण करने व उनके चालान करने पर उतारू हो गयी थी।

यहां तक कि अभिनेता सोनू सूद की असीम सेवा के चलते कुछ संकुचित मानसिकता रखने वाले लोगों को उनकी बढ़ती लोकप्रियता भी खटकने लगी है। इससे तो साफ़ ज़ाहिर होता है कि सरकार स्वयं भी कुछ नहीं कर पा रही और दूसरों को भी इस भयवश नहीं करने दे रही कि कहीं उसकी नाकामी व दूसरों की कारगुज़ारियों का राजनैतिक नुक़सान सत्ता को न उठाना पड़ जाए ? आख़िर जब हमारे देश का सूत्र वाक्य ही 'सेवा परमो धर्म' अर्थात सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है तो सरकार दूसरों को सेवा क्यों नहीं करने देती ? हर सेवक को अपराधी की नज़रों से देखना आम लोगों के लिए और परेशानी खड़ी करने यहाँ तक कि किसी मरीज़ की मौत का सबब तक बन सकता है।

# वासुदेव-देवकी के सामने ही उनकी संतानों को मारता रहा था कंस

अत्याचारी कंस का विनाश करने के लिए श्रावण मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी के दिन भगवान श्रीकृष्ण मध्यरात्रि के समय पृथ्वी पर अवतरित हुए थे इसलिए इस दिन को दुनिया भर में कृष्ण जन्माष्टमी के रूप में धूमधाम से मनाया जाता है। मान्यता है कि जो व्यक्ति जन्माष्टमी के व्रत को करता है, वह ऐश्वर्य और मुक्ति को प्राप्त करता है। व्रत को करने वाला इसी जन्म में सभी प्रकार के सुखों को भोग कर अंत में मोक्ष को प्राप्त करता है। इसके अलावा जो मनुष्य भक्तिभाव से भगवान श्रीकृष्ण की कथा को सुनते हैं, उनके समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं और वे उत्तम गति को प्राप्त करते हैं।

मान्यताओं के मुताबिक एक बार देवराज इंद्र ने नारदजी से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व्रत का पूर्ण विधान, इससे होने वाला लाभ और इस व्रत को करने की विधि पूछी तो नारदजी बताया कि भाद्रपद मास की कृष्ण जन्माष्टमी को इस व्रत को करना चाहिए। उस दिन ब्रह्मचर्य आदि नियमों का पालन करते हुए श्रीकृष्ण की पूजा करनी चाहिए। सर्वप्रथम श्रीकृष्ण की मूर्ति स्वर्ण कलश के ऊपर स्थापित कर चंदन, धूप, पुष्प, कमलपुष्प आदि से श्रीकृष्ण प्रतिमा को वस्त्र से सुसज्जित कर विधिपूर्वक पूजा करें। गुरुचि, छोटी पीतल और सौंठ को श्रीकृष्ण के आगे अलग-अलग रखें। इसके पश्चात भगवान विष्णु के दस रूपों को देवकी सहित स्थापित करें। इसके साथ ही भगवान विष्णु के दस अवतारों, लक्ष्मी, गोपिका, यशोदा, वसुदेव, नंद, बलदेव, देवकी, गायों, वत्स, कालिया, यमुना नदी, गोपगण और गोपपुत्रों का पूजन करें। भजन-कीर्तन करते हुए रतजगा करें और मध्यरात्रि को आरती कर प्रसाद वितरण करें।

कथा द्वापर युग में पृथ्वी पर राक्षसों के अत्याचार बढ़ने लगे। पृथ्वी गाय का रूप धारण कर अपनी कथा सुनाने के लिए तथा अपने उद्धार के लिए ब्रह्माजी के पास गई। ब्रह्माजी सब देवताओं को साथ लेकर पृथ्वी को भगवान विष्णु के पास क्षीरसागर ले गये। उस समय भगवान श्रीकृष्ण अनन्त शैया पर शयन कर रहे थे। स्तुति करने पर भगवान की निद्रा भंग हो गई। भगवान ने ब्रह्माजी एवं सब देवताओं को देखकर आने का कारण पूछा, तो पृथ्वी बोली- 'भगवान! मैं पाप के बोझ से दबी जा रही हूं। मेरा उद्धार कीजिए। यह सुनकर भगावान विष्णु बोले- मैं ब्रज मंडल में वासुदेव की पत्नी देवकी के गर्भ से जन्म लूंगा। तुम सब देवतागण ब्रज भूमि में जाकर यादव वंश में अपना शरीर धारण करो। इतना कहकर भगवान अंतर्ध्यान हो गए। इसके पश्चात देवता ब्रज मंडल में आकर यदुकुल में नन्द-यशोदा तथा गोप-गोपियों के रूप में पैदा हुए। द्वापर युग के अंत में मथुरा में उग्रसेन नाम के एक राजा राज्य करते थे। उग्रसेन के पुत्र का नाम कंस था। कंस ने उग्रसेन को बलपूर्वक सिंहासन से उतारकर जेल में डाल दिया और स्वयं राजा बन गया। कंस की बहन देवकी का विवाह यादव कुल में वासुदेव के साथ निश्चित हो गया था। जब कंस देवकी को विदा करने के लिए रथ के साथ जा रहा था, तो आकाशवाणी की बात सुनकर कंस क्रोध में भरकर देवकी को मारने को तैयार हो गया। उसने सोचा- न देवकी होगी, न उसका कोई पुत्र होगा।

वासुदेवजी ने कंस को समझाया कि तुम्हें देवकी से तो कोई भय नहीं है। देवकी की आठवीं संतान से तुम्हें भय है। इसलिए मैं इसकी आठवीं संतान को तुम्हें सौंप दूंगा। तुम्हारी समझ में जो आये, उसके साथ वैसा ही व्यवहार करना। कंस ने वासुदेवजी की बात स्वीकार कर ली और वासुदेव-देवकी को कारागार में बंद कर लिया। तभी नारदजी वहां आ पहुंचे और कंस से बोले कि यह कैसे पता चलेगा कि आठवां गर्भ कौन सा होगा। गिनती प्रथम से या अंतिम गर्भ से शुरू होगी। इस तरह कंस ने नारदजी से परामर्श कर देवकी के गर्भ से उत्पन्न होने वाले समस्त बालकों को मारने का निश्चय कर लिया।




## 01 मई की महत्वपूर्ण घटनाएँ

1994 मीना (सऊदी अरब) में हज से जुड़े एक समारोह के समय भगदड़ मच जाने से 250 लोगों से भी अधिक हाजियों की मृत्यु।

2000 दक्षिण लेबनान से 22 साल का ख़ूनी दौर समाप्त कर इस्त्रायली सेना वापस लौटी।

2002 नेपाल में नेपाली कांग्रेस ने प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा को नेपाली कांग्रेस पार्टी से निलंबित किया।

2003 इस्त्रायल के प्रधानमंत्री एरियल शैरोन ने पश्चिम एशिया शांति योजना को स्वीकार किया।

2005 एनबी इंकबेयर मंगोलिया के राष्ट्रपति चुने गये।

2007 एमा निकोलसन रिपोर्ट यूरोपीय संघ की संसद में पारित।

2008 उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य कर्मचारियों का मंहगाई भत्ता छह प्रतिशत बढ़ाने का फ़ैंसला किया।

जन्मे व्यक्ति

1819 महारानी विक्टोरिया - ग्रेट ब्रिटेन और आयरलैण्ड की महारानी

1896 करतार सिंह सराभा - भारत के प्रसिद्ध क्रान्तिकारियों में से एक।

1954 बछेंद्री पाल - माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली प्रथम भारतीय महिला।

1899 काज़ी नज़रुल इस्लाम - प्रसिद्ध बांग्ला कवि, संगीत सम्राट, संगीतज्ञ और दार्शनिक थे।

# राष्ट्रवाद को सत्ता हथियाने का अवसर ना बनाये

### विचार बिन्दु



संजीव ठाकुर

**अवतारवाद जातिवादी राजनीति और पद लोलुपता तानाशाही प्रवृत्ति को जन्म दे सकते हैं। अति राष्ट्रवादी होने के स्वरूप को ऑन कर तानाशाही की प्रवृत्ति को आम जनता के ऊपर लागना सैनिक तानाशाही अधिनायकवाद तथा फासीवाद को भी जन्म देने की प्रक्रिया के अंग हैं।**

राष्ट्रवाद सार्वभौमिक सत्य है। राष्ट्र के निर्माण में राष्ट्रवाद की भूमिका हमेशा अति महत्वपूर्ण रही है। देश के हर नागरिक की जिम्मेदारी भी है कि उसकी राष्ट्र के प्रति गहरी निष्ठा, समर्पण हो, पर इसका कतई आशय नहीं है की सत्ता लोलुप राजनीतिक पार्टियां राष्ट्रवाद को धर्म संप्रदाय से जोड़कर सत्ता हथियाने का अवसर या अस्त्र बनाने का प्रयास करें, निसंदेह इस बात से राष्ट्रीय भावना विखंडित, आहत होती है। ऐतिहासिक तौर पर लगातार सत्ता पर बने रहने के लालच से कोई भी राजा सम्राट अथवा बादशाह चिंता नहीं रहा हैद्य वर्तमान परिदृश्य में राजनीतिक पार्टी के नेता भी सत्ता लोलुपता से परे नहीं है, इस संदर्भ में कई बार राष्ट्रवाद को धर्म से जोड़कर भावनात्मक तरीके से इसे सत्ता प्राप्ति का अस्त्र तथा अवसर बनाकर उपयोग किया जाता रहा है। सत्ता सदैव परिवर्तनशील होती रहनी चाहिए, यह एक स्वस्थ लोकतंत्र की परंपरा को और मजबूत बनाती हैद्य लगातार सत्ता किसी भी सत्ताधीश को निरंकुश बनाकर अधिनायकवाद के बीज को रोपित करती है

देश में अवसरवादी राजनीतिक दलों की उपस्थिति जातिवादी समीकरण के अतिवादी दृष्टिकोण, अब परिपक्व लोकतांत्रिक संस्थाओं का परिचालन एवं आमजन की सीमित तर्क बुद्धि एवं और दूरदर्शिता के कारण कई बार जनता के दूरगामी लाभ के स्थान पर तात्कालिक लाभ की प्रक्रिया से अवसरवादी अभिमत तथा तुष्टीकरण की नीति से जनता के लाभ के अवसर को दूर ले जाते हैंद्य

राजनीतिक पार्टियों की अवसरवादी तथा पद लोलुपता की अभिवृत्ति जनता को तुरंत लाभ देने की सर दूरदर्शन नीति लोकतंत्र को बहुत बड़े खतरे की ओर ले जाती है एवं इससे राष्ट्रीय विकास की क्षमता में बहुत ज्यादा स्खलन होने की संभावना होती हैद्य जनता के हितों उनकी भावनाओं से खिलवाड़ कर शोषण करना अंततः राष्ट्रीय चरित्र तथा अनुशासन के स्थान पर आर्थिक तथा सामाजिक सुरक्षा चरित्र को जन्म देती हैद्य अवतारवाद राजनीति का एक अंग हो सकता है किंतु सदैव आशीर्वाद तथा पद लोलुपता राजनीति को गर्त में ले जाने सदस्य है यह अलग मुद्दा है कि जन भावना बहुमत की भावना तथा सामाजिक प्रथाएं एवं तात्कालिक हित किसी भी लोकतंत्र के लिए आवश्यक अंग हो सकते हैं लोकतंत्र में विशेष परिस्थितियों में जनता का समर्थन प्राप्त करना एवं उनके हितों की रक्षा के लिए नए उपायों की अवधारणा उचित हो सकते और आवश्यक भी, किंतु राजनीति में पद लोलुपता अवसरवादी ता एवं जातिवाद को विखंडित करने की नियत किसी भी दृष्टि से लोकतंत्र के हित में नहीं दिखाई देती हैंद्य भारतीय परंपरा में भी शाम दाम दंड भेद सुशासन का प्रमुख उपकरण मान लिया गया है पर इसके दूरगामी परिणाम तुष्टीकरण के साथ-साथ अनुशासन की महत्ता को कमतर करने का कार्य करते हैंद्य यह सुनिश्चित है कि बिना विकसित लोकतांत्रिक उपकरणों के लोकप्रियता को मापना एक दुष्कर कार्य हो जाता है कई बार कम संख्या परंतु मजबूत संगठन वाले समूह के हित के लिए अनुचित साधन बनकर रह जाते हैं, और यही कारक बहुमत के शासन के लोकतांत्रिक आदर्श के विपरीत चले जाते हैंद्य लोकतांत्रिक मूल्यों सिद्धांतों को अवसरवादी का पत्ता एवं दलबदल क्षति पहुंचाने के बहुत बड़े कारण हैंद्य अवसरवाद तथा सत्ता की चाहत लोकतांत्रिक मूल्यों के दूरगामी दुष्परिणामों का बड़ा संकेत हो चुका है। भारतीय संविधान में भी लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के छोटे-छोटे छिद्रों से राजनीतिक दल अवसर के जो ताने बाने बुनते हैं उससे राजनैतिक एवं ऐतिहासिक प्रति मानव को हमेशा नुकसान ही हुआ है। अब राजनीति में सिद्धांतों की प्रतिबद्धता बहुत निम्न स्तर पर पहुंच गई है जिससे लोकतांत्रिक नीतियों और सिद्धांतों मैं बहुत ज्यादा विसंगतियां पैदा हो चुकी हैं।

लोकतंत्र में बहुमत के साथ अधिनायकवाद अवतारवाद सत्ता लोलुपता और जातिगत समीकरणों का गलत तरीके से उपयोग सामंतवादी आ लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को जन्म दे सकता है। जातिवादी मतदान की लोकप्रियता वादी मजबूरी के कारण खाप पंचायतों का उदय हुआ है जो पंचायती लोकतंत्र को प्रतिस्थापित कर के मूलभूत लोकतांत्रिक व्यवस्था के पतन का कारण भी बन सकता है। धर्म तथा धार्मिक प्रथाओं में समानता एवं स्वतंत्रता का हनन धार्मिक लोकतंत्र के अंत का ही स्वरूप है, जिसका कारण तुष्टीकरण आधारित लोकप्रियता वाद एवं अवतारवाद हो सकता है। पशु व्यापार गोवंश के पद पर एकतरफा प्रतिबंध को भी भारतीय लोकतंत्र के समानता स्वतंत्रता एवं धर्मनिरपेक्षता के आदेशों पर एक नकारात्मक कदम के रूप में देखा जा रहा है।

# कम हो तनाव तो केश रहे लाजवाब


**चिंता चिता के समान होता है, जितनी जल्दी जला दें अच्छा है। यहां तो चिंताओं के बीच ही लोग जीवन-यापन के तौर-तरीके सीखते हैं। किसी की जेब में पैसे नहीं है तो किसी को नौकरी की चिंता सता रही है। इसी चिंता की चिता में नौजवानों के बाल जल रहे हैं। केशों का टूटना या यों कहें कि गंजापन की अंधी दौर चल पड़ी है। जिसमें बहुत कम ही लोग सुरक्षित हैं। ऐसे में भी डॉक्टर मानते हैं कि बाल गिरना एक चिकित्सकीय बीमारी है, जिसका निदान संभव है। हेयर ट्रांसप्लांट व त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. सुमित शर्मा कहते हैं कि बाल कम होने के अनेकों कारण है। पैसों की कमी के बीच भी जीवन तनाव मुक्त जीया जा सकता है। खानपान का भी केश पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ता है। डॉक्टर मानते हैं कि शुरू से ही कुछ चीजों का खयाल रखें तो गंजेपन की समस्या से बचा जा सकता है। बाल गिरने की रोकथाम करने और उपचार के लिए एक कारगर व सुरक्षित विकल्प के लिए डॉक्टर की सला ले सकते हैं।**

### रुसी या सिकरी है झड़ने का मूल कारण

सर की त्वचा में कुपोषण या रूखेपन के कारण जड़ों की त्वचा सूख कर झड़ने लगती है। जिसे सामान्य भाषा में रुसी या सिकरी कहा जाता है। रुसी होने पर बाल झाड़ने शुरू हो सकते हैं।

### सिर को साफ रखें

फंगल संक्रमणों से बचने के लिए अपने सिर को साफ रखें। अपने बालों को नियमित रूप से धोने, गंदगी को साफ करने और ज्यादा तेल की वजह से सिर की त्वचा के बंद हो जाने वाले छिद्रों को खोलने के लिए किसी हल्के शैम्पू का इस्तेमाल करें। आप अपने बालों को मुलायम बनाने और उलझने से रोकने के लिए किसी सौम्य कंडीशनर का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। सौम्य और प्राकृतिक हेयरस्टाइल तकनीकों का चुनाव करें।




### रुसी या सिकरी का उपचार

**बाल धोने के आधा घटे पूर्व एक-दो नीबू काटकर बालों में मल लें तथा हल्के गरम पानी से सर धो लें। इससे रुसी का सफाया हो जाता है। दो किलो पानी में नींबू रस निचोड़कर एक सप्ताह तक प्रतिदिन अच्छी प्रकार से केश धोएं। नारियल के तेल में तेल से आधा कपूर, नीबू का रस मिलाकर जड़ों में हलकी मालिश करें और रोज मोटे दात वाले कंघे से हल्के हाथों से मालिश करें। बालों को साबुन से न धोकर रीठा से धोएं।**



### बाल कम होने के कारण



चिंता, लंबी बीमारी या शैल्यक्रिया के कारण तनाव होना। प्रोटीन, आयरन, जिंक या बायोटिन जैसे आवश्यक पोषक पदार्थो की कमी होना। लिहाजा पोषक तत्वों से भरे खाद्य पदार्थो को तरजीह दें। यौन हार्मोनों के स्तर में अचानक बदलाव आना, मसलन महिलाओं में डिलीवरी के बाद। सिर में फंगल संक्रमण होना। हेयरड्रेसिंग (केश सज्जा) तकनीकों का इस्तेमाल करना, जैसे – कसकर गूंथना, मोड़ना या बालों को अत्यधिक तापमान में रखना। ब्लीचिंग, कलरिंग और परमिंग, जैसे – प्रबल रसायनों के इस्तेमाल से बालों का उपचार करना। ये बालों की जड़ों को कमजोर करते हैं और इसके कारण बाल टूटते और झड़ते हैं। एंटीबायोटिक्स, बीटा ब्लॉकर्स और कॉर्टीसोंस जैसी औषधियां लेना। कीमोथेरेपी बालों की कोशिकाओं को नष्ट कर सकती है।

### बालों का खयाल रखने के नुस्खे

हेलमेट, कंघियों, हेयरब्रशों और टोपियों को दूसरे लोगों के साथ साझा न करें। बाल गीले हों तो इन पर ब्रश या कंघी न करें। या बहुत कसकर ब्रश नहीं करें। चिंता, अवसाद और अत्यधिक उलेजना पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्यवर्द्धक और संतुलित आहार लें। हरी सब्जियां, नारियल, सोया, मछली, अंडे, लीवर और बादाम तथा अखरोट जैसी गिरियां आपके बालों को अच्छा पोषण प्रदान कर सकती है।

## हैप्पी रहने के 9 मंत्र

- जिस जगह या स्थान में जाने पर आपके मन को सुकून मिलता हो, ऐसी जगह पर बार-बार जाएं।
- एक कहावत है कि किसी को नाराज करने में एक मिनट का भी समय नहीं लगता, लेकिन किसी को हंसाने में कई घंटे बीत जाते हैं। इसलिए दूसरों को हंसने का अवसर अवश्य प्रदान करें।
- सकारात्मक सोच से कठिन से कठिन दिखाई देने वाले काम आसानी से संपन्न हो जाते हैं। यदि आप अपने मन में सकारात्मक भाव जाग्रत करेंगी तो आपका हर काम आसानी से पूरा हो जाएगा।
- अपनी छोटी-बड़ी हर उपलब्धि का जश्न मनाएं। कभी भी इस इंतजार में छोटी उपलब्धि को दरकिनार न करें कि जब बड़ी उपलब्धि हासिल होगी तो जश्न मनाएंगी।
- तन की सुंदरता के बजाय मन की सुंदरता को महत्व दें। तन की सुंदरता तो कुछ वर्षो की मेहमान है, जबकि मन की सुंदरता तो हमेशा साथ रहेगी।
- अपने आसपास के लोगों पर विश्वास करें। यदि आप हरेक को शंकालु दृष्टि से देखेंगी तो जिंदगी का आनंद उठाने से वंचित रह जाएंगी।
- कौन कैसा है इस बात पर ज्यादा दिमाग न लगाएं। इसके बजाय इस बात पर ध्यान केंद्रित करें कि आप अपने को और अच्छा कैसे बना सकती हैं।
- जो बात दिल में हो उसे कहने में संकोच न करें। कई बार हम अपने दिल की बात जुबां पर नहीं ला पाते और हमें बाद में पछताना पड़ता है।
- बिस्तर पर जाने से पहले सारी चिंताओं को अलग कर दें और बेफ्रिक होकर लेटें।

# त्वचा कहे नो चिपचिप

**तैलीय और चिपचिपी त्वचा चेहरे के आकर्षण को कम कर देती है, लेकिन ऐसी त्वचा की अगर सही देखभाल की जाए तो वह निखर उठेगी। इसके लिए आप यहां दिए कुदरती उपायों को अपनाएं। त्वचा का तैलीय होना सिबेशियस ग्लैंड्स के अत्यधिक सक्रिय होने का नतीजा होता है। त्वचा की कोमलता बरकरार रखने के लिए प्राकृतिक तेल जरूरी है, पर जब तैलीय ग्रंथियां अधिक तेल का सिक्रीशन करती हैं तो एक्ने और मुंहासों की समस्या शुरू हो जाती है। ऐसे में धूल-मिट्टी और प्रदूषण के कारण त्वचा के छिद्र भी बंद हो जाते हैं। अगर आप भी तैलीय त्वचा से परेशान हैं तो यहां दिए गए कुदरती उपायों को अपनाएं और पाएं साफ-सुथरी व निखरी त्वचा।**

## 6 टिप्स हैल्दी त्वचा के लिए

- सेब को छीलकर पेस्ट बना लें। इसे चेहरे व गर्दन पर लगाएं। 20 मिनट बाद हलके गुनगुने पानी से चेहरा साफ कर लें। सेब एएचए का बेहतरीन स्रोत होता है, जो त्वचा को टोन करता है। उसे मुलायम और कांतिमय बनाता है।
- एक टी स्पून चंदन पाउडर में गुलाबजल मिलाकर पेस्ट बनाएं। फिर उसे चेहरे पर लगाएं। सूखने पर पानी से धो लें। इससे त्वचा के दाग-धब्बे और एक्ने भी दूर होंगे।
- 1 टी स्पून बेसन में चुटकी भर हल्दी पाउडर, आधा नीबू का रस मिलाकर पेस्ट बनाएं। अगर आपको नीबू सूट नहीं करता है तो उसकी जगह पर दही मिला सकती हैं। आंखों के आसपास का हिस्सा छोड़कर लगाएं। सूखने पर हलके हाथों से मलते हुए छुड़ाएं। यह त्वचा का कालापन दूर करता है। हल्दी त्वचा की चमक बरकरार रखती है।
- तैलीय त्वचा को भी मॉयस्चराइजर की जरूरत होती है और इसके लिए आप शहद का इस्तेमाल कर सकती हैं। शहद एक बेहतरीन कुदरती मॉयस्चराइजर होता है। इसे चेहरे पर 15 मिनट लगाएं। फिर धो लें। यह त्वचा की जलन, मुंहासे और कालेपन को दूर करता है। साथ ही उसे कांतिमय और लचीली बनाता है।
- 1 टेबल स्पून चावल के आटे में 1 टेबल स्पून कॉर्नफ्लोर और नीबू के रस की कुछ बूंदें मिलाकर चेहरे पर लगाएं। फिर भीतर से बाहर की तरफगोलोई में हाथ घुमाते हुए कुछ देर मसाज करें। चावल का आटा डेड सेल्स हटाता है। त्वचा के छिद्र भी खोलता है, ताकि साफऑक्सीजन त्वचा के भीतर जा सके।
- 1 टेबल स्पून मुलतानी मिट्टी में अंडे की सफेदी, 1 टेबल स्पून ओट्स पाउडर, 1 टेबल स्पून कॉर्नफ्लोर और गुलाबजल मिलाकर गाढ़ा पेस्ट तैयार करें। इसे चेहरे व गर्दन पर लगाएं। 20 मिनट बाद चेहरा साफ कर लें।

### खीरे से बना फेस पैक फायदेमंद



यदि आपकी त्वचा तैलीय है तो खीरे का फेस पैक आपके लिए बहुत अच्छा एक अच्छा फेस पैक है। खीरे का फेस पैक बनाने के लिए एक खीरे में एक अंडे की सफेदी, 1 चम्मच नींबू का रस और पुदीने की 5-6 पत्तियों को मिलाकर पीस लें। अब इसे 10 मिनट के लिए फ्रिज में रख दें। उसके बाद इस पैक को चेहरे पर लगाएँ और कुछ देर बाद चेहरा ठंडे पानी से धो लें।

## चंदन एक फायदे अनेक



कीलमुंहासों के ठीक होने के बाद चेहरे पर किसी प्रकार के दागधब्बों को भी चंदन के लेप से साफ़ किया जा सकता है। चंदन का लेप केवल कीलमुंहासों को, ठीक नहीं करता बल्कि त्वचा को साफ़ कर नमी भी प्रदान करता है। 1 चम्मच चंदन पाउडर में आधा चम्मच पाउडर मिला कर पेस्ट बना कर चेहरे पर 20 मिनट लगाए रखने से केवल कीलमुंहासे कम नहीं हो, आप का चेहरा भी खिलाखिला प्रतीत होता है। बराबर मात्रा में चंदन पाउडर हलदी पाउडर मिला कर थोड़े दूध के साथ पेस्ट बनाएं, इस में चुटकी भर कपूर भी मिलाएं। इस लेप की चेहरे पर मालिश कर रात भर लगा रहने दें। इस से आप को ठंडक के एहसास के साथसाथ चेहरे के दागधब्बे दूर होने का फायदा भी मिलेगा।

### साइड इफैक्ट नहीं

चंदन का प्रयोग प्राचीन काल से चला आ रहा है। खासकर आयुर्वेद में चंदन का प्रयोग खूब किया गया है। किसी प्रकार का घाव, फोड़ेफुंसी, कटनाछिलना आदिसभी पर चंदन के लेप से आराम मिलता है। यह एक कीमती पेड़ है, जो दक्षिण भारत में ज्यादातर पाया जाता है। चंदन का उबटन शादी से पहले नववधू लगाती है ताकि उस के चेहरे और काया की चमक बनी रहे। यह एक प्राकृतिक पदार्थ है, इसलिए इस के नियमित प्रयोग से किसी प्रकार का साइड इफेक्ट नहीं होता।

### इस की खूबियाँ

चंदन में कीटाणुनाशक विशेषता होने की वजह से यह हर्बल एंटीसेप्टिक है, इसलिए किसी भी प्रकार के छोटे घाव और खरोंच को ठीक करता है। यह जलने से हुए घाव को भी ठीक कर सकता है।

शरीर के किसी भाग पर खुजली होने पर चंदन पाउडर में हल्दी और एक चम्मच नीबू का रस मिला कर लगाने से खुजली तो दूर होगी ही, साथ में त्वचा की लालिमा भी कम होगी। चंदन का तेल सूखी त्वचा के लिए गुणकारी होता है। यह सूखी त्वचा को नमी प्रदान करता है।



## मुल्तानी मिट्टी जरूर इस्तेमाल करें



अगर आप महंगे-महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट, शैम्पू, ऑलिव ऑयल का इस्तेमाल करते हुए थक चुकी हैं, फिर भी आपको कोई फ़ायदा नहीं हुआ है तो एक बार मुल्तानी मिट्टी ज़रूर इस्तेमाल करके देखें। जानी-मानी सौन्दर्य विशेषज्ञ भारती तनेजा का कहना है कि मुल्तानी मिट्टी सौन्दर्य का खज़ाना है। ये नेचुरल कंडीशनर भी है और ब्लीच भी। ये सौन्दर्य निखारने का सबसे सस्ता और आयुर्वेदिक नुस्खा है। साथ-ही मुल्तानी मिट्टी सभी फेस पैक का बेस होती है। चेहरे पर मुल्तानी मिट्टी का लेप लगाने से रंगत निखरती है और बालों में लगाने से वे घने, मुलायम और काले हो जाते हैं। मुहांसों की समस्या से परेशान लोगों के लिए तो मुल्तानी मिट्टी सबसे कारगर इलाज है, क्योंकि मुल्तानी मिट्टी चेहरे का तेल सोख लेती है, जिससे मुहांसे सूख जाते हैं। तैलीय त्वचा के लिए मुल्तानी मिट्टी में दही और पुदीने की पत्तियों का पाउडर मिला कर उसे आधे घंटे तक रखा रहने दें, फिर अच्छे से मिला कर चेहरे और गर्दन पर लगाएं। सूखने पर हल्के गर्म पानी से धो दें। ये तैलीय त्वचा को चिकनाई रहित रखने का कारगर नुस्खा है। एक चम्मच मुल्तानी मिट्टी पाउडर में एक अंडे का सफेद भाग और पुदीने की पत्तियों को पीसकर पेस्ट बना लें। ये पैक हफ्ते में तीन बार लगाएं।

# पथरी से सावधान




पेशाब की पथरी पेशाब में उपस्थित लवणों व खनिजों के जमाव से बनते हैं। ये आमतौर पर मध्य आयु यानि की चालीस साल या उसके बाद पता लगने शुरू होते है। जब लवणों और खनिजों की परतें विभिन्न जगहों पर जमा होती जाती हैं तो इन पत्थरों का आकार बढ़ता जाता है। ये पत्थर हैं। आमतौर पर ये उसी जगह का आकार ले लेते हैं जिसमें ये बनते हैं। इसलिए मूत्रवाहिनी के पत्थर लम्बे होते हैं और मूत्राशय में बने पत्थर गोल होते हैं। गुर्दे में बने पत्थर या तो कीप के आकार के होते हैं या अनियमित आकार के जैसे कि हिरण के सींग। फोस्फेट और कॉर्बोनेट के पत्थरों की आमतौर पर कैल्शियम के फास्फेट और ऑक्जेलेट होते हैं। ये सभी लवण और खनिज खाने की चीजो व पानी से शरीर में आए होते है। कुछ सब्ज़ियाँ जैसे पालक, अरबी के पत्ते और टमाटरों में बहुत अधिक लवण होते हैं। जमीनी पानी में भी काफी सारे लवण होते हैं। कुएँ या बोरवेल का पानी यह भी पथरी बनने का कारण होता है। ये लवण धीरे-धीरे करके शरीर में जमा हो जाते हैं और पत्थर बना लेते हैं। पेशाब के पत्थर आकृति और आकार में अलग-अलग होते सतह मुलायम होती है और ऑक्सेलेट के पत्थरों की खुरदुरी। इस कारण से ऑक्सेलेट के पत्थरों के कारण खून भी निकल सकता है। कुपोषित बच्चों के मूत्राशय में कभी कभी बड़े-बड़े पत्थर बन जाते हैं। ये कुपोषण के कारण शरीर के प्रोटीन के टूट जाने के कारण बनते है। जिसमें पेशाब में फालतू पदार्थे का जमाव हो जाता है। ये कण लवणों के और जमाव के लिए केन्द्रक के रूप में काम करते हैं। पत्थर नींबू समान बड़े भी हो सकते हैं।

### गुर्दे की कीप में पत्थर

गुर्दे की कीप में पत्थर कई सालों तक महसूस हुए बिना शरीर में पड़े रह सकते हैं। अक्सर उस व्यक्ति को पता लगने से कही पहले गुर्दे खराब हो चुके होते हैं। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि यह बीमारी काफी धीमी होती है और एक गुर्दे के खराब होने पर दूसरा उसका काम चला लेता है। कुछ मामलों में थोड़ी सी बेआरामी हो सकती है। यह गुर्दे के क्षेत्र तक ही सीमित होती है। और यह हल्का दर्द पीठ के तरफ ज़्यादा महसूस होता है। कभी-कभी कीप के क्षेत्र में पेशाब के इकट्ठे हो जाने के कारण गुर्दे सूज भी जाते हैं। कभी-कभी ऐसा बड़ा गुर्दा एक गांठ जैसे की हाथ से ही महसूस हो जाता है। कभी-कभी यह समस्या गुर्दे में संक्रमण के रूप में सामने आती है। कभी-कभी गुर्दे की पेशियाँ पत्थर को कीप से नीचे मूत्रवाहिनी की और धकेलती है। ऐसे में एक खास तरह का तेज पेट दर्द नीचे की ओर जाता हुए महसूस होता है। यह दर्द लहरों के रूप में उठता है।

### दर्द

मूत्रवाहिनी शूल (दर्द) एक खास तरह का दर्द है जो इस तरह की पथरी से होता है। दर्द पेट में मूत्रतंत्र तक सीमित होता है। यह पेट की मध्यरेषा के दायें या बाएँ ओर होता है। रोगी दर्द से कराहता है। वो या तो उस क्षेत्र को दबाकर या फिर एक तरफ को लेटकर दर्द को दबाने की कोशिश करता है। दर्द मूत्रमार्ग की ओर बढ़ता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि मूत्रनलिका और मूत्रवाहिनी की तंत्रिकाओं की जुड़ी समान होती हैं।

### मूत्राशय में पथरी

पेशाब करना थोडा मुश्किल होता है। ये पत्थर मुख्यत: मूत्रवाहिनी से आते है। कभी-कभी सीधे मूत्राशय में भी पत्थर बन सकता है। कुपोषित बच्चों में ऐसा होता है। इसके लक्षणों में मुख्यत: मूत्राशय शोथ या पेशाब अटकना शामिल है। मूत्राशय शोथ में खास तरह की जलन, और ऐठन वाला दर्द, बुखार, पेशाब में गन्दलापन और बार-बार पेशाब करने की इच्छा होती है। मूत्राशय में हुए पत्थरों से कुछ रोगियों के पेशाब में रक्त स्त्राव दिखाई देता है। मूत्राशय के पत्थरों के कारण पेशाब रूकने की एक खास विशेषता है रोगी की स्थिति से इसका सम्बन्ध। जब रोगी खड़ा होता है या पेशाब करने के लिए बैठा होता है उस समय ये पत्थर मूत्राशय के निकास मुँह पर गेंद की तरह पड़ा रहता है रोगी जितना ज़्यादा जोर लगाता है उतना ही ज़्यादा रोक लगती है। परन्तु अगर रोगी लेटे लेटे पीठ के बल या करवट से पेशाब करने की कोशिश करे तो पत्थर मूत्राशय के निकास मुँह से लुढ़क जाता है। इससे पेशाब बाहर निकल सकती है। कभी-कभी छोटे पत्थर या कंकड़ बड़े पत्थरों के छोटे-छोटे टुकड़े मूत्रमार्ग में से निकल जाते हैं।

हरियाणा में पीएम मोदी ने मिलिट्री और ओआरओपी का जिक्र कर कांग्रेस पर किया वार

# 1962 में चीन से 'पिटाई' का गुनहगार हमारी सेना को ही मान रहा एक परिवार, कहां गया उनका वन रैंक वन पेंशन का वादा ?

एजेंसी ▶▶ भिवानी/ महेंद्रगढ़

पीएम नरेंद्र मोदी ने हरियाणा की भिवानी में एक विशाल जनसभा को संबोधितकरते हुए उन्होंने वन रैंक वन पेंशन का भी जिक्र किया। पीएम ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि 1962 में पंडित नेहरू के औरा का गुब्बारा फूट गया और चीन के हाथ जो हमारी पिटाई हुई, उसके बाद कांग्रेस ने उस हार के लिए हमारी सेना को ही जिम्मेदार ठहरा दिया था। आज भी वह परिवार (गांधी परिवार) हमारी सेना को नीचा दिखाने के मौके तलाशता रहता है। पीएम ने कहा कि उसके बाद बदले की भावना से कांग्रेस ने 500 रुपए फेंके और कहा कि वन रैंक वन पेंशन करके रहेंगे। वऐ नहीं कर पाए लेकिन उसके बाद मोदी ने बता दिया कि ओआरओपी लागू करने का क्या मतलब होता?

**सवा लाख करोड़ पूर्व सैनिकों को खाते में जमा किया**
मोदी ने कहा कि कांग्रेस तो आपकी आंखों में धूल झोंका था और 500 रुपए फेंके थे लेकिन जब मोदी ने वन रैंक वन पेंशन लागू किया तो सवा लाख करोड़ रुपए लगा। यह सवा लाख करोड़ रुपया पूर्व सैनिकों के खाते में जमा हो चुका है।

**देश में एक बड़ी क्रांति लाएगी भाजपा**
पीएम मोदी ने कहा कि मैं गुरुग्राम के युवाओं से भी कहना चाहता हूं कि अगले 5 साल का कालखंड इस देश में एक बड़ी क्रांति का समय होने वाला है। आपके सारे सपने पूरे होंगे, क्योंकि आपके सपने ही मोदी का संकल्प है।

**कांग्रेस को दिया वोट बेकार ही होगा**
पीएम ने कहा कि कांग्रेस सरकार सात जन्म में भी नहीं बनने वाली है। कांग्रेस को दिया वोट बेकार ही होना है। इसलिए आपको सरकार बनाने के लिए वोट करना है और सरकार किसकी बनने जा रही। किसकी सरकार बनेगी, ये बच्चे-बच्चे को पता है।

### कांग्रेस ने वोटबैंक के लिए देश को बांटा

कांग्रेस और इंडी वालों के लिए देश से भी बड़ा इनका वोटबैंक है। इन लोगों ने वोटबैंक के लिए देश का विभाजन करवाया।एक भारत और दो-दो मुस्लिम राष्ट्र बनाए। अब इंडी वाले कह रहे हैं कि बचे हुए भारत पर भी पहला अधिकार मुसलमानों का है।



**कांग्रेस राज में हरियाणा में ट्रांसफर-पोस्टिंग की खुली थी इंडस्ट्री**

हमारे हरियाणा को लूटने में भी कांग्रेस ने कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी थी। मैंने तो अपनी आंखों से देखा है कि कांग्रेस के समय हरियाणा का क्या हाल था? ऐसा कोई क्षेत्र नहीं, जिसे लूटने का खुला खेल न चलता हो। नौकरी दिलवाने के नाम और ये लोग जमीनें बिकवा देते थे। ट्रांसफर-पोस्टिंग की तो खुली इंडस्ट्री चलती थी।

**4 जून को भाजपा व शेयर बाजार दोनों ही नई ऊंचाइयों को छुएंगे**
मोदी ने कहा है कि भाजपा रिकॉर्ड तीसरी बार सरकार बनाएगी और शेयर बाजार में रिकॉर्ड छलांग दिखेगी। मैं विश्वास से कह सकता हूं कि 4 जून को भाजपा के रिकॉर्ड आंकड़े छूने के साथ शेयर बाजार भी नई रिकॉर्ड ऊंचाई को छुएगा।

**गाय ने दूध दिया नहीं, इंडी वालों में झगड़ा शुरू**
मोदी ने कहा कि इंडी अलायंस वालों का हाल तो ऐसा है कि गाय ने दूध दिया नहीं, लेकिन घी खाने के लिए इंडी वालों में झगड़ा शुरू हो गया। अब ये लोग कह रहे हैं कि हर साल एक आदमी भारत का प्रधानमंत्री बनेगा। 5 साल, 5 पीएम। ऐसे देश चलेगा क्या? ये लोग देश को फिर से गड्ढे में धकेलना चाहते हैं। आप सिर्फ प्रधानमंत्री नहीं चुनेंगे, बल्कि देश का भविष्य भी चुनेंगे।

## ओडिशा में गरजे सीएम योगी

### इतनी ताकत दो कि यूपी की तरह यहां भी बुलडोजर चले



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रपाड़ा में जनसभा में कहा उत्तर से दक्षिण, पूरब से पश्चिम, संपूर्ण राष्ट्र में 'मोदी लहर' है। उन्होंने कहा कि पुरी हमारे लिए पावन नगरी है, मैं आपसे प्रार्थना करता हूं कि इतनी ताकत दीजिए कि हम डबल इंजन सरकार बनाकर माफिया पर उत्तर प्रदेश की तरह ही बुलडोजर चला सकें।

## संबलपुर में सीएम सरमा का रोड शो

### ओडिशा को तो सीएम नहीं कोई और चला रहा



देवगढ़। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने केंद्रीय मंत्री और संबलपुर से भाजपा उम्मीदवार धर्मेंद्र प्रधान के समर्थन में आज ओडिशा के देवगढ़ में रोड शो किया। सरमा ने देवगढ़ में ओडिशा के सीएम नवीन पटनायक पर निशाना साधते हुए कहा कि ये कोई नहीं जानता कि यहां मुख्यमंत्री हैं या नहीं। जब सीएम जनता के बीच आते हैं, तो पांडियन उनके साथ खड़े होते हैं।

## फरीदाबाद में बोले धामी

### देश को भ्रष्टाचार के दलदल में डुबो रही कांग्रेस



कांग्रेस फिर से देश को भ्रष्टाचार के दलदल में डुबाने की बात कर रही है। जनता कांग्रेस की तुष्टीकरण की राजनीति को समझ चुकी है। 60 साल तक कांग्रेस ने तुष्टीकरण की राजनीति न की होती तो आज देश बहुत आगे जा चुका होता। यह बात उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने फरीदाबाद में कही।

## नई दिल्ली में बोलीं सोनिया

### ये चुनाव लोकतंत्र और संविधान बचाने का है



छठे चरण के प्रचार अभियान के आखिरी दिन सोनिया गांधी ने वीडियो संदेश जारी कर दिल्ली के लोगों से वोट देने की अपील की है। सोनिया ने कहा, मेरे प्यारे दिल्ली वासियो, यह एक अहम चुनाव है। यह चुनाव देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने का चुनाव है। यह चुनाव बेरोजगारी, महंगाई,पर लड़ा जा रहा है।

सिद्धार्थनगर में बोले गृहमंत्री शाह

## 6 जून को विदेश में वैकेशन पर निकल जाएंगे राहुल-अखिलेश

**सिद्धार्थनगर।** गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि दोनों शहजादे राहुल बाबा व अखिलेश ने छह जून के लिए टिकट बुक करा दिया है। इन्हें विदेश में वैकेशन पर जाना है।अरे राहुल बाबा, हम तो यही जन्में, यही पले बढ़े और यहीं पर हमारी चिता मिट्टी हो जाएगी। हम तो जीते भी यहीं हैं। मरते भी यहीं हैं। थाईलैंड, बैंकाक जाने वाले राहुल बाबा हैं तो दूसरी ओर 23 साल तक एक भी छुट्टी लिए बगैर दीपावली के दिन भी जवानों के साथ मिठाई खाने वाले पीएम मोदी हैं। इन दोनों के बीच आपको तय करना है कि प्रधानमंत्री किसे बनाना है।



**कांग्रेस 40 सीटें भी नहीं जीत सकती और सपा...**

शाह ने डुमरियागंज में कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन पर जोरदार हमला बोला है। पीएम नरेंद्र मोदी एक बार फिर से प्रचंड जीत की ओर बढ़ रहे हैं। शाह ने राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस इस बार 40 सीटों के पार भी नहीं जा सकती है। वहीं समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश पर हमला करते हुए कहा कि सपा को इस बार 4 सीटें भी मिलनी मुश्किल होंगी।

विजय संकल्प सभा में बोले राजनाथ

### 10 साल में कांग्रेस विलुप्त हो जाएगी

पलवल। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पलवल के सोलड़ा गांव में आयोजित विजय संकल्प सभा में फरीदाबाद से भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल के समर्थन में वोट मांगे। इस दौरान उन्होंने मोदी सरकार की तारीफ की और विपक्ष पर जमकर हमला बोला।र सिंह ने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्री राम का मंदिर बनने के बाद अब देश में राम राज्य स्थापित होकर रहेगा, इसे दुनिया की कोई ताकत रोक नहीं सकती। उन्होंने कहा कि कांग्रेस देश की सबसे बड़ी पार्टी थी, लेकिन आज भाजपा सबसे बड़ी पार्टी है। आने वाले 10 साल में कांग्रेस विलुप्त हो जाएगी, क्योंकि देश की जनता का भरोसा और विश्वास लगातार भाजपा पर बढ़ता जा रहा है।



## मेट्रो में राहुल ने पूछा यात्रियों से हाल-चाल

### संविधान बचाने की भी बात की



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दिल्ली मेट्रो में सफर किया। उन्होंने लोगों से उनका हाल-चाल लिया। उन्होंने भाजपा पर संविधान बदलने की कोशिश के आरोप लगाए। राहुल ने कहा किभाजपा संविधान को फाड़कर फेंक देना चाहती है, और इस बात पर जोर दिया कि इस बार का लोकसभा चुनाव संविधान बचाने की लड़ाई है।

## खबर संक्षेप

### जल्द भारत लौटो प्रज्वल परीक्षा मत लोः देवेगौड़ा



**हासन।** कर्नाटक की हासन लोकसभा सीट से जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना अभी तक फरार हैं. इसे लेकर पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा ने अपने पोते प्रज्वलके लिए चेतावनी जारी करते हुए जल्द से जल्द भारत लौटने के लिए कहा है। देवेगौड़ा ने एक्स पर लिखा, मैंने प्रज्वल रको चेतावनी जारी कर दी है कि वह जहां भी है वहां से तुरंत लौट जाए। मेरे धैर्य की और परीक्षा न ले।

### जिंदा बेटी की छपवाई शोक पत्रिका, मृत्यु भोज



**उदयपुर।** दक्षिणी राजस्थान के सोयरा कस्बे में पिता ने जिंदा बेटी की शोक पत्रिका छपवा दी। परिवार ने मुंडन करवा कर मृत्यु भोज तक कर दिया। बेटी के घर से भाग अंतरजातीय विवाह करने के बाद पिता ने यह कदम उठाया। सायरा पंचायत समिति में सुआवतों का गुड़ा गांव की एक लड़की ने गैर समाज के प्रेमी के साथ भाग कर शादी कर ली। बाद पहचानने से ही इनकार कर दिया।

### डिजिटल हाउस अरेस्ट वाले 2 शातिर गिरफ्तार



**लखनऊ।** इंदिरानगर निवासी पीडब्ल्यूडी से रिटायर्ड अधिकारी निरंजन सिंह को डिजिटल हाउस अरेस्ट का डर दिखाकर 30 लाख 50 हजार की ठगने वाले दो अपराधियों को साइबर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी राजीव भसीन अपर्णा प्रेम अपार्टमेंट, आगरा और मोहित चोपड़ा बेलनगंज आगरा है। प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार यादव के नेतृत्व में मदद से गिरफ्तारी हुई।

मालीवाल ने पिटाई कांड में इंटरव्यू के जरिए नया खुलासा किया

'आप' की ही राज्यसभा सांसद के साथ ऐसा बर्ताव

# बिभव ने मुझे 7-8 थप्पड़ मारे साथ ही पैर पकड़कर घसीटा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद ने एक इंटरव्यू में 13 मई की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि जब उनके सहयोगी बिभव कुमार ने उन पर हमला किया था। मालीवाल ने कहा कि मैं सुबह करीब 9 बजे केजरीवाल के आवास पर गई थी। स्टाफ ने मुझे ड्राइंग रूम में बैठाया और कहा कि केजरीवाल मुझसे मिलने आएंगे। उसी समय बिभव कमरे में घुस आया। मैंने उससे कहा कि केजरीवाल मुझसे मिलने के लिए आ रहे हैं। मैंने इतना कहा और उसने मुझे पीटना शुरू कर दिया। मुझे 7-8थप्पड़ मारे। जब मैंने उसे धक्का देने की कोशिश की तो उसने मेरे पैर पकड़ लिए और मुझे फर्श पर गिरा दिया। मेरा सिर सेंटर टेबल से टकराया।

**13 मई की घटना का जिक्र कर केजरीवाल को भी जिम्मेदार ठहराया**



**मुझे पीटा, केजरीवाल आवास पर मौजूद थे**

स्वाति ने कहा कि यह बेहद ही अजीब बात है कि कोई भी मेरी मदद के लिए आगे नहीं आया। मैं जोर-जोर से चिल्ला रही थी। उन्होंने कहा कि यह जांच का विषय है कि बिभव ने खुद ऐसा किया या उसे ऐसा करने के लिए किसी ने कहा था। मैं इस समय जांच में पूरा सहयोग कर रही हूं। मैं किसी को भी क्लीन चिट नहीं दे रही हूं। सच तो यह है कि मुझे पीटा जा रहा था और केजरीवाल वहां मौजूद थे।

**सांसद पद से नहीं दूंगी इस्तीफा**

मालीवाल ने कहा कि अगर मेरी राज्यसभा की सीट उन्हें चाहिए थी, वो प्यार से मांगते तो मैं जान दे देती, सांसद तो बहुत छोटी बात है। जिस तरीके से इन्होंने मुझे मारा है, अब चाहे दुनिया की कोई भी शक्ति लग जाए मैं इस्तीफा नहीं दूंगी। स्वाति ने कहा कि मैं जब भी केजरीवाल के घर गई हूं कभी अपॉइंटमेंट नहीं लिया। मुझे उसी वक्त बोल देते कि बाहर चले जाओ, मैं बाहर चली जाती। अगर कोई अपॉइंटमेंट लेकर नहीं आया तो आप उसे पीट देंगे।

**ईरानी का केजरीवाल पर बड़ा आरोप**

**जब स्वाति की पिटाई हो रही थी तब केजरीवाल क्या कर रहे थे?**



भाजपा नेता स्मृति ईरानी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि यह तथ्य कि अरविंद केजरीवाल एक हमलावर के साथ प्रचार पर निकलते हैं। क्या आप ईमानदारी से उनसे किसी के साथ न्याय करने की उम्मीद कर सकते हैं? जब उनके घर में एक महिला के साथ मारपीट हो रही थी तो वहां कौन मौजूद था? केजरीवाल क्या कर रहे थे।

**केजरीवाल का दावा**

**माता-पिता और पत्नी के साथ पुलिस का इंतज़ार किया**



बुधवार शाम केजरीवाल ने बिना किसी संदर्भ के दावा किया था कि दिल्ली पुलिस उनके बुजुर्ग माता-पिता से पूछताछ के करेगी, लेकिन अब खबरें है कि गुरुवार को पुलिस नहीं जाएगी और न ही मुख्यमंत्री के माता-पिता के बयान दर्ज करेगी। जब भी दिल्ली पुलिस को जरूरत महसूस होगी तो वह उनके माता-पिता के बयान दर्ज करेगी।

## मतदान से पहले बंगाल में बवाल

### भाजपा की महिला कार्यकर्ता की मौत, सैनिकों ने किया लाठीचार्ज



एजेंसी ▶▶ नंदीग्राम

पश्चिम बंगाल में पूर्व मेदिनीपुर जिले के नंदीग्राम में भाजपा की एक महिला कार्यकर्ता की हत्या के बाद गुरुवार को पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने वाहनों के टायर जला दिए। सड़कें जाम कर दीं और दुकानों के शटर गिरा दिए। मामला इतना बिगड़ गया कि हालात काबू करने के लिए सुरक्षा बलों को लाठीचार्ज तक करना पड़ा। उन्होंने आरोप लगाया कि सोनाचूरा गांव में भाजपा की 38 वर्षीय कार्यकर्ता रथिरानी अरी की टीएमसी के गुर्गों ने हत्या कर दी है। फिलहाल इलाके में भारी संख्या में सुरक्षा बल तैनात कर दिए गए हैं। भाजपा नेता ने बताया कि यहां बंद का आह्वान किया था, लेकिन फैसला वापस ले लिया। बुधवार देर रात बाइक सवार अज्ञात हथियारबंद हमलावरों ने अरी की हत्या कर दी थी।

**टीएमसी कर रही धोखाधड़ी**



इस बीच राज्य भाजपा प्रमुख सुकांत मजूमदार ने कहा कि यह सब टीएमसी की धोखाधड़ी है। वे नंदीग्राम में डर का माहौल चाहते हैं, ताकि मतदाता कदम न उठाएं। वोट करने के लिए न निकलें। इससे टीएमसी को फायदा होगा और वे यही प्रयास कर रहे हैं। मैं जनता से आग्रह करता हूं कि वे टीएमसी की साजिश में न फंसें और लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए बड़ी संख्या में बाहर आएं। जिला महासचिव मेघनाद पॉल ने बताया कि टीएमसी समर्थित अपराधियों ने उन पर हमला कर दिया।

## कोटा पुलिस पर तलवार से हमला

### चार राउंड फायरिंग कर बदमाश को छुड़ा ले गए हमलावर, दहशत

एजेंसी ▶▶ बूंदी

राजस्थान के बूंदी में कोटा पुलिस की टीम पर तलवार से हमला और फायरिंग कर बदमाश को छुड़ा ले जाने का मामला सामने आया है।

इससे पुलिस महकमे में हड़कंप है। बदमाशों ने टीम पर 4 राउंड फायरिंग की। इससे कोटा और बूंदी पुलिस के जवान बाल बाल बच गए। पुलिस ने पूरे बूंदी जिले में नाकेबंदी करवा दी। हथियारबंद जवान नाकाबंदी में कड़ी तलाशी कर रही है। पुलिस टीम द्वारा दबिश दी जा रही है। सूचना मिलने पर हिंडोली डीएसपी घनश्याम मीणा,



प्रभारी पवन मीणा सहित अतिरिक्त पुलिस बल बासनी गांव में पहुंच गया। इस मामले में पुलिस ने बदमाश सहित अन्य हमलावरों पर राज कार्य में बाधा और हत्या के प्रयास का अलग से हिंडोली थाने में मुकदमा दर्ज किया है। डेढ़ माह पूर्व भी तालेड़ा थाना पुलिस पर बदमाशों ने हमला किया था, जिसमें 4 पुलिसकर्मी घायल हुए थे।

## भीषण गर्मी और हीट वेव से लोगों की परेशानी फिलहाल नहीं होगी कम

चुनाव वाले राज्यों में मौसम का मिजाज 'सख्त'

# कहीं लू के थपेड़े तो कहीं तूफान, रातें भी तपेंगी

### 25 मई को 8 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की 58 सीटों पर होगी वोटिंग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर भारत भीषण गर्मी से तप रहा है। 25 मई को हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और बिहार समेत आठ राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की कुल 58 लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। कुल 889 प्रत्याशी चुनावी मुकाबले में हैं।

25 मई को उत्तर भारत में लोगों को गर्मी से तपना पड़ेगा। हरियाणा-चंडीगढ़-दिल्ली, उत्तर प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में गर्म रात की स्थिति बनी रहेगी। हरियाणा-चंडीगढ़, दिल्ली, जम्मू संभाग, पूर्वी उत्तर प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में लू की भी स्थिति रहेगी।



**राजधानी में प्रचंड गर्मी रहेगी**

दिल्ली में प्रचंड गर्मी के बीच मतदान होगा। 25 मई को दिल्ली में 44 डिग्री सेल्सियस तापमान रहने का अनुमान मौसम विभाग ने जताया है। 24 से 27 मई तक लू चलने की संभावना है।

**मतदान केंद्रों पर करने होंगे इंतजाम**

भीषण गर्मी के बीच चुनाव आयोग मतदान केंद्रों पर कई सुविधाओं की व्यवस्था करेगा। मतदान केंद्रों पर शेड, पीने के पानी, व्हीलचेयर, कुर्सी, चिकित्सा टीम की सुविधा मिलेगी। वहीं मतदान करने जाते वक्त मतदाता अपने साथ पानी की बोतल जरूर रखें। सूती और हल्के कपड़े पहनें। छाता और टोपी साथ लेकर चलें, ताकि लू से बचा जा सके।

**कम दबाव से बंगाल की खाड़ी में बदला मौसम**

कम दबाव के कारण बंगाल की खाड़ी के मौसम में बदलाव आया है। 24 मई को बंगाल के तट पर और आसपास 45 किमी प्रति घंटे से अधिक की तेज सतही हवा के साथ तूफानी मौसम की संभावना है। आईएमडी ने मछुआरों को 24 मई तक बंगाल की खाड़ी में, 26 मई तक मध्य बंगाल की खाड़ी में और 27 मई की सुबह तक उत्तरी बंगाल की खाड़ी में न जाने को कहा है। 25 मई की शाम से उत्तरी ओडिशा तटों पर 60 किमी प्रति घंटे तक की तेज गति से हवा चलने की संभावना है।

## खबर संक्षेप

### टेक महिंद्रा ने फ़ूजी टीवी के साथ की साझेदारी



**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टेक महिंद्रा ने जापान के प्रसारक फ़ूजी टीवी के साथ साझेदारी की है। कंपनी बयान के अनुसार, साझेदारी के तहत फ़ूजी टीवी की मूल सामग्री को टेक महिंद्रा की स्थानीयकरण तथा एनीमेशन सेवाओं के साथ जोड़ा जाएगा।

### इंडिगो का मुनाफा दोगुना होकर 1,895 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन का मार्च, 2024 में समाप्त बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही का शुद्ध लाभ दोगुना से अधिक होकर 1,894.8 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एयरलाइन को एक साल पहले की समान तिमाही में 919.2 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था।

### आईटीसी का लाभ मामूली गिरकर 5,191 करोड़ पर

**नई दिल्ली।** विविध कारोबार से जुड़ी आईटीसी लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में मामूली गिरावट के साथ 5,190.71 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने पिछले साल जनवरी-मार्च तिमाही में 5,242.59 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

### गो डिजिट इंश्योरेंस पांच फीसदी ऊपर सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** कनाडा स्थित फेयरफैक्स समूह समर्थित कंपनी गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस के शेयर निर्गम मूल्य 272 रुपये से पांच प्रतिशत से अधिक उछाल के साथ बृहस्पतिवार को बाजार में सूचीबद्ध हुए। बीएसई पर शेयर ने निर्गम मूल्य से 3.34 प्रतिशत की बढ़त के साथ 281.10 रुपये पर कारोबार शुरू किया। बाद में यह 11.39 प्रतिशत चढ़कर 303 रुपये पर पहुंच गया।

### क्यूब हाइवेज ने दिया 3.94 रुपए प्रति यूनिट लाभांश

**नई दिल्ली।** क्यूब हाईवेज ट्रस्ट ने सामान्य यूनिटधारकों को 3.94 रुपये प्रति यूनिट वितरण की मंजूरी दी है। यह राशि वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के लिए कुल 508 करोड़ रुपये बैठती है। प्रति यूनिट वितरण में ब्याज के रूप में 1.79 रुपये, लाभांश के रूप में 20 पैसे, एसपीवी ऋण के पुनर्भुगतान के रूप में 1.94 रुपये और ट्रेजरी आय के रूप में एक पैसा शामिल है।

### स्टेटक्राफ्ट को सौर मॉड्यूल की आपूर्ति करेगा वारी एनर्जी



**नई दिल्ली।** सौर समाधान प्रदाता वारी एनर्जीज ने स्टेटक्राफ्ट इंडिया को 445 मेगावाट सौर मॉड्यूल की आपूर्ति करने की बृहस्पतिवार को जानकारी दी। कंपनी बयान के अनुसार, वारी एनर्जीज अपने 540/545डब्ल्यूपी डुअल ग्लास बाइफेशियल मॉड्यूल की 445 मेगावाट की आपूर्ति के साथ राजस्थान के बीकानेर में एकल-स्थान सौर परियोजनाओं को रोशन करने के लिए तैयार है। इसमें कहा गया, यह आपूर्ति मई-अगस्त 2024 के बीच की जाएगी।

# हीरो इलेक्ट्रिक, ओकिनावा और बेनलिंग हो सकती है ब्लैकलिस्ट

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

- केंद्र की सभी योजनाओं से हो सकती है वंचित

इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली तीन कंपनियों हीरो इलेक्ट्रिक, ओकिनावा और बेनलिंग इंडिया को केंद्र सरकार की सभी योजनाओं को लेकर काली सूची (ब्लैकलिस्ट) में डाला जा सकता है। ये कंपनियां सरकार की प्रमुख फेम-दो योजना के तहत गलत तरीके से दावे वाले लाभ को वापस करने में विफल रही हैं।

अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। भारी उद्योग मंत्रालय को योजना के तहत पंजीकृत विभिन्न मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) से 2022 में इलेक्ट्रिक वाहनों के तेजी से विनिर्माण और अपनाने की योजना (फेम-दो) के दिशानिर्देशों के उल्लंघन के संबंध में शिकायतें मिली थीं।

## कंपनियां गलत तरीके से दावे वाले लाभ वापस करने में विफल रही

### तीनों कंपनियां फेम दो योजना से हटी

हालांकि, हीरो इलेक्ट्रिक, ओकिनावा ऑटोटेक और बेनलिंग इंडिया ने प्रोत्साहन वापस नहीं किया और परिणामस्वरूप उन्हें फेम दो योजना से हटा दिया गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हीरो इलेक्ट्रिक, ओकिनावा ऑटोटेक और बेनलिंग इंडिया को योजना से हटा दिया गया है। उसके बाद, अगला कदम मंत्रालय की सभी योजनाओं से उन्हें वंचित करना है।



*एएमओ, ग्रीव्स और रिवॉल्ट आरोपों से मुक्त : ये कंपनियां हीरो इलेक्ट्रिक, ओकिनावा ऑटोटेक, बेनलिंग इंडिया एनर्जी एंड टेक्नोलॉजी, एएमओ मोबिलिटी, ग्रीव्स इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और रिवॉल्ट मोटर्स हैं। इन कंपनियों में से एएमओ मोबिलिटी, ग्रीव्स इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और रिवॉल्ट मोटर्स ने कुछ महीनों में ब्याज समेत सब्सिडी राशि लौटा दी। इन कंपनियों को सरकार ने आरोपों से मुक्त कर दिया।*

### छह कंपनियां मानदंड का उल्लंघन करते पाई गई

अधिकारियों ने आरोप लगाया था कि कंपनियां स्थानीय स्तर पर सामान खरीदने की आवश्यकताओं का उल्लंघन करके वाहनों के कलपुर्जे बड़े पैमाने पर आयात कर इलेक्ट्रिक वाहन बेचने में लगी हैं। मंत्रालय ने 13 कंपनियों की जांच की। इनमें से छह को फेम-दो मानदंडों का उल्लंघन करते हुए पाया गया।

### ओकिनावा के खिलाफ अभी कार्रवाई नहीं

हीरो इलेक्ट्रिक और बेनलिंग इंडिया के लिए यह कदम उठाया गया है। ओकिनावा इस समय अदालत में है, अतः उनके खिलाफ कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने कहा, अगला कदम भारत सरकार के तहत सभी योजनाओं को लेकर उन्हें काली सूची में डालना है। यह अबतक नहीं हुआ है क्योंकि यह एक विभिन्न चरणों वाली प्रक्रिया है।

### कंपनियों से मामले में टिप्पणी मांगी गई

वित्त मंत्रालय किसी कंपनी को सभी मंत्रालयों की योजनाओं/नीतियों से वंचित करने की मंजूरी देता है। इन तीनों कंपनियों से मामले में टिप्पणी मांगी गयी, लेकिन उनकी तरफ से फिलहाल कोई जवाब नहीं आया है। अधिकारी ने यह भी कहा कि एएमओ मोबिलिटी, ग्रीव्स इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और रिवॉल्ट मोटर्स को फेम-दो में 'आरोपों से मुक्त कर दिया है।

## एक दिन में निवेशकों ने कमाए 4.28 लाख करोड़ रुपए

# शेयर बाजार में जबर्दस्त लिवाली से सेंसेक्स, निफ्टी ने बनाया नया रिकॉर्ड

- आरबीआई के रिकॉर्ड लाभांश भुगतान की मंजूरी से बाजार में रही तेजी
- दोनों ही सूचकांक सेंसेक्स व निफ्टी ने 1.6 फीसदी की बढ़त दर्ज की
- सेंसेक्स ने 29 जनवरी के बाद सबसे ऊंची छलांग लगाई

एजेंसी ▸▸| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से रिकॉर्ड लाभांश भुगतान की मंजूरी दिए जाने के बीच बृहस्पतिवार को बैंक, पेट्रोलियम एवं वाहन कंपनियों के शेयरों में जबर्दस्त लिवाली से स्थानीय शेयर बाजार के दोनों मानक सूचकांक अपने अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए।

बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी दोनों ही सूचकांकों ने 1.6 प्रतिशत से अधिक की छलांग लगाई और नए रिकॉर्ड के साथ बंद हुए। बीएसई के 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स ने 29 जनवरी के बाद की अपनी सबसे ऊंची छलांग लगाई और 1,196.98 अंक के लाभ के साथ यह 75,418.04 अंक के अपने अबतक के सबसे ऊंचे मुकाम पर बंद हुआ।

### निफ्टी में रहा 370 अंक का उछाल

कारोबार के दौरान एक समय यह 1,278.85 अंक यानी 1.72 प्रतिशत बढ़कर 75,499.91 के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर भी गया। निफ्टी ने भी इस जबर्दस्त तेजी का फायदा उठाते हुए नया रिकॉर्ड बनाया। निफ्टी 369.85 अंक यानी 1.64 प्रतिशत बढ़कर 22,967.65 अंक के अपने उच्चतम स्तर पर बंद हुआ।

**सेंसेक्स -75,418(+1997)**
**निफ्टी -22,967 (+370)**



*निफ्टी नई ऊंचाई पर पहुंचेगा : एक्सिस सिक्योरिटीज : एक्सिस सिक्योरिटीज के प्रमुख (बुनियादी एवं मात्रात्मक शोध) नीरज चदावर ने कहा, 'रिकॉर्ड लाभांश भुगतान को आरबीआई की मंजूरी के बाद शेयर बाजार में उत्साह था। यह बेहतर राजकोषीय स्थिति और नरम बॉन्ड प्रतिफल की ओर इशारा करता है। अगर चुनाव के नतीजे बाजार की उम्मीदों के अनुरूप रहते हैं, तो हमें उम्मीद है कि जून के पहले सप्ताह में निफ्टी नई ऊंचाई पर पहुंच जाएगा।'*

### निवेशकों को 4.28 लाख करोड़ का लाभ

शेयर बाजार के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के बीच निवेशकों की संपत्ति बृहस्पतिवार को 4.28 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। इस रिकॉर्ड तेजी ने बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 4,28,602.18 करोड़ रुपये बढ़ा दिया। इसके साथ ही इन कंपनियों का बाजार पूंजीकरण सम्मिलित रूप से बढ़कर 4,20,22,635.90 करोड़ रुपये यानी 5.05 लाख करोड़ डॉलर हो गया जो इसका नया उच्चस्तर है।

### इन शेयरों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स की कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो, एक्सिस बैंक, मारुति सुजुकी, अल्ट्राटेक सीमेंट, इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, टाइटन, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ सन फार्मा, पावरग्रिड और एनटीपीसी के शेयरों में गिरावट रही।

### मिडकैप व स्मॉलकैप में तेजी

व्यापक बाजार में बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.58 प्रतिशत चढ़ गया जबकि स्मालकैप में 0.27 प्रतिशत की बढ़त रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में वाहन खंड में सर्वाधिक 2.28 प्रतिशत की बढ़त रही जबकि पूंजी उत्पाद खंड में 2.13 प्रतिशत और बैंकिंग खंड में 1.98 प्रतिशत की तेजी रही।

### बैंक व वाहन क्षेत्रों में रही जोरदार तेजी

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'बैंक एवं वाहन क्षेत्रों के शानदार प्रदर्शन से मानक सूचकांक ने रिकॉर्ड बढ़त बनाई। आरबीआई का रिकॉर्ड लाभांश भुगतान एक अप्रत्यक्ष कर कटौती के समान है और बॉन्ड प्रतिफल घटने की उम्मीद है।'

# सोना में 1,050 रुपए की गिरावट, चांदी 2,500 रुपए लुढ़की

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली





- सोना घटकर 73,550 रुपए प्रति दस ग्राम
- चांदी लुढ़कर 92,600 रुपए प्रति किग्रा पर बंद हुई

सोने में लगातार दूसरे दिन गिरावट जारी रही। वैश्विक स्तर पर बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 1,050 रुपये की गिरावट के साथ 73,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ।ब्योरे से संकेत मिलता है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अधिकारी ब्याज दरों में कटौती करने की जल्दी में नहीं हैं। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 74,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसके साथ, चांदी की कीमत भी 2,500 रुपये औंधे मुंह लुढ़कते हुए 92,600 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 95,100 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुई थी। सोने की हाजिर कीमतें (24 कैरेट) 1,050 रुपये की गिरावट के साथ 73,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही हैं।'

### सोना 2375 डॉलर पर कारोबार कर रहा था

अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,375 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से 42 डॉलर कम है। चांदी की कीमत भी गिरावट के साथ 30.80 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी की कीमत 31.75 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुई थी।

# प्याज को सड़ने से बचाने आएगी विकिरण प्रसंस्करण योजना

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



- योजना से प्याज की कमी व मूल्यवृद्धि रोकी जा सकेगी

सरकार इस साल 1,00,000 टन का बफर स्टॉक बनाने के लिए प्याज के विकिरण प्रसंस्करण को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाने की योजना बना रही है। इस कदम का मकसद राजनीतिक रूप से संवेदनशील माने जाने वाले प्याज की कमी और मूल्यवृद्धि को रोकना है।

एक शीर्ष सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी है। सरकार के अनुमानों के अनुसार, महाराष्ट्र, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश जैसे प्रमुख उत्पादक राज्यों में कम पैदावार के कारण दुनिया के सबसे बड़े प्याज निर्यातक के उत्पादन में 2023-24 में 16 प्रतिशत की गिरावट आने का अनुमान है। प्याज का उत्पादन दो करोड़ 54.7 लाख टन रहने की उम्मीद है। अ व स र आपूर्ति में व्यवधान से उत्पन्न होने वाली कीमतों में अस्थिरता को रोकने के लिए सरकार प्याज के 'स्वजीवन' (शेल्फ लाइफ) को बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर विकिरण प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की योजना बना रही है। खरे ने बताया, 'हम उपभोग क्षेत्रों के आसपास 50 विकिरण केंद्रों की पहचान कर रहे हैं। अगर हम सफल होते हैं, तो इस साल एक लाख टन तक विकिरण-प्रसंस्कृत प्याज का भंडारण कर पाएंगे।' मंत्रालय ने सरकारी एजेंसियों नैफेड और एनसीसीएफ से, जो इस साल बफर स्टॉक बनाने के लिए 5,00,000 टन प्याज खरीद रहे हैं, सोनीपत, ठाणे, नासिक और मुंबई जैसे प्रमुख खपत केंद्रों के आसपास विकिरण सुविधाओं की खोज करने को कहा है।

### भंडारण सुविधा बढ़ाने पर विचार

खरे ने कहा कि बफर स्टॉक के तेजी से परिवहन की सुविधा के लिए मंत्रालय प्रमुख रेल केंद्रों पर नियंत्रित वातावरण भंडारण सुविधाएं स्थापित करने पर भी विचार कर रहा है।

# ग्रासिम इंडस्ट्रीज का लाभ 15.54 प्रतिशत उछला



**नई दिल्ली।** आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड का जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 15.54 प्रतिशत बढ़कर 2,721.81 करोड़ रुपये हो गया। सीमेंट और वित्तीय सेवा व्यवसाय का मजबूत प्रदर्शन इसकी प्रमुख वजह रही। कंपनी का पिछले साल इसी अवधि में शुद्ध मुनाफा 2,355.67 करोड़ रुपये था। 2023-24 की चौथी तिमाही में परिचालन आय 12.74 प्रतिशत बढ़कर 37,727.13 करोड़ रुपये हो गई। यह वित्त वर्ष 2022-23 में 33,462.14 करोड़ रुपये थी। ग्रासिम इंडस्ट्रीज के एक बयान में कहा गया कि एकीकृत राजस्व 'अपने सर्वाधिक स्तर पर' है। समूचे वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी का शुद्ध लाभ 10.4 प्रतिशत घटकर 9,925.65 करोड़ रुपये रहा।

# इंडिगो इस साल शुरू करेगी 'बिजनेस श्रेणी' की सेवा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

- देश की सबसे बड़ी एयरलाइन है इंडिगो

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने इस साल व्यस्त हवाई मार्गों पर अपनी उड़ानों में 'बिजनेस श्रेणी' की सेवाएं शुरू करने की घोषणा की है। इंडिगो ने बृहस्पतिवार को बयान में इसकी जानकारी दी। विमानन कंपनी ने कहा कि अगस्त में उसकी 18वीं वर्षगांठ के आसपास इससे जुड़े ब्योरे और उद्घाटन की तारीख एवं मार्गों के बारे में बताया जाएगा।

इंडिगो ने कहा, 'भारत में व्यावसायिक यात्रा को फिर से परिभाषित करने के एक अभूतपूर्व कदम के तहत सबसे व्यस्त और व्यावसायिक मार्गों के लिए एक विशेष व्यावसायिक उत्पाद पेश करने की योजना की घोषणा की जा रही है।' इंडिगो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने बयान में कहा कि एयरलाइन लगातार नई सेवा पेशकशों पर विचार कर रही है। एल्बर्स ने कहा, भारत जिस तरह दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की तैयारी कर रहा है।



*अधिक विकल्प देना चाह रहे : सीईओ पीटर ने कहा, हम नए भारत को यात्रा व्यवसाय में चयन के अधिक विकल्प देना हमारा सौभाग्य है। हम इस नए दौर को लेकर रोमांचित हैं और लोगों एवं आकांक्षाओं को जोड़कर देश को पंख देना हमारी रणनीति एवं उद्देश्य है।*

## एमजी मोटर का 3000 ईवी आपूर्ति के लिए समझौता...



**नई दिल्ली।** एमजी मोटर इंडिया ने चरणबद्ध तरीके से विद्युतीकरण मंच वर्टेलो को 3,000 ईवी की आपूर्ति करने के लिए एक प्रारंभिक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस संबंध में दोनों ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। एमजी मोटर इंडिया ने एक बयान में कहा कि साझेदारी के तहत लोगों को टिकाऊ परिवहन समाधान प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। देश में एक मजबूत ईवी चार्जिंग बुनियादी ढांचे की स्थापना की दिशा में भी काम करेंगे। एमजी मोटर इंडिया के मुख्य वृद्धि अधिकारी गौरव गुप्ता ने कहा, 'एमजी इंडिया और वर्टेलो के बीच यह साझेदारी भारत के कार्बन मुक्त के साथ ही हरित तथा टिकाऊ भविष्य के लिए एक साझा दृष्टिकोण को दर्शाती है...' वर्टेलो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संदीप गंभीर ने कहा, 'करीब 3,000 इलेक्ट्रिक कार की खरीद के लिए एमजी मोटर इंडिया के साथ यह साझेदारी दोनों संगठनों के लिए बेड़े के विद्युतीकरण में तेजी लाने और शुद्ध शून्य उत्सर्जन हासिल करने के एक सामान्य लक्ष्य के साथ नए सफर की शुरुआत का प्रतीक है।'

# स्टरलाइट पावर पारेषण कारोबार अलग करेगी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली




- कंपनी को शेयरधारकों से मिली मंजूरी

स्टरलाइट पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड (एसपीटीएल) ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसे अपने बिजली पारेषण कारोबार को अलग करने के लिए शेयरधारकों की मंजूरी मिल गई है।

अलग किए गए पारेषण बुनियादी ढांचे को स्टरलाइट ग्रिड 5 लिमिटेड के तहत रखा जाना है जबकि स्वतंत्र वृद्धि रणनीतियों पर चलने के लिए वैश्विक उत्पाद एवं विशेष ईपीसी सेवाएं एसपीटीएल के तहत बनी रहेंगी। एसपीटीएल बिजली पारेषण से संबंधित बुनियादी ढांचा विकास और जीपीएस कारोबार से जुड़ी अग्रणी निजी कंपनी है। कंपनी ने बयान में कहा, स्टरलाइट पावर को पारेषण कारोबार एसपीटीएल से अलग करने के लिए हितधारकों की मंजूरी मिल गई है। इस प्रस्ताव पर सुरक्षित ऋणदाताओं से 100 प्रतिशत अनुमोदन जबकि असुरक्षित ऋणदाताओं से 99.26 प्रतिशत अनुमोदन मिला।

### दो अलग व्यवसाय होगा खड़ा

एसटीपीएल के प्रबंध निदेशक प्रतीक अग्रवाल ने कहा, 'हमारे हितधारकों का यह समर्थन कार्य विभाजन के पीछे के रणनीतिक तर्क को मान्यता देता है। यह अलग-अलग वृद्धि पथों के साथ भविष्य के लिए तैयार दो व्यवसाय बनाने की हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।'

## टॉप 500 रैंकिंग में भारतीय मूल के कुल 17 सीईओ शामिल

# सैलरी के मामले में दुनिया में दूसरे नंबर पर है निकेश अरोरा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

- द वॉल स्ट्रीट जर्नल ने जारी की सबसे अधिक वेतन पाने वाले सीईओ की सूची

भारतीय मूल के निकेश अरोड़ा 2023 में अमेरिका में सबसे अधिक वेतन पाने वाले सीईओ की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। वह पालो ऑल्टो नेटवर्क्स के सीईओ हैं और 2018 से साइबर सिक्योरिटी कंपनी पालो ऑल्टो नेटवर्क्स का नेतृत्व कर रहे हैं। वॉल स्ट्रीट जर्नल की 2023 में सबसे अधिक वेतन पाने वाले सीईओ की सूची के मुताबिक, निकेश अरोड़ा को 151.43 मिलियन डॉलर का कंपनसेशन मिला है। पालो ऑल्टो नेटवर्क्स में उनके कंपनसेशन में ज्यादातर स्टॉक ऑप्शन शामिल हैं।

### जानें जुकरबर्ग और पिचाई की कमाई

द वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के अनुसार, टॉप 500 रैंकिंग में भारतीय मूल के कुल 17 सीईओ हैं। मेटा के मार्क जुकरबर्ग ने 24.40 मिलियन डॉलर कमाए, जबकि भारतीय मूल के अल्फाबेट के प्रमुख सुंदर पिचाई ने 8.80 मिलियन डॉलर कमाए हैं।

### ब्रॉडकॉम के हॉक टैन टॉप पर

वहीं, ब्रॉडकॉम के हॉक टैन 162 मिलियन डॉलर की कमाई के साथ सबसे अधिक वेतन पाने वाले सीईओ की सूची में टॉप पर हैं। भारतीय मूल के अमेरिकी सीईओ में तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर माइक्रोन टेक्नोलॉजी के संजय मल्होत्रा (63वें, 25.28 मिलियन डॉलर), एनसिस के अजेय गोपाल (66वें, 24.63 मिलियन डॉलर) और वर्टेक्स फार्मास्यूटिकल्स की रेशमा केवलरमानी (118वें, 20.59 मिलियन डॉलर) हैं।



**इस लिस्ट में कई अन्य सीईओ भी शामिल**

इस लिस्ट में शामिल होने वाले अन्य में आईबीएम के अरविंद कृष्णा (123वें, 20.40 मिलियन डॉलर), एनफेज एनर्जी के बद्रीनारायण कोठंडारमन (135वें, 19.53 मिलियन डॉलर), लिंडे के संजीव लांबा (143वें, 9.20 मिलियन डॉलर), एमर्सन इलेक्ट्रिक के सुरेंद्रलाल करसनभाई (158वें, 18.32 मिलियन डॉलर), कैडेंस डिजाइन सिस्टम्स के अनिरुद्ध देवगन (172वें, 17.34 मिलियन डॉलर) शामिल हैं।

### दिल्ली की पब्लिक स्कूल से पढ़ाई की


अगर निकेश अरोड़ा के एजुकेशन और करियर की बात करें तो उन्होंने दिल्ली के एयर फोर्स पब्लिक स्कूल से पढ़ाई की है। निकेश अरोड़ा ने पहली बार गूगल में चीफ बिजनेस ऑफिसर के रूप में दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। उन्होंने 2014 में सॉफ्टबैंक के प्रमुख का पद कंपनसेशन लेकर छोड़ दिया था, जो जापान के लिए एक रिकॉर्ड पैकेज माना गया था।

*एडोब के सीईओ शांतनु दूसरे नंबर पर : एडोब के शांतनु नारायण दूसरे सबसे अधिक वेतन पाने वाले भारतीय मूल के सीईओ हैं, जो लिस्ट में 11वें स्थान पर हैं। शांतनु नारायण का जन्म और पालन-पोषण हैदराबाद में हुआ। वह 1998 में कंपनी में शामिल होने के बाद 2007 से एडोब के सीईओ हैं।*

### रिलायंस कैपिटल ने मांगा एनसीएलटी से और समय

**नई दिल्ली।** कर्ज में डूबी रिलायंस कैपिटल के प्रशासक ने कर्ज समाधान योजना लागू करने की समयसीमा 90 दिन आगे बढ़ाने की एनसीएलटी से मोहलत मांगी है। स्वीकृत समाधान योजना के कार्यान्वयन की समयसीमा 27 मई, 2024 तय की गई थी। रिलायंस कैपिटल के लिए हिंदुजा समूह की कंपनी आईआईएचएल ने सफल बोली लगाई थी। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि ऋणशोधन अक्षमता एवं दिवाला संहिता, 2018 की धारा 60(5) के तहत राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) से समयसीमा को 90 दिन के लिए बढ़ाने की अपील करने वाली एक अर्जी दाखिल की गई है।

# चारधाम यात्रा को सुगम बनाने के लिए उत्तराखंड सरकार ने उठाए बड़े कदम, अब तीर्थ यात्रियों के लिए पंजीयन होगा अनिवार्य



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

तीर्थ यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी समस्याओं का सामना न करना पड़ें इसलिए रजिस्ट्रेशन अनिवार्य किया गया है. उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने आदेश जारी किया है। उन्होंने तीर्थ यात्रियों से सहयोग की अपील की है। प्रदेश सरकार ने चारधाम यात्रा पर आने वाले सभी तीर्थयात्रियों के लिए पंजीकरण को अनिवार्य कर दिया गया है।

हरिद्वार और ऋषिकेश में ऑफलाइन पंजीकरण बंद कर दिए जाने से अब ऑनलाइन पंजीकरण के बाद ही श्रद्धालु चारधाम यात्रा पर आ सकते हैं। तीर्थ यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है ताकि उत्तराखंड आने वाले तमाम तीर्थ यात्रियों को अच्छी व्यवस्था के साथ चारो धामों के दर्शन हो सकें।

**यात्री वाहन को ट्रिप कार्ड जारी किया जाएगा**

शासन की ओर से जारी आदेश में यात्रियों को सलाह दी गई है कि पंजीकरण होने पर वे निर्धारित तिथि पर ही यात्रा पर आएं जिस धाम की यात्रा पर आ रहे हैं, उसी रूट पर जाएं. यात्रा कराने वाले टूर एवं ट्रेवल्स एजेंसियों से भी यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि यात्रियों ने पंजीकरण कराया है या नहीं। साथ ही यात्री वाहन को ट्रिप कार्ड जारी किया गया है या नहीं. शासनादेश में अपेक्षा व्यक्त की गई है कि सभी तीर्थयात्री यात्रा एडवाइजरी का पालन करते हुए शासन-प्रशासन को सहयोग करेंगे।

### बिना रजिस्ट्रेशन नहीं मिलेगी एंट्री

*उत्तराखंड की धामी सरकार चारधाम यात्रा पर देश-दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं की सुगम और सुविधाजनक यात्रा को लेकर अत्यंत गंभीर हैं। सुरक्षित और व्यवस्थित यात्रा के लिए अधिकारियों से लगातार समीक्षा बैठक कर रहे हैं। बुधवार को मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने अनिवार्य पंजीकरण का आदेश जारी किया है. शासनादेश में तीर्थयात्रियों से कहा गया है कि पंजीकरण के बाद ही यात्रा पर आएं बिना पंजीकरण के आने पर उन्हें बैरियर या चेक प्वाइंट पर रोका जा सकता है। ऐसा होने पर उन्हें भारी असुविधा का सामना करना पड़ेगा।*

## खबर संक्षेप

### संदिग्ध हत्यारे लश्कर आतंकी की संपत्ति कुर्क



**जम्मू।** चोटीपोरा का रहने वाला दहशतगर्द आबिद रमजान शोपियां में हुई सभी आतंकी वारदातों में शामिल बताया जा रहा है। दहशतगर्द आबिद लश्कर-ए-तैयबा का शीर्ष डिवीजनल कमांडर माना जा रहा है। सुरक्षाबलों ने भाजपा के पूर्व सरपंच एजाज अहमद शेख की हत्या में शामिल लश्कर-ए-ताइबा के एक संदिग्ध आतंकी के मकान को कुर्क कर लिया।

### शीर्ष अदालतों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा



**नई दिल्ली।** ताशकंद में भारत के मुख्य न्यायाधीश और उज्बेकिस्तान मुख्य न्यायाधीश के बीच बैठक हुई। इस बैठक में दोनों देशों की शीर्ष अदालतों के बीच आपसी सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर चर्चा की गई। ताशकंद में कई देशों की शीर्ष अदालतों के मुख्य न्यायाधीश एकत्रित हुए। दरअसल यहां शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के मुख्य न्यायाधीशों की बैठक का आयोजन किया गया है।

### कुपवाड़ा में आतंकी ठिकाना ध्वस्त



**कश्मीर।** उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने एक आतंकी ठिकाने को ध्वस्त करते हुए भारी संख्या में हथियार और गोला बारूद बरामद किया है। सैन्य जवानों को यह सफलता जिले के दर्दनार वन क्षेत्र में तलाशी अभियान के दौरान मिली है। पोस्ट के अनुसार, तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने एक आतंकी ठिकाने से रॉकेट प्रॉपपैल्ड ग्रेनेड, हैंड ग्रेनेड, पिस्तौल के साथ गोला बारूद और अन्य युद्ध जैसी सामग्री बरामद की है।

### इमरान खान फिर तैयार कर रहे हैं सियासी पिच!



**इस्लामाबाद।** जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट सरकार की ओर से पेश किए गए राष्ट्रीय जवाबदेही अध्यादेश में संशोधन को रद्द करने के अनुरोध संबंधी उनकी याचिका की सुनवाई के दौरान व्यक्तिगत तौर पर उपस्थिति की अनुमति देने का आग्रह किया है। इमरान खान ने मामले की सुनवाई का सीधा प्रसारण किए जाने का भी अनुरोध किया है।

### रूस की सेना में भ्रष्टाचार रिश्वतखोरी बढ़ी



**मास्को ।** रूस के सैन्य जनरल स्टाफ के एक उप प्रमुख को बड़े पैमाने पर रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। मीडिया में चली खबरों के बाद इस तरह की जानकारी सामने आई है। लेफ्टिनेंट जनरल वादिम शमारिन की गिरफ्तारी इस सप्ताह यूक्रेन में रूस के पूर्व शीर्ष कमांडर मेजर जनरल इवान पोपोव की रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तारी के बाद हुई है।

## ताइवान के नए राष्ट्रपति ने लोकतंत्र की रक्षा करने की कसम खाई

# चीन की धमकी: ताइवान का समर्थन करने वाले का हम 'सिर' फोड़ देंगे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

*चीन की सेना ताइवान की सीमा के पास बड़ा युद्धाभ्यास कर रही है, चीन की सेना ने ताइवान को चारों तरफ से घेर लिया है।*

चीन ने गुरुवार को कहा कि ताइवान की स्वतंत्रता का समर्थन करने वालों के 'सिर तोड़ दिए जाएंगे और खून बहेगा।' चीन ने कहा स्वशासित द्वीप ताइवान के आसपास उसके सैन्य अभ्यास का उद्देश्य 'गंभीर चेतावनी' देना है। ताइवान की नौसेना ने चीनी युद्धाभ्यास का चित्र साझा किया है। दरअसल, हाल ही में ताइवान के नए राष्ट्रपति लाई चिंग ने पद की सपथ ली है, इस दौरान उन्होंने अपने 30 मिनट के भाषण में चीन को जमकर चेतावनी दी थी। इस दौरान उन्होंने कहा था कि चीन अब ताइवान को धमकाना बंद कर दे। इस दौरान उन्होंने ताइवान जलडमरूमध्य में शांति बनाए रखने की बात कही थी और ताइवान में लोकतंत्र की रक्षा करने की कसम खाई थी, जिसके बाद चीन बौखला गया है।

### चीन ताइवान को अलग राष्ट्र की मान्यता नहीं देना चाहता

### चीन ने ताइवान के खिलाफ उठाए कदम



### चीन की घेराबंदी से बचाव के लिए ताइवान ने तैनात की सुपरसोनिक मिसाइल

*नई दिल्ली। चीन ने ताइवान को चारों तरफ से घेर रखा है। बचाव में उसने अपने तटों के पास सुपरसोनिक मिसाइलें तैनात कर दी हैं। उधर ताइवान में मौजूद अमेरिकी स्पेशल फोर्सेज के जवान हाई अलर्ट पर हैं। ऐसा कहा जा रहा है कि चीन संभवतः जून के शुरुआत में ताइवान पर घुसपैठ कर दे। आइए जानते हैं अभी क्या स्थिति है। चीन ने ताइवान के चारों तरफ घेराबंदी कर दी है। उसके इस मिलिट्री ड्रिल के चलते ताइवान में मौजूद अमेरिकी स्पेशल फोर्सेज हाई अलर्ट पर है। इतना ही नहीं ताइवान ने भी बचाव के लिए तटों के पास अपनी सुपरसोनिक एंटी-शिप मिसाइल एचएफ-3 तैनात कर दी है। आशंका ये जताई जा रही है ।*

**चीन ने ताइवान को दंड देने के लिए किया युद्धाभ्यास**

एएफपी की रिपोर्ट के मुताबिक, ताइवान कोस्ट गार्ड ने उत्तरी ताइवान के तट से दूर पेंगजिया द्वीप के उत्तर-पश्चिम का एक चित्र साझा किया है, जिसमें चीनी सैन्य जहाज नजर आ रही है. एएफपी ने बताया कि चीन ने युद्ध अभ्यास के तहत नौसेना के जहाजों और सैन्य विमानों से ताइवान को घेर लिया, जिसका उद्देश्य स्व-शासित द्वीप को दंडित करना था। क्योंकि ताइवान के नए राष्ट्रपति ने लोकतंत्र की रक्षा करने की कसम खाई थी।

### चीन ताइवान पर पूरी तरह से करेगा कब्जा: चीनी प्रवक्ता

*चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने ताइवान द्वीप के चारों ओर चीनी सैन्य अभ्यास को 'गंभीर चेतावनी' बताया है। उन्होंने कहा चीन जब ताइवान को पूरी तरह से अपने कब्जे में लेगा तो ताइवान की स्वंत्रता की मांग करने वालों के सिर तोड़ दिए जाएंगे। इस दौरान चारों तरफ सिर्फ खून बहेगा।*

*दरअसल, चीन हमेशा से ताइवान को चीन का अंग बताता आ रहा है। चीन ताइवान को कभी भी अलग राष्ट्र की मान्यता नहीं देना चाहता है। दूसरी तरफ ताइवान के लोग चाहते हैं कि चीन उसपर अपना अधिकार जताना बंद कर दे। अब चीन ने बगैर नाम लिए पूरी दुनिया को धमकी दी है।*

## 5 करोड़ की दी थी सुपारी

# दोस्त ने बांग्लादेशी सांसद की बेरहमी से कराई हत्या

### इलाज के लिए गए थे कोलकाता

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



बांग्लादेश के सांसद अनवरुल अजीम अनवर के मर्डर केस में सुपारी देकर हत्या करवाने का इनपुट मिला है। पश्चिम बंगाल की सीआईडी ने यह खुलासा किया है, लेकिन लाश मिलने तक कुछ भी कहने से इनकार भी किया है। अमेरिका में बैठकर कॉल किया, 5 करोड़ की सुपारी दी और अपना ही दोस्त मरवा दिया।

जी हां, भारत के कोलकाता शहर में बांग्लादेशी सांसद अनवरुल अजीम अनवर के मर्डर केस में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। सीआईडी की जांच में सच सामने आया है कि सांसद के एक दोस्त ने उसकी सुपारी दी थी।

वह अमेरिका का नागरिक, लेकिन कोलकाता में उसका एक फ्लैट है। वहीं रंजिशन हत्या की वारदात अंजाम देने की बात सामने आई है। बता दे कि बांग्लादेश के जो सांसद पिछले कई दिनों से रहस्यमय तरीके से लापता थे, उनका पता मिल गया है। बांग्लादेश से 12 मई को इलाज कराने के लिए कोलकाता पहुँचे मोहम्मद अनवारुल अजीम की हत्या कर दी गई है। सूत्रों से मिली खबर पर यकीन किया जाए तो बांग्लादेश की अवामी लीग के सांसद अनवारुल अजीम की 13 मई को ही कोलकाता के न्यूटाउन के एक फ्लैट में हत्या कर दी गई। हालांकि पुलिस को अभी तक सांसद अनवारुल अजीम का शव तो नहीं मिला लेकिन पुलिस का अंदाजा है कि उनकी हत्या के बाद उन्हें टुकड़े टुकड़े करके प्लास्टिक के छोटे छोटे बैग में भरकर कहीं फेंक गया है।

*सांसद अनवारुल अजीम की 13 मई को ही कोलकाता के न्यूटाउन के एक फ्लैट में हत्या कर दी गई*

### कोलकाता में फेंके लाश के टुकड़े

बांग्लादेश के गुमशुदा सांसद के बारे में सनसनीखेज खुलासा सामने आया है। बताया जा रहा है कि सांसद की हत्या के बाद उनकी लाश के टुकड़े किए गए और फिर उन टुकड़ों को प्लास्टिक के बैग में भरकर तीन दिनों तक कोलकाता के अलग अलग हिस्सों में फेंक दिए गए। हालांकि अभी तक हत्या का मकसद और पूरी साजिश के बारे में कुछ अता पता नहीं लगा है।

## 7 अक्टूबर का वीडियो जारी किया

# अभी भी हमास की कैद में 5 इजराइली महिला सैनिक



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

हमास के खिलाफ युद्ध के बीच इजराइल में बंधकों को छुड़ाने की मांग तेज होती जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार इजराइल के होस्टेज एंड मिसिंग फैमिली फोरम ने 7 अक्टूबर से जुड़ा एक नया वीडियो जारी किया है। इसमें हमास लड़ाके इजराइल की 5 महिला सैनिकों को बंधक बनाते दिख रहे हैं। ये महिलाएं गाजा बॉर्डर के पास नहल ओज बेस पर तैनात थीं। 3 मिनट के इस वीडियो में दिख रहा है कि हमास लड़ाकों ने सभी महिला सैनिकों के हाथ-पैर बांध रखे हैं। वे घायल हैं। उनके चेहरे से खून बह रहा है। हमास के लड़ाके उन्हें गाली देते भी दिखे। वीडियो लड़ाकों के बॉडी कैमरा से रिकॉर्ड किया गया है, जिसे इजराइली सेना ने बंधकों के परिजन को दिया था। लड़ाका बंधकों की तरफ देखकर कहता है कि ये महिलाएं बेहद खूबसूरत हैं।

## 68 देशों के नेता रहे मौजूद

# रईसी का अंतिम संस्कार, मशहद शहर में 30 लाख लोग जुटे



एजेंसी ▸▸ तेहरान

ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी का 19 मई की शाम एक हेलिकॉप्टर क्रैश में निधन हो गया। उन्हें कुछ ही देर में मशहद शहर के समन अल-हज्जाज अली बिन मूसा अल-रजा की शरीफ दरगाह के पास दफनाया जाएगा। मशहद शहर में ही रईसी का जन्म हुआ था। रईसी के शव को सुपुर्द-ए-खाक किए जाने से पहले उनकी अंतिम यात्रा में करीब 30 लाख लोग शामिल हुए हैं।

उनके हाथ में ईरान का झंडा और रईसी की तस्वीरें मौजूद हैं। रईसी के परिजन भी गुरुवार सुबह मशहद एयरपोर्ट पहुंचे। तुर्किये की न्यूज एजेंसी अनादोलु के मुताबिक, इस आयोजन में दुनिया भर से करीब 68 देशों के नेता-डिप्लोमैट्स भी रईसी को श्रद्धांजलि देंगे। इनमें भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शामिल हैं।

## मारपीट के वीडियो वायरल

# किर्गिस्तान में भारतीयों पर हमले छात्रों से सड़कों पर हो रही मारपीट





एजेंसी ▸▸ किर्गिस्तान

किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में 13 मई को मिस्र और अरबों के बीच लड़ाई के बाद हिंसा भड़क उठी है। किर्गिज लोग भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश के छात्रों को निशाना बना रहे हैं। उधर, बिश्केक स्थित भारतीय दूतावास ने बयान जारी कर कहा कि पिछले कुछ दिनों में एक अप्रिय घटना हुई है। यहां विभिन्न शहरों में करीब 17000 भारतीय छात्र हैं। इसके अधिकांश छात्र बिश्केक में रहते हैं। हिंसा का असर किर्गिस्तान में पढ़ रहे कुछ गुजराती छात्रों पर भी पड़ रहा है।

किर्गिस्तान में छात्रों पर हो रहे हमलों को लेकर ने बिश्केक में रहने वाली सूरत की स्टूडेंट रिया लाठिया से खास बातचीत की। रिया ने कहा हम हॉस्टल तो दूर, एयरपोर्ट भी नहीं छोड़ सकते। हमने सभी मंत्रियों को ट्वीट और मेल किया है लेकिन अभी तक किसी ने जवाब नहीं दिया है।

### स्थानीय छात्र हो रहे हैं हमलावर

सोशल मीडिया में विदेशी स्टूडेंट्स के साथ मारपीट के वीडियो। पिछले एक हफ्ते में हालात और बिगड़े रिया ने बताया किर्गिस्तान के बिश्केक में एक हफ्ते पहले चोरी जैसी मामूली घटना हुई थी, जिसमें छात्रों के बीच मारपीट हो गई। इसके बाद मारपीट का वीडियो स्थानीय सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। कहा जाने लगा कि विदेशों से लोग हमारे देश में आ रहे हैं और लोगों को मार रहे हैं, जिससे स्थिति बिगड़ी। स्थानीय छात्रों की पिटाई का मुद्दा गरमा गया ।

## ग्रुप जल्द ही कोई बड़ा आतंकी हमला करने की फिराक में था

# साजिश: पाकिस्तान में बैठे अबू को माना गुरु, श्रीलंका में ली ट्रेनिंग

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

गुजरात के अहमदाबाद से 4 आईएसआईएस आतंकियों के पकड़े जाने के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। सूत्रों की मानें तो जो चार आतंकी गिरफ्तार हुए हैं, उनमें से दो करीब 40 बार श्रीलंका से भारत आ चुके हैं। इतनी ही नहीं, वे भारत के कई शहर भी घूम चुके हैं। हालांकि, अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि किन-किन शहरों तक इन आतंकियों के कदम गए हैं। जांच एजेंसियां अब इसी चीज की खाक छान रही है। सूत्रों ने बताया कि गिरफ्तार आतंकी मोहम्मद नुशरथ और मोहम्मद नफरान कई बार भारत आ चुके हैं। एजेंसियों को शक है कि इन दोनों ने कई शहरों की रेकी की है। इन आतंकियों का पाकिस्तान कनेक्शन है। भारत द्वारा इजरायल के सपोर्ट किए जाने से ये आतंकी खासे नाराज हैं।



### आतंकी भारत के इस कदम से काफी नाराज हैं

*सूत्रों के मुताबिक, इन चारों आतंकियों ने इसी साल फरवरी में श्रीलंका में आत्मघाती हमले को अंजाम देने की पूरी ट्रेनिंग ली थी। जब से हमास के खिलाफ जंग लड़ रहे इजरायल को भारत ने सपोर्ट किया, तब से ही यह ग्रुप और अधिक एक्टिव हो गया। ये आतंकी भारत के इस कदम से काफी नाराज हैं। यही वजह है कि यह ग्रुप भारत में जल्द ही कोई बड़ा आतंकी हमला करने की फिराक में था। सभी आतंकियों को सारे आदेश पाकिस्तान में बैठे आईएसआईएस आतंकी अबू से ही मिल रहे थे। ये चारों आतंकी पाकिस्तान में बैठे अबू को अपना आमिर यानी गुरु मानते हैं और कसम भी खाई थी।*

### आतंकियों ने वीडियो में क्या किया?

*यह वीडियो भारत में आने से पहले का बताया जा रहा है, जिसमें ये आतंकी कसम खाते दिख रहे हैं। वीडियो में सभी आतंकी हाथों में हथियार और भारत में आतंकी हमला करने की एक साथ कसम खा रहे हैं। सूत्रों का दावा है कि इन आतंकियों के निशाने पर भाजपा और आरएसएस से जुड़े कुछ बड़े नेता थे। श्रीलंका और पाकिस्तान के आईएसआईएस आतंकी भारत में हमला करने की फिराक में थे। ये सभी आतंकी कोलंबो से चेन्नई आए थे। इसके बाद चेन्नई से इंडिगो की फ्लाइट पकड़कर अहमदाबाद पहुंचे थे। ये सभी प्रोटोन ऐप के जरिए पाकिस्तान में बैठे आतंकियों के संपर्क में थे।*

### पाकिस्तानी आतंकी से कनेक्शन

*जांच एजेंसी से जुड़े सूत्रों ने बताया कि आतंकी नुशरथ और नफरान पहले ड्रग्स और गोल्ड की स्मगलिंग करते थे। बाद में वे दोनों आतंकी संगठन आईएसआईएस से जुड़ गए। आतंकी नुशरथ को भारत में गोल्ड स्मगलिंग के मामले में भी गिरफ्तार किया जा चुका है। इन चारों आईएसआईएस आतंकियों के पाकिस्तान में बैठे आतंकी अबू से कनेक्शन हैं।*

## हीटवेव से बांग्लादेश थाईलैंड में 30 की मौत

# भारत समेत 7 देशों का तापमान 45 डिग्री पार

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दुनियाभर के कई देश इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में हैं। भारत, बांग्लादेश, पाकिस्तान, थाईलैंड, वियतनाम, माली और लीबिया में तापमान 45C पार जा चुका है। अमेरिका के नेशनल ओसियानिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन की रिपोर्ट के मुताबिक, कई देशों में रात में भी हीटवेव चल रही है।

मई में रात का औसत तापमान दिन की तरह बढ़ गया है। साउथ एशिया में हीटवेव की आशंका 45 गुना बढ़ गई है। उधर, पश्चिम एशिया (सीरिया, इजराइल, फिलिस्तीन, जॉर्डन, लेबनान) में यह 5 गुना बढ़ी है।



### पाकिस्तान- स्कूल बंद अस्पतालों में हाई अलर्ट

*बारिश और बाढ़ से परेशान रहे पाकिस्तान में अब लू चल रही है। मोहनजोदाड़ो में तापमान 48.5 डिग्री तक पहुंच गया है। यह सामान्य से 8 डिग्री ज्यादा है। यहां परीक्षाएं टाल दी गई हैं। 31 मई तक स्कूल बंद कर दिए गए हैं। अस्पतालों को हाई अलर्ट मोड पर रखा गया हैं।*

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक राजेश मीणा द्वारा अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी एल टॉवर, 3-ए, विद्याआश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जेएलएन मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं बी-66, कुसुम विहार, जगतपुरा, मालवीया नगर, जयपुर से प्रकाशित।
सम्पादक-राजेश मीणा, Email : sanjeevnitoday@gmail.com मो: 8094811115, (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)